राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 50, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली बुधवार 06 सितम्बर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334



**मुख्य अपडेट**

यह देश 140 करोड़ लोगों का है, किसी एक पार्टी का नहीं : केजरीवाल .... पेज 03

डॉ. दिनेश शर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का जताया .... पेज 05

स्टार एथलीट ने एक साल में तीन बार तोड़ा नियम, नाडा ने निलंबित किया .... पेज 07


## 20 से अधिक वैश्विक नेताओं का मोदी से वार्ता का आग्रह


### कूटनीतिक हितों को लेकर भारत सतर्क

नई दिल्ली। जी-20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पधार रहे 28 देशों के नेताओं में कम से कम 20 देशों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलने की इच्छा जताई है। लेकिन भारत की समस्या यह है कि पीएम को दो दिनों तक चलने वाली इस बैठक में कई सत्रों में हिस्सा लेना है।

#### इंतजाम की भी सीधी निगरानी

रात्रि भोज और दोपहर के भोजन के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रमों में भी पीएमको भाग लेना है और बीच-बीच में बाकी इंतजाम की भी सीधी निगरानी करनी है। ऐसे में मोदी के पास वक्त का अभाव है। इसके बावजूद कोशिश यह है कि ज्यादा से ज्यादा वैश्विक नेताओं और खासतौर पर भारत के रणनीतिक हितों के लिए जरूरी देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता का आयोजन हो। जी-20 में हिस्सा लेने वाले कई शीर्ष नेताओं से मोदी की हाल के महीनों में ही मुलाकात हुई, जिनके साथ दोबारा बैठक कराने को लेकर विदेश मंत्रालय बहुत उत्साहित नहीं है। मसलन आस्ट्रेलिया और जापान के प्रधानमंत्रियों के साथ मोदी की मई, 2023 में ही मुलाकात हुई है। इसी तरह से यूएई, इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका की सरकारों के प्रमुखों से भी पीएम की हाल के हफ्तों में ही मुलाकात हुई है। इन नेताओं के साथ भी पीएम की मुलाकात की संभावना कम है।

सऊदी अरब के प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ मोदी की मुलाकात जी-20 शिखर सम्मेलन के खत्म होने के अगले दिन यानी 11 सितंबर को होने की संभावना है। कूटनीतिक सूत्रों ने बताया कि भारत ने विशेष तौर पर जिन नौ राष्ट्रों को आमंत्रित किया है (बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मिस्त्र, मारीशस, नाइजीरिया, ओमान, सिंगापुर, नीदरलैंड और स्पेन) उनकी तरफ से मोदी से औपचारिक मुलाकात का आग्रह किया गया है।



## हर घर जल में कनेक्शनों की संख्या 13 करोड़, यूपी का काम सबसे तेज

नई दिल्ली। ग्रामीण आबादी को नल से जल उपलब्ध कराने के केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन ने मंगलवार को एक और प्रमुख पड़ाव पार कर लिया। मिशन के तहत उपलब्ध कराए गए कनेक्शनों की संख्या 13 करोड़ के पार पहुंच गई। हर घर जल योजना पर काम करने के लिहाज से उत्तर प्रदेश ने सबसे अधिक प्रगति की है।




अगस्त, 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए इस मिशन की शुरुआत के समय देश में गांवों में नल से जल के कुल कनेक्शनों की संख्या 3.23 करोड़ थी। अब तक छह राज्य गोवा, तेलंगाना, हरियाणा, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और तीन केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी, दमन दीव और अंडमान निकोबार अपने सभी ग्रामीण घरों को नल से जल कनेक्शन प्रदान कर चुके हैं।

बिहार (96.39) और मिजोरम (92.20) भी सौ प्रतिशत कवरेज की ओर बढ़ रहे हैं। जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़े के मुताबिक 145 जिलों में 1,86,818 गांवों में सभी घरों में टैप वाटर कनेक्शन दे दिए गए हैं। इस साल एक जनवरी से प्रतिदिन औसतन 87500 कनेक्शन दिए जा रहे हैं।

## 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर वोटिंग

### यूपी की घोसी सीट पर 49 प्रतिशत और त्रिपुरा की दोनों सीटों पर 80 प्रतिशत से ज्यादा वोट पड़े

नई दिल्ली। देश के 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए वोटिंग हुई। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, केरल, झारखंड और उत्तराखंड शामिल हैं, जहां 1-1 सीट पर चुनाव हुआ, जबकि त्रिपुरा की दो सीटों पर वोट डाले हए। नतीजे 8 सितंबर को आएंगे।

इन सीटों पर 5 बजे तक वोटिंग पर्सेंटेज के आंकड़े आ गए हैं। यूपी की घोसी सीट पर 49.42 प्रतिशत, बंगाल की धुपगुड़ी सीट पर 74.35 प्रतिशत मतदान हुए। त्रिपुरा की बॉक्सानगर पर 86.34 प्रतिशत और धनपुर सीट पर 81.88 प्रतिशत वोटर्स ने मतदान किया। चुनाव आयोग के मुताबिक, उत्तराखंड की बागेश्वर सीट पर 55.35 प्रतिशत मतदान हुआ। झारखंड की डुमरी में 5 बजे तक 64.84 प्रतिशत वोटिंग हुई है और केरल की पुथुपल्ली सीट पर 71.84 प्रतिशत वोट पड़े। घोसी और धनपुर सीट पर मौजूदा विधायकों के इस्तीफा देने की वजह से चुनाव हो रहे है। बाकी पांच सीटों पर मौजूदा विधायक का निधन होने के चलते चुनाव हो रहे हैं।



## जी-20 डिनर कार्ड पर 'दि प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखने पर विवाद

### विपक्ष एवं सत्तापक्ष में वाद विवाद आरंभ हो गया है

**नयी दिल्ली।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में जी-20 के अवसर पर राष्ट्रपति भवन द्वारा आयोजित रात्रिभोज के अंग्रेज़ी के निमंत्रण पत्र में इंडिया' नाम हटा कर 'भारत' लिखा गया है जिसे लेकर विपक्ष एवं सत्तापक्ष में वाद विवाद आरंभ हो गया है।


The President of Bharat
requests the pleasure of the company of
Shri Dharmendra Pradhan
at Dinner
on Saturday, September 09, 2023 at 2000 h

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने शनिवार नौ सितंबर को भारत मंडपम् में मल्टी फंक्शन हॉल में आयोजित रात्रिभोज के निमंत्रण पत्र को साझा किया जिसमें अंग्रेज़ी में दि प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। थरूर ने कहा, हालांकि भारत को 'भारत' कहने में कोई संवैधानिक आपत्ति नहीं है, जो देश के दो आधिकारिक नामों में से एक है, मुझे उम्मीद है कि सरकार इतनी मूर्ख नहीं होगी कि 'इंडिया' से पूरी तरह से छुटकारा पा ले, जिसकी सदियों से बनी बहुत बड़ी ब्रांड वैल्यू है। हमें इतिहास के उस नाम पर अपना दावा छोड़ने के बजाय दोनों शब्दों का उपयोग जारी रखना चाहिए, एक ऐसा नाम जिसे दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है। कांग्रेस के संचार विभाग के प्रमुख एवं सांसद जयराम रमेश ने कहा, तो ये खबर वाकई सच है। राष्ट्रपति भवन ने 9 सितंबर को जी20 रात्रिभोज के लिए सामान्य दि प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया' के बजाय 'दि प्रेसीडेंट ऑफ भारत' के नाम पर निमंत्रण भेजा है। अब संविधान में अनुच्छेद 1 को ऐसे पढ़ा जा सकता है- 'भारत, जो इंडिया था, राज्यों का एक संघ होगा।' लेकिन अब इस 'राज्यों के संघ' पर भी हमला हो रहा है।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा ने अपने ट्वीटर हैंडल में अपना परिचय, मुख्यमंत्री, असम, भारत' लिख लिया है। श्री शर्मा ने कांग्रेस नेता जयराम रमेश के ट्वीट के जवाब में लिखा, अब मेरी आशंका सच साबित हो गई है। ऐसा लगता है कि कांग्रेस पार्टी को भारत के प्रति सख्त नफरत है। ऐसा प्रतीत होता है कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन% नाम जानबूझकर भारत को हराने के उद्देश्य से चुना गया था।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए ट्वीटर पर कहा, गुलामी की मानसिकता पर एक और गहरी चोट.. जी20 समिट के दौरान राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले रात्रि भोज के निमंत्रण पत्र पर 'दि प्रेसीडेंट ऑफ भारत' लिखा जाना प्रत्येक देशवासी के लिए गौरव का क्षण है। भारत माता की जय!

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, हमें अपने 'भारत के राष्ट्रपति' - राष्ट्रपति भवन पर गर्व है। आइए भारत शब्द को भूल जाएं..

### वशेष संसद सत्र में हो जनता के मुद्दों पर चर्चा

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने कहा है कि संसद के विशेष सत्र में वह सरकार का गुणगान ही नहीं सुनेगी बल्कि जनता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की मांग करेगी और इसमें रचनात्मक भूमिका निभाएगी। लोकसभा में कांग्रेस के सदस्य गौरव गोगोई तथा कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जय राम रमेश ने मंगलवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा की कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी की अध्यक्षता में यह पार्टी की संसद की रणनीतिक समिति की बैठक हुई है जिसमें तय किया गया है कि पार्टी विशेष सत्र के दौरान जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दे उठाएगी और उन पर चर्चा की मांग करेगी। गोगोई ने बैठक का बुरा देते हुए बताया,आज सोनिया गांधी की अध्यक्षता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे के नेतृत्व में कांग्रेस संसदीय दल की रणनीतिक बैठक हुई।

### विरोधियों को भी मानता हूं अपना गुरु : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शिक्षक दिवस पर गुरुजनों को नमन करते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर नमन किया और कहा कि वह विरोधियों को भी अपना गुरु मानते हैं। गांधी ने पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा वह अपने कामों को लेकर विरोधियों की आलोचना से भी सीख लेते हैं और उन्हें भी अपना गुरु मानते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सभी गुरुजनों को मेरा सादर नमन। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि। गुरु का स्थान जीवन में बहुत ऊंचा होता है, जो आपके जीवन के मार्ग को प्रकाशित कर, सही दिशा में चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी, गौतम बुद्ध, नारायण गुरु जैसे महापुरुषों को गुरु मानता हूं, जिन्होंने हम सबको समाज में सर्वजन की समानता, और हर किसी के प्रति करुणा और प्रेम का ज्ञान दिया।

## गेल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर 50 लाख की घूस लेते गिरफ्तार

### सीबीआई ने केबी सिंह को दिल्ली से अरेस्ट किया, प्राइवेट कंपनी को गैस प्रोजेक्ट दे रहे थे

नोएडा। नोएडा से बड़ी खबर है। सीबीआई ने मंगलवार को गेल के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर केबी सिंह समेत 5 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने उन्हें दिल्ली में 50 लाख घूस लेते हुए पकड़ा। इसके अलावा वडोदरा की एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर के निदेशक सुरेंद्र कुमार और घूस देने वाले को भी गिरफ्तार किया गया है। ये बातें सूत्रों से पता चली हैं।

केबी सिंह पर आरोप है कि वह एक प्राइवेट कंपनी को Gas Project दे रहे थे। सोमवार देर रात सीबीआई ने केबी सिंह के नोएडा के सेक्टर- 72 में स्थित घर पर छापा मारा था।

सीबीआई उनके मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और बैंक अकाउंट को खंगाल रही है। फिलहाल, अभी भी छापेमारी जारी है। इस केस में दिल्ली, नोएडा और विशाखापत्तनम सहित कई स्थानों पर छापेमारी चल रही है। गौरतलब है कि गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड एक पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत आने वाली महारत्न कंपनी है। गेल की स्थापना 1984 में हुई थी और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह भारत के साथ-साथ विदेशों में भी कई प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है।



गेल की स्थापना केंद्र सरकार ने 1984 में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में की थी। इसको देश में गैस आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को स्थापित करने के लिए शामिल किया गया था। यह कंपनी न केवल व्यवसाय चलाने और लाभ उत्पन्न करने के लिए, बल्कि एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए बनाई गई थी।

यह देश में सबसे बड़ी सरकारी स्वामित्व वाली प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण और वितरण कंपनी है। इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। इसका मुख्य काम प्राकृतिक गैस, तरल हाइड्रोकार्बन, तरलीकृत पेट्रोलियम गैस ट्रांसमिशन, पेट्रोकेमिकल, सिटी गैस वितरण, अन्वेषण और उत्पादन, गेलटेल और बिजली उत्पादन है।

## 'सनातन' वाले बयान से नाराज 264 हस्तियों ने सीजेआई को लिखा पत्र

### तमिलनाडु सरकार पर कार्रवाई की मांग

तमिलनाडु के मंत्री और मुख्यमंत्री के बेटे उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए विवादित बयान का मामला तूल पकड़ता ही जा रहा है। अब देश के ऊंचे पदों पर रह चुके और जानेमाने प्रतिष्ठित नागरिकों ने सीजेआई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर उदयनिधि की हेट स्पीच पर संज्ञान लेने की अपील की है। सीजेआई को लिखे गए इस पत्र पर 264 लोगों ने साइन किए हैं जिनमें हाई कोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस, पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, पूर्व राजदूत, पुलिस अधिकारी और अन्य कई जानीमानी हस्तियां शामिल हैं।

#### पत्र में क्या की गई है मांग

सीजेआई को लिखे गए इस पत्र में कहा गया है कि तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान से सनातन धर्म में आस्था रखने वाले लोगों को चोट लगी है और उनमें रोष है। इस पत्र में शाहीन अब्दुल्ला बनाम भारत सरकार के केस का जिक्र करते हुए कहा गया है कि सुप्रीम कोर्ट ने ही देश में बढ़ते हेट स्पीच के मामलों को लेकर नाराजगी जताई थी और सरकार व पुलिस प्रशासन से बिना औपचारिक शिकायतों का इंतजार किए स्वत: संज्ञान लेने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अगर इन मामलों में देरी की गई तो स्थिति गंभीर भी हो सकती है। पत्र में आगे कहा गया, आप सनातन धर्म के महत्ता से अच्छी तरह परिचित हैं। हमारे देश का संविधान अपने इच्छा से पूजा करने और ईश्वर को मानने की स्वतंत्रता देता है। हम लोग उदयनिधि के बयान से बेहद चिंतित हैं। इस तरह का बयान भारत की एक बड़ी आबादी को चोट पहुंचाने वाला है और संविधान के मूल सिद्धांत को भी ठेस पहुंचाता है। तमिलनाडु की सरकार ने स्टालिन के खिलाफ कोई भी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया और उनके बयान का ही समर्थन करने लगी।



## अनुच्छेद 370 : सांसद लोन का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले की वैधानिकता को चुनौती देने के मामले में मुख्य याचिकाकर्ता नेशनल कॉन्फ्रेंस नेता मोहम्मद अकबर लोन ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को एक हलफनामा दायर किया जिसमें उन्होंने संसद सदस्य के तौर पर भारत के संविधान के प्रावधानों को संरक्षित करने और इसे बनाए रखने तथा राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता की शपथ दोहराई।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत की संविधान पीठ ने सोमवार को लोन को हलफनामा दायर कर अपना बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था।

अपने एक पन्ने के हलफनामे में लोन ने कहा मैं भारत संघ का एक जिम्मेदार और कर्तव्यनिष्ठ नागरिक हूं। मैं संसद सदस्य के रूप में शपथ लेते समय भारत के संविधान के प्रावधानों को संरक्षित करने और इसे बनाए रखने तथा राष्ट्र की क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करना के लिए ली गई शपथ को दोहराता हूं।

### मेरठ में प्रतिमा से भाला चोरी से सनसनी, प्रशासन की दलील चोरी नहीं हटाया गया है

मेरठ। मेरठ में स्पोर्ट्स सिटी चौराहे पर लगी विश्व विजेता एथलीट नीरज चोपड़ा की मूर्ति से भाला चोरी की चर्चा सारा दिन बनी रही। मंगलवार देर शाम जिला प्रशासन ने कहा कि भाला चोरी नहीं हुआ है बल्कि उसे मेरठ विकास प्राधिकरण (एमडीए) ने हटाया था। दरअसल, इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने इसका संज्ञान लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने पुलिस उपाधीक्षक किठौर को जांच सौंपी है। पुलिस ने जब इस मामले की जांच शुरू की और आसपास का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो वास्तविकता सामने आई। एमडीए ने स्पष्ट किया कि विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा की प्रतिमा के हाथो में प्लास्टिक का भाला लगाया गया था।

**आत्महत्याएं**

**अब सुपरवाइजिंग ऑफिसर पर एक्शन की तैयारी**

## 23 दिन में सीआरपीएफ के 10 जवानों ने किया सुसाइड

श्रीनगर। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के 10 जवानों ने बीते 23 दिनों में आत्महत्याएं की हैं। इसे लेकर अब टॉप लेवल पर कुछ बड़े फैसले लिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अब जहां पर इस तरह का मामला सामने आयगा वहां के सुपरवाइजिंग ऑफिसर पर एक्शन लिया जा सकता है। इसके तहत उनके एनुअल परफॉर्मेंस अप्रेजल रिपोर्ट पर असर पड़ेगा। सीआरपीएफ के जवानों और स्टाफ के बीच सुसाइड बीते कई सालों से चिंताजनक मामला रहा है। 2018 और 2022 के बीच फोर्स के 194 जवानों ने आत्महत्याएं की थीं।




आत्महत्या के 10 नए मामले सीआरपीएफ की अलग-अलग यूनिट्स से सामने आए हैं। इनमें विशेष विंग, नक्सल विरोधी यूनिट कोबरा, जम्मू-कश्मीर यूनिट्स के पुलवामा व श्रीनगर, असम, ओडिशा और झारखंड जैसी जगहें शामिल हैं।

इन आत्महत्याओं में विशिष्ट कोबरा फोर्स के एक इंस्पेक्टर लेवल के अधिकारी की मौत भी शामिल है। इस मामले को लेकर कई स्तरों पर चर्चा हुई है। हाल ही में चिंतन शिवर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस पर चिंता जताई थी।

### सुपरवाइजिंग ऑफिसर को लेनी होगी अधिक जिम्मेदारी

जवानों के बीच बढ़ती आत्महत्या दर को रोकने के लिए सुपरवाइजिंग ऑफिसर को अधिक जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, पर्यवेक्षण अधिकारी की वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट में भी ऐसी घटनाओं का जिक्र होगा। इससे उनका प्रमोशन प्रभावित हो सकता है। 2018 से 2021 के बीच सीआरपीएफ जवानों की आत्महत्या मामले में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2018 में 36 जवानों ने आत्महत्या की। 2019 में 40 जवानों ने सुसाइड किया। इसके अलावा, 2020 में 54 और 2021 में 57 ऐसे मामले सामने आए। 2022 में इसमें कुछ गिरावट दर्ज की गई, फिर भी यह संख्या 43 रही। इस साल 12 अगस्त से 4 सितंबर के बीच 10 जवानों ने आत्महत्याएं की हैं।

### जम्मू-कश्मीर और ओडिशा से सामने आए मामले

जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में 3 सितंबर को सीआरपीएफ के एक जवान ने अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मार ली थी। बिहार के रहने वाले बशित नारायण यादव ने रात करीब 11.45 बजे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनिहाल-काजीगुंड सुरंग के पास ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मार ली। शव को पोस्टमार्टम और अन्य कानूनी औपचारिकताओं के लिए उप-जिला अस्पताल बनिहाल भेज दिया गया। वहीं, ओडिशा के कंधमाल जिले के बालीगुडा में 127 सीआरपीएफ बटालियन में तैनात एक सिपाही ने अपने बैरक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सीआरपीएफ के मृतक सिपाही की पहचान रमेश सी.एल के रूप में की गई है।

## कार एवं ट्रक की टक्कर से चार लोगों की मौत

### टायर फटने पर ट्रक से टकराई कार, परिवार में अब सिर्फ 3 साल की बच्ची बची

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा से गुजर रहे अजमेर-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। मृतकों में माता-पिता और उनके बेटा-बहू शामिल हैं। 3 साल की बच्ची घायल है। परिवार में अब सिर्फ यही बच्ची बची है। पूरा परिवार नाथद्वारा में श्री नाथजी के दर्शन वापस अजमेर लौट रहा था। भीलवाड़ा के पुर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि मंगलवार सुबह 7 बजे पांसल के पास एक चलती हुई कार का अचानक से टायर फट गया। इस पर कार डिवाइडर से टकराने के बाद उछलकर सड़क के दूसरी तरफ गिरी और सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ गई। ट्रक की स्पीड काफी तेज होने से कार के परखच्चे उड़ गए। कार में सवार राधेश्याम पुत्र शिवलहरी खंडेलवाल, उनकी पत्नी शकुंतला देवी, बेटा मनीष व बहू याशिका की मौत हो गई। बेटा-बहू की 3 साल की बेटी किया और कार ड्राइवर मसूदा किशनपुरा निवासी विनोद पुत्र बछराज जाट घायल हो गए। दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। परिजनों के पहुंचने पर शवों का पोस्टमॉर्टम किया गया। मृतकों के परिजन संदीप शर्मा ने बताया कि मृतक राधेश्याम खंडेलवाल रिटायर्ड बैंक कर्मचारी थे और अभी डेयरी का संचालन करते थे। उसका बेटा मनीष खंडेलवाल, बहू याशिका व उनकी तीन साल की बेटी किया यूएस में रहते थे। इस समय राजस्थान में घर आए हुए थे। सोमवार रात को ये सभी श्रीनाथ जी के दर्शन करने के लिए अपने घर से निकले थे। लौटते समय यह दर्दनाक हादसा हो गया।



## शिवराज करेंगे सांची सोलर सिटी का लोकार्पण आज

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 सितम्बर बुधवार को देश की पहली सोलर सिटी साँची का लोकार्पण करेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार रायसेन जिले के साँची स्टेडियम में दोपहर 1 बजे से होने वाले कार्यक्रम में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री हरदीप सिंह डंग, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी, विधायक रामपाल सिंह सुरेन्द्र पटवा और देवेन्द्र पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह मीणा विशिष्ट अतिथि होंगे।



नई दिल्ली
बुधवार 06 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### विपक्षी एकता शब्द से घबराई भाजपा, इंडिया को भारत में बदलना चाहती है : स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रमुक अध्यक्ष एम.के.स्टालिन ने मंगलवार को कहा कि केंद्र में सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विपक्षी गठबंधन की ओर से नामित इंडिया शब्द से परेशान है और इंडिया को 'भारत' बदलना चाहती है।'एक्स' पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि भाजपा ने भारत को बदलने का वादा किया था। उन्होंने कहा, लेकिन हमें नौ साल बाद सिर्फ नाम बदलना देखने को मिला है! उन्होंने कहा कि अगले साल लोकसभा चुनाव के दौरान इंडिया भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा। उन्होंने कहा, फासीवादी भाजपा शासन को उखाड़ फेंकने के लिए गैर-भाजपा ताकतों के एकजुट होने और अपने गठबंधन को उपयुक्त नाम इंडिया देने के बाद, अब भाजपा इंडिया को भारत में बदलना चाहती है। स्टालिन ने कहा, भाजपा ने भारत को बदलने का वादा किया था, लेकिन हमें 9 साल बाद केवल नाम परिवर्तन मिला! उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि भाजपा 'इंडिया' नाम के एक शब्द से घबरा गई है क्योंकि वे विपक्ष के भीतर एकता की ताकत को पहचानते हैं। चुनाव के दौरान, इंडिया भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगा!

### विस भर्ती घोटाला मामले में नहीं हुई सुनवाई, अब 10 अक्टूबर की तिथि तय

नैनीताल। उत्तराखंड विधानसभा में तदर्थ नियुक्तियों में हुए घोटाले के मामले में मंगलवार को भी सुनवाई नहीं हो पायी। अब 10 अक्टूबर को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति पकंज पुरोहित की पीठ में आज इस मामले में सुनवाई तय थी लेकिन अदालत ने समयाभाव के चलते सुनवाई से इनकार कर दिया। हालांकि अदालत ने अंतिम सुनवाई से पूर्व याचिकाकर्ताओं और सभी पक्षकारों से जवाबी हलफनामा के संबंध में जानकारी ली। याचिकाकर्ताओं की ओर से अदालत को बताया गया कि इस मामले में सभी पक्षकारों और उत्तरदाताओं की ओर से शपथपत्र-प्रतिशपथ पत्र की औपचारिकता पूरी कर ली गयी है। याचिकाकर्ताओं की ओर से उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत कामत और विधानसभा की ओर से आनंद तिवारी पेश हुए। विधानसभा सचिवालय की ओर से लगभग 220 तदर्थ कर्मचारियों को पिछले साल नौकरी से निष्कासित कर दिया गया था। इन कर्मचारियों ने विधानसभा के इस कदम को चुनौती दी गयी है। अब इस मामले में अंतिम सुनवाई होनी है।

### 148 एकड़ भूमि खरीद मंजूरी

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुई उच्चाधिकार भूमि खरीद समिति की बैठक में चरखी दादरी, फरीदाबाद, हिसार, जींद और सिरसा में छह परियोजनाओं के लिये भू-मालिकों की सहमति से ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से 148 एकड़ भूमि खरीद को मंजूरी दी गई जिस पर लगभग 96 करोड़ रुपये की लागत आएगी। खट्टर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बंधित जिला उपायुक्तों के साथ बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें निर्देश दिए कि एक माह में इन जमीनों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें और इसके बाद प्रस्तावित परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं। बैठक में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ,ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह के अलावा, सम्बंधित जिलों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रस्तावित सरकारी परियोजनाओं के लिए अपनी जमीन देने पर सहमति जताने वाले भू-मालिकों ने भी हिस्सा लिया। बैठक में जींद में बरोदी, झांजकलां में नहर आधारित जलापूर्ति योजना के निर्माण हेतु 5.39 एकड़ भूमि खरीद को मंजूरी दी गई। इस वॉटर वर्क्स की क्षमता छह एलएलडी होगी। इसके अलावा, सिरसा जिले के रानियां गांव में भी वॉटर वर्क्स हेतु लगभग 35 एकड़ भूमि की खरीद को स्वीकृति दी गई।

### वाणिज्यिक कर विभाग का परामर्श शिविर 11 सितंबर को

**उदयपुर।** विकसित राजस्थान 2030 के संबंध में वाणिज्यिक कर विभाग उदयपुर संभाग का परामर्श शिविर 11 सितंबर को उदयपुर में आयोजित होगा। सीएम सर्कल स्थित आईसीएआई भवन में होने वाले इस परामर्श शिविर की तैयारी हेतु अतिरिक्त आयुक्त अशोक कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभाग से संबंधित विभिन्न हितधारकों को कार्यक्रम से जोडने हेतु विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधियों टैक्स अकाउन्टेन्टस एवं सलाहकारों को शिविर में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रतिभागियों से उनकी अपेक्षाएं, विचार एवं सुझाव आमंत्रित करने हेतु दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त आयुक्त ने बताया कि इस शिविर में वाणिज्यिक कर विभाग से संबंधित हितधारकों के साथ राजस्थान-मिशन 2030 के संबंध में गहन परामर्श किया जायेगा एवं प्राप्त उपयोगी सुझावों व महत्वपूर्ण बिन्दुओं को अपने विभाग से संबंधित राजस्थान-मिशन 2030 दस्तावेज के प्रारूप में सम्मिलित करने हेतु राज्य सरकार को प्रेशित किया जायेगा।

### मिशन-2030 को साकार करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शिक्षकों की राज्य सरकार के मिशन-2030 को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उनसे आह्वान किया है कि वे विद्यार्थियों को उच्च संस्कार देकर उनमें समाज सेवा की भावना विकसित करें। गहलोत मंगलवार को बिड़ला सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में एक से बढ़कर एक निर्णय किये हैं, जिससे राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि उन्नत और खुशहाल राजस्थान बनाने के लिए राज्य सरकार ने मिशन-2030 की शुरुआत की है, जिसमें शिक्षकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस मिशन के माध्यम से विजन डॉक्यूमेंट तैयार कर वर्ष 2030 तक देश के प्रथम राज्यों की पंक्ति में राजस्थान को शुमार करवाना हमारा ध्येय है। समारोह में 50 जिलों के 149 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उन्होंने सम्मानित शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके सम्मान में प्रकाशित 'शिक्षक सम्मान' पुस्तिका का विमोचन भी किया। साथ ही भोपाल में आयोजित 66वें राष्ट्रीय स्कूल टूर्नामेंट में व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले छह खिलाड़ियों का भी सम्मान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान अब काफी बदल चुका है। शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ ही प्रत्येक क्षेत्र में प्रदेश काफी आगे बढ़ा है।

### सनातन धर्म को मिटाने की सोच रखने वाले 2024 में खुद मिट जाएंगे : सुशील

पटना। बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने सोमवार को कहा कि 800 साल में जिस सनातन धर्म को मुगल शासक तलवार के जोर से और अंग्रेज तोप -तालीम की दोहरी ताकत से नहीं मिटा सके, उसे मिटाने में भ्रष्ट और वंशवादी दलों का गठबंधन कभी सफल नहीं होगा। मोदी ने आज बयान जारी कर कहा कि सनातन धर्म तो सदियों से है और रहेगा, लेकिन इसे मिटाने की मंशा रखने वाले दल 2024 के बाद अवश्य मिट्टी में मिल जाएँगे । उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन में शामिल द्रमुक-नेता उदय गिरि स्टालिन के सनातन धर्म विरोधी बयान के 48 घंटे बाद भी राहुल गांधी, लालू प्रसाद यादव और श्री नीतीश कुमार ने इस पर चुप्पी क्यों नहीं तोड़ी । भाजपा सांसद ने कहा कि क्या उदयगिरि के बयान पर बड़े नेताओं की चुप्पी सनातन धर्म को मिटाने के विपक्ष के अघोषित कॉमन मिनिमम प्रोग्राम का मौन समर्थन है । उन्होंन कहा कि उदयगिरि के बाद कर्नाटक के विधायक और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के पुत्र प्रियांक खडगे ने भी हिंदू धर्म को निशाना बनाते हुए टिप्पणी की है। ऐसे बयान एक धर्म के विरुद्ध असहिष्णुता और हेट-स्पीच है, इसलिए इस पर न्यायपालिका को स्वत संज्ञान लेना चाहिए। मोदी ने कहा कि जनेऊधारी राहुल गाँधी ने जो मोहब्बत की दुकान खोली है, उसमें हिंदुओं के लिए केवल नफरत मिलती है। उन्होंने कहा कि सावन में मटन खाने वाले लालू प्रसाद अब सिद्धि विनायक मंदिर जाएँ या बाबा हरिहर नाथ पर जल चढाएँ, उन्हें उनके राजनीतिक पापों की सजा अगले चुनाव में मिलेगी। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नये संसद भवन का मुँह नहीं देख पाएगा।

# सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

## कश्मीर में गिरोह ने 8 बेरोजगारों से 25 लाख ऐंठे

कुपवाड़ा। जम्मू कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा जिले में सेना में भर्ती कराने के नाम पर युवाओं से ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने पांच लोगों को अरेस्ट किया है। इस गिरोह ने उत्तरी कश्मीर के 8 बेरोजगार युवाओं से मिलिटरी इंजीनियरिंग सर्विसेज में नौकरी दिलाने के नाम पर 25 लाख रुपए की ठगी की थी। पुलिस ने बताया इस केस में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। आरोपियों के पास से गेटपास, लैपटॉप, डेस्कटॉप, नकली नियुक्ति पत्र, प्रिंटर और सेलफोन बरामद हुए हैं। पुलिस के मुताबिक 1 सितंबर को एक शिकायतकर्ता ने




बताया कि दूलीपोरा त्रेहगाम निवासी नाजिर अहमद खान नाम के एक व्यक्ति ने मिलिट्री इंजीनियरिंग सर्विसेज में भर्ती कराने के नाम पर उनके बेटे के साथ ठगी की। नाजिर ने फर्जी अपॉइंटमेंट लेटर दिखाकर उनके बेटे से 70 हजार रुपए ले लिए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज करके जांच शुरू की।

### खुद को कश्मीरी पंडित और एमईएस अफसर बताता था शकील

पुलिस के मुताबिक शकील अहमद मकरू ने अपना नाम राजू रखा था और वो खुद को कश्मीरी पंडित और रंगरेथ श्रीनगर में एमईएस अधिकारी बताता था। इसमें जहूर, फिरोज और नाजिर फील्ड एजेंट थे, जिनका काम बेरोजगारों को ढूंढना और उन्हें नौकरी का झांसा देना था। इनमें से शफकत अहमद शाह टेक्निकल एक्सपर्ट है। वो श्रीनगर में हेल्पलाइन एडवरटाइजिंग एजेंसी में काम करता था। उसका काम फर्जी दस्तावेज जैसे फेक अपॉइंटमेंट लेटर प्रिंट करना था। वो जिस जगह काम करता था वहीं ये सब डॉक्युमेंट्स प्रिंट करता था।

पुलिस ने नाजिर अहमद खान को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान नाजिर ने ऐसे गिरोह का खुलासा किया जो युवाओं को नौकरी का झांसा देकर ठगी करते थे। नाजिर ने जांच के दौरान अपने चार साथियों जहूर अहमद मीर, शकील अहमद मकरू, फिरोज अहमद खासु और शफकत अहमद शाह के नाम बताए, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार किया।

# शिक्षक छात्रों को हीरे की तरह तराशते हैं : सिन्हा

श्रीनगर। केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को शिक्षक दिवस पर कहा कि शिक्षक छात्रों को हीरे, जवाहरात और मोतियों की तरह तराशता है। श्रीनगर में मंगलवार को शिक्षक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उपराज्यपाल ने शिक्षक को रत्नविज्ञानी बताते हुये कहा कि वह विविध प्रतिभाओं वाले हीरों को परखता है और उन्हें तराशता है। उपराज्यपाल ने कहा, शिक्षक एक जौहरी है और बहुमूल्य रत्नों को सही आकार और चमक देता है। उन्होंने कहा, शिक्षक एक साथ कई भूमिकाएं निभाता है। वह एक खोजकर्ता है जो छात्रों को हीरे,



जवाहरात और मोतियों की तरह तराशने का काम करता है। उपराज्यपाल ने समारोह के दौरान घाटी से पुरस्कार विजेता शिक्षकों को भी सम्मानित किया। उन्होंने कहा, शिक्षक इस दुनिया का सबसे बड़ा क्रांतिकारी और साहसी व्यक्ति है। वह बाधाओं, पुरानी पद्धतियों को तोड़कर बच्चों को एक नया आकार, एक नई दिशा, एक नया संकल्प देता है और बच्चों के मन में नई सोच जगाता है।

# आपदा को अवसर बनाकर कमाई करने वालों पर हो कार्रवाई : सैलजा


चंडीगढ़। कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कोरोना की पहली और दूसरी लहर के दौरान राज्य में आवश्यक साजो-सामान की खरीद में हुये कथित घोटालों की उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से या स्वतंत्र आयोग गठित कर जांच कराने की मांग की है। सैलजा ने मंगलवार को यहां जारी एक बयान में दावा किया कि मॉस्क, दवाएं, ऑक्सीमीटर की खरीद में घोटाले हुये हैं लेकिन इन्हें अंज़ाम देने वालों के खिलाफ आज तक न तो कोई जांच हुई और न ही कार्रवाई की गई। उन्होंने राज्य की भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार पर घोटाले में संलिप्त लोगों संरक्षण देने का आरोप लगाया। ऐसे में इन कथित घोटालों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश या एक स्वतंत्र आयोग गठित कर की जानी चाहिये। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अपने स्तर पर कमेटी गठित कर जो भी जांच कराई , उसका किसी को कोई पता नहीं कि क्या हुआ। इसी तरह शराब घोटाले सहित अनेक घोटालों की जांच रिपोर्ट सरकार की अलमारी में बंद है। कांग्रेस नेता ने कहा कि ताजा घोटाला खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज में सामने आया है।

# सूर्य मिशन : आदित्य-एल1 दूसरी कक्ष में स्थापित

चेन्नई। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने मंगलवार को घोषणा की कि भारत के पहले सूर्य मिशन आदित्य-एल1 को पृथ्वी से जुड़ी दूसरी कक्ष (ईबीएन 2) में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया गया है।

इसरो ने कहा कि आदित्य-एल1 का अगला कक्ष 10 सितंबर को भारतीय समयानुसार लगभग दो बजकर 30 मिनट पर बदला जायेगा। इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस बदलाव के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया और इसकी पूरी जानकारी दी।

इसरो ने कहा कि मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर में इस्ट्रैक/इसरो के




ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया तथा नयी कक्ष 282 किमी गुणा 40225 किमी प्राप्त की। एक अपडेट में इसरो ने पोस्ट किया, आदित्य-एल1 मिशन- दूसरा पृथ्वी-बाउंड कक्ष बदलने का काम (ईबीएन-2) आईएसटीआरएसी, बेंगलुरु से सफलतापूर्वक किया गया है। मॉरीशस, बेंगलुरु और पोर्ट ब्लेयर के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया।

अंतरिक्ष यान को दो सितंबर को एसएचएआर रेंज से लॉन्च किया गया था और यह सौर क्षेत्र की चार महीने की 15 लाख किमी लंबी यात्रा पर निकला है।

चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के बाद इसरो ने दो सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से देश का पहला सौर मिशन आदित्य-एल1 लॉन्च किया था। इस मिशन के तहत यान में सूर्य का विस्तृत अध्ययन करने के लिए सात अलग-अलग पेलोड भेजे गए हैं, इसमें से चार सूर्य से प्रकाश का निरीक्षण करेंगे और अन्य तीन प्लाज्मा तथा चुंबकीय क्षेत्र के इन-सीटू मापदंडों को मापेंगे।

आदित्य-एल1 सूर्य के व्यापक अध्ययन के लिए समर्पित एक उपग्रह है, जो सूर्य के बारे में अज्ञात तथ्यों का पता लगाएगा। उपग्रह 16 दिनों तक पृथ्वी की कक्षाओं में यात्रा करेगा इस दौरान इसे अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए आवश्यक गति प्राप्त करने के लिए पांच प्रक्रियाओं से गुजरना होगा। इसके बाद आदिया-एल1 कई कक्षाओं से गुजरेगा जिसमें 110 दिन लगेंगे। उपग्रह एल-1 बिंदु तक पहुंचने के लिए लगभग 15 लाख किलोमीटर की यात्रा करेगा।

# केंद्र सरकार 17 सितंबर को 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' मनाएगी : किशन रेड्डी

हैदराबाद। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री एवं तेलंगाना भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि पिछले वर्ष की तरह केंद्र सरकार 17 सितंबर को राज्य में भव्य तरीके से 'तेलंगाना मुक्ति दिवस' मनाएंगी।

कवाडीगुडा में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए रेड्डी ने देश की आजादी के 75वें वर्ष के अवसर पर राष्ट्रीय नायकों को सम्मानित करने के महत्व पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, पिछले साल 17 सितंबर को हमने तेलंगाना मुक्ति दिवस मनाया था। गत 13 से 15 अगस्त तक हमने हर घर तिरंगा कार्यक्रम मनाया। इसी भावना में, अब



हम 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम प्रस्तुत करते हैं। रेड्डी ने कहा कि एक सितंबर को आयोजित द लैंड व्हेयर आई वाज़ बॉर्न, द लैंड दैट गिव बर्थ टू मी नामक कार्यक्रम को स्वतंत्रता सेनानियों और राजाकारों के खिलाफ खड़े लोगों के योगदान को याद करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने हर गांव के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों से देश के लिए सैनिकों और सुरक्षा कर्मियों के बलिदान को याद रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, एकता के प्रतीक के रूप में हम प्रत्येक घर से एक कलश में एक मुट्ठी मिट्टी और एक मुट्ठी चावल इकट्ठा करने की योजना बना रहे हैं। यह पहल सभी गांवों में की जानी चाहिए। सितंबर में हम मंडल केंद्रों, जिला केंद्रों और राज्य की राजधानी में विशेष कार्यक्रमों द्वारा हर गांव से पवित्र मिट्टी इकट्ठा करेंगे।

रेड्डी ने अमृता स्तूप की स्थापना के साथ-साथ कर्तव्यपथ (अमृत पार्क) में युद्ध स्मारक के बगल में एकत्रित मिट्टी के लगभग 7,500 बर्तनों में 75 हजार पौधे लगाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, यह कार्यक्रम भारत भूमि में जन्म लेने के हमारे विशेषाधिकार की याद दिलाता है।

## डुमरी विधानसभा उपचुनाव में मतदान शांतिपूर्ण समाप्त

रांची। झारखंड के डुमरी विधानसभा उपचुनाव के लिए आज सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ और शाम पांच बजे समाप्त हो गया और इस दौरान 63.75 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय सूत्रों ने आज यहां बताया कि इस उप चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण समाप्त हो गया है और कहीं से किसी गड़बड़ी की अभी तक सूचना नहीं है। सूत्रों ने बताया कि मतदान समाप्त होने तक 63.75प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस विधानसभा उपचुनाव में झामुमो और आजसू सहित कुल छह उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई। इस क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 298629 है ।

## ईडी ने नुसरत जहां को जारी किया समन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता व अभिनेत्री नुसरत जहां को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने समन जारी किया है, जिसमें एक रियल एस्टेट फर्म के साथ उनके कथित संबंध में 12 सितंबर को जांच अधिकारियों



के सामने पेश होने के लिए कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी ने सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह को भी उसी तारीख को सुबह 11 बजे तलब किया है। यह समन वरिष्ठ नागरिकों के एक समूह द्वारा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में शिकायत दर्ज कराने के बाद हुआ, जिसमें रियल एस्टेट फर्म सेवन सेंस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप लगाया गया था। इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लि. ने शहर के उत्तरपूर्वी हिस्से में न्यू टाउन इलाके में फ्लैट देने का वादा करके धोखाधड़ी की। कथित वंचित घर खरीदारों से शिकायतें मिलने के बाद, ईडी ने अपनी ओर से इस मुद्दे पर एक प्रवर्तन मामला सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) दायर की। केंद्रीय एजेंसी को मिली शिकायतों के अनुसार, फर्म ने कथित तौर पर निवेशकों से चार साल के भीतर आवासीय फ्लैट देने का वादा करके कई करोड़ रुपये एकत्र किए लेकिन वो वादे अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। उत्तर 24 परगना में बशीरहाट लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली टॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत जहां ने दो अगस्त को कोलकाता के प्रेस क्लब में एक मीडिया सम्मेलन में कहा था, मैं किसी भी गलत काम या किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी में शामिल नहीं हूं। मैंने बहुत पहले मार्च 2017 में इस कंपनी के निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया था। मुझे नहीं पता कि मुझ पर झूठा आरोप क्यों लगाया जा रहा है।

# पर्यटकों के स्वागत के लिए हिमाचल तैयार, हवाई सेवाएं भी उपलब्ध

शिमला। देश का प्रसिद्ध पर्यटन गंतव्य हिमाचल प्रदेश एक बार फिर पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक अमित कश्यप ने बताया कि पर्यटक कसौली, शिमला, चायल, नारकंडा और किन्नौर जैसे खूबसूरत पर्यटन गंतव्यों की यात्रा और भ्रमण कर सकते हैं। इन पर्यटन गंतव्यों के लिए सड़क मार्ग खुले हैं और कोई भी इन गंतव्यों की सुरक्षित यात्रा कर सकता है। उन्होंने बताया कि कांगड़ा घाटी, धर्मशाला, मैक्लोडगंज, पालमपुर, डलहौजी, खज्जियार और चम्बा के भ्रमण के लिए भी सड़क मार्ग खुले हैं। पर्यटक वर्तमान सीजन में राज्य के अधिकांश होटलों में विशेष छूट की सुविधा का लाभ भी उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में पर्यटन क्षेत्र का योगदान 7 प्रतिशत है। इसके अलावा, पर्यटन क्षेत्र राज्य में कुल रोजगार में लगभग 14.42 प्रतिशत प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार का योगदान देता है।

# सड़क किनारे अतिक्रमण मामले में हाईकोर्ट से नहीं मिली राहत

**नैनीताल।** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच), राज्य मार्ग के किनारे वन भूमि और सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाये जाने के खिलाफ अदालत पहुंचे तीन याचिकाकर्ताओं को मंगलवार को कोई राहत नहीं दी। अदालत ने प्रशासन को उनके प्रत्यावेदन पर रोड साइड कंट्रोल एक्ट के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

दरअसल मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ ने पिछले महीने 26 अगस्त को एक आदेश जारी



कर प्रदेश भर में एनएच, राज्यमार्गों के साथ ही सड़कों के किनारे वन भूमि और सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के साफ साफ निर्देश सभी जिलाधिकारियों को दिये थे।

अदालत ने इसके लिये चार सप्ताह का समय दिया था और सभी को अनुपालन रिपोर्ट वीडियो रिकार्डिंग और फोटोग्राम के साथ अदातल में सौंपने के निर्देश दिये थे। इसके बाद सभी जिलों में प्रशासन हरकत में आ गया।

इसके बाद सभी जिलों में प्रशासन ने एसडीएम और अन्य अधिकारियों की अगुवाई में अतिक्रमण चिन्हित करने और हटाने के लिये पृथक कमेटी बना दी। वन भूमि पर बने कुछ अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्यवाही भी की गयी। युगलपीठ के इस आदेश के खिलाफ आज भीमताल के सुरेश सिंह नेगी और उत्तरकाशी निवासी बलबीर सिंह और ओमप्रकाश लोग अदालत पहुंचे और प्रशासन के आदेश को चुनौती दे डाली। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वह वर्षों से संबद्ध भूमि पर काबिज हैं और प्रशासन उनका पक्ष सुने बगैर उन्हें हटाने में लगा है। याचिकाकर्ताओं की ओर से प्रशासन के कदम पर रोक लगाने की मांग की गयी। अदालत ने याचिककर्ताओं की मांग को खारिज कर दिया। साथ ही जिला प्रशासन को याचिकाकर्ताओं के प्रत्यावेदन पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दे दिये।

# शिक्षक दिवस : राज्यपाल ने 16 शिक्षकों को किया सम्मानित

**शिमला।** शिक्षक दिवस के अवसर पर हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में 14 शिक्षकों को राज्य पुरस्कार से और वर्ष 2022 के लिए दो शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर लेडी गवर्नर जानकी शुक्ल ने सभी पुरस्कार विजेताओं को पौधे और चित्र भी भेंट किये।

पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के सम्मान में उनकी जन्म जयंती देश भर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाई जाती है। राज्यपाल ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक ईमानदार व्यक्तित्व, महान दार्शनिक, प्रख्यात शिक्षाविद् और सक्षम प्रशासक थे।

उन्होंने कहा कि उनके विचार भारतीय



संस्कृति से गहरे से जुड़े हुए हैं और भारतीय परंपरा से जुड़ी शिक्षा को देश में दोबारा लागू किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आगामी 25 वर्षों को अमृत काल कहा है। उन्होंने कहा कि इस अमृत काल में हमें किसी न किसी रूप में देश के विकास में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही भावी पीढ़ी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने में सक्षम बना सकते हैं।

उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज कई युवा नशे की गिरफ्त में हैं, जो देश के भविष्य के लिए चिंता का विषय है। नशे के विरूद्ध जन अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि स्कूलों, कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए और उनकी ऊर्जा को समाज निर्माण में लगाने में शिक्षक अहम भूमिका निभा सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा का आधार बच्चे को अच्छा इंसान बनाना होना चाहिए।

## चोरी और लूट के करीब दो करोड़ के मोबाइल फोन बरामद

समस्तीपुर। बिहार में समस्तीपुर पुलिस ने मिशन अरुणोदय के तहत अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर पिछले आठ महीने में करीब एक करोड़ 88 लाख रुपये मूल्य के चोरी और लूट के कुल 721 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी ने मंगलवार को यहां बताया कि पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर चोरी और लूट के मोबाइल फोन बरामदगी के लिए समस्तीपुर में पिछले जनवरी से मिशन अरुणोदय की शुरुआत की गई थी। इसके तहत जिले भर मे अलग-अलग मोबाइल फोन रिकवरी टीम बनाई गई। तिवारी ने बताया कि इस अभियान के तहत पिछले आठ महीने में पुलिस ने लूट, चोरी एवं गुम हुए 721 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। बरामद मोबाइल फोन की कीमत एक करोड़ 88 लाख रुपये से अधिक बताई गई है।

# हैदराबाद में बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

एजेंसी

हैदराबाद। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में करंट लगने से तीन लोगों की मौत हो गई।

पहली घटना में, मनचेरियल जिले में एक व्यक्ति और उसके बेटे की बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। पीड़ितों की पहचान ए. राजेंदर (50) और उनके बेटे अंजी (17) के रूप में हुई।

राजेंद्र एक सीमेंट कंपनी में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम करता था और अपनी शिफ्ट के बाद शाम को घर लौटा था। तौलिया लेते समय उसे बिजली का झटका लगा और वह गिर गया। तौलिया लोहे के तार पर लटका हुआ था जो खिड़की के पास लगे कूलर के क्षतिग्रस्त तार के संपर्क में आ गया।

अपने पिता को बचाने की कोशिश में अंजी भी करंट की चपेट में आ गया, उन्हें स्थानीय सरकारी अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दूसरी घटना में सिद्दीपेट जिले के इंदिरानगर में एक सरकारी शिक्षक की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। पीड़ित की पहचान निरंजन (38) के रूप में हुई, जो उसी दिन अपनी शादी का रिसेप्शन मनाने वाला था। दुख की बात है कि सुबह-सुबह लगभग चार बजे, अपने मोबाइल फोन पर बात करते समय बिजली के तार के संपर्क में आ गया और करंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई।

निरंजन जेडपी हाई स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत थे और दो सितंबर को उनकी शादी हुई थी।

पुलिस के मुताबिक दोनों मामलों की जांच शुरू कर दी गई है।

## शार्ट न्यूज

### सोमनाथ भारती ने विभिन्न विभागों सहित हरियाणा के फ्लड विभाग के साथ की समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए दिल्ली जल बोर्ड मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निर्देश में युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। ताकि 2025 तक स्वच्छ यमुना का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने विभिन्न विभागों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए किया जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस बैठक में हरियाणा सरकार के सिंचाई एवम बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने बताया कि यमुना एक्शन प्लान-3 और क्लीन यमुना मिशन के तहत नालों को ट्रेप करने, नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स का निर्माण, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट्स को अपग्रेड करने और सीवर नेटवर्क का विस्तार करने जैसे काम तेजी से किए जा रहे है। इन प्रयासों के नतीजे काफी उत्साहजनक है। सोमनाथ भारती ने अधिकारियों को यमुना को स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से साफ किए जा रहे नजफगढ़ ड्रेन ( साहिबी नदी) में गिरने वाले सीवर के गंदे पानी पर 31 दिसंबर तक रोक लगाने के सख्त निर्देश दिए। नजफगढ़ ड्रेन में 126 स्थानों से गिरने वाले सीवर के पानी के स्रोत को ट्रैक करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड, एमसीडी पीडब्ल्यूडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा जल्द ही संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा। इस बैठक में सैद्धांतिक तौर से इस फैसले को मंजूरी दी गई कि सीवर नेटवर्क वाले क्षेत्रों के सीवर का गंदा पानी अब नजफगढ़ ड्रेन में नहीं गिराया जाएगा।

### मसाज पार्लर चलवाने की आड़ में मांगे 20 हजार

गाजियाबाद। गाजियाबाद में मसाज पार्लर की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने के नाम पर पुलिस के द्वारा 20 हजार रुपए मांगने का एक वीडियो सामने आया है। ये वीडियो स्टिंग के तौर पर बनाया गया। वीडियो सामने आने के बाद डीसीपी ने कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। पूरे प्रकरण की जांच एसीपी को सौंपी गई है। वीडियो में एक व्यक्ति मसाज पार्लर खोलने के लिए खोड़ा थाने के सब इंस्पेक्टर देशराज से बातचीत कर रहा है। ये व्यक्ति कहता है कि हमें मसाज पार्लर खोलना है और उसके अंदर सारे धंधे होंगे। बाहर से किसी को कुछ पता नहीं चलेगा कि अंदर क्या हो रहा है। बस आपकी परमिशन चाहिए। दरोगा कहता है कि अगर आसपास के लोग शिकायत करेंगे, ट्वीट करेंगे तो हमें कार्रवाई करनी ही पड़ेगी। इस पर डील कर रहे व्यक्ति ने जवाब दिया कि इंदिरापुरम, वैशाली क्षेत्र में हमारे मसाज पार्लर पहले से चल रहे हैं। खोड़ा क्षेत्र में हम नया मसाज पार्लर शुरू करना चाहते हैं। इसके लिए हम 10 हजार रुपया महीना देंगे। दरोगा ने कथित तौर पर 20 हजार रुपए का इशारा किया। जिसके बाद युवक ने बढ़ाकर 15 हजार रुपए के लिए हां कर दी। इस पूरी वीडियो में दरोगा के साथ एक कांस्टेबल भी खड़ा हुआ है। ये वीडियो स्पाई कैमरा लगाकर स्टिंग ऑपरेशन के तौर पर शूट किया गया है। डीसीपी शुभम पटेल ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए थाना खोड़ा पर तैनात सब इंस्पेक्टर देशराज को सस्पेंड कर दिया है। इस केस की जांच एसीपी स्तर के अधिकारी को दी गई है। जांच में आरोप पुष्ट होते हैं तो अन्य विभागीय कार्रवाई भी होगी।

### नोएडा प्राधिकरण की बड़ी लापरवाही

नोएडा। नोएडा प्राधिकरण के नियोजन विभाग की एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। एक मामले में उच्चतम न्यायालय ने केंद्रीय सहकारी आवास समिति को सेक्टर-43 में जमीन देने का आदेश दिया, जबकि प्राधिकरण ने इस मामले में जमीन देने के लिए सेक्टर-42 के संशोधित ले आउट प्लान को मंजूरी के लिए बोर्ड बैठक में रख दिया। अब लापरवाही उजागर होने पर नए सिरे से सेक्टर-43 का ले आउट प्लान तैयार किया जा रहा है। इसको अगली बोर्ड बैठक में मंजूर कराया जाएगा। उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद नियोजन विभाग की ओर से 12 अगस्त 2023 को हुई बोर्ड बैठक में सेक्टर-42 का संशोधित ले आउट प्लान मंजूरी के लिए रखा गया। इसमें बताया गया कि न्यायालय के आदेश के तहत केंद्रीय कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति को भूखंड संख्या-जीएच-01, सेक्टर-42 में 60 हजार वर्ग मीटर जमीन आरक्षित कर दी गई है। इस सेक्टर में 12 और 24 मीटर की चौड़ी सड़कों के प्रावधान के साथ 350 और 450 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के बड़े आवासीय भूखंडों को नियोजित किया गया है। बोर्ड बैठक के बाद प्राधिकरण ने प्रेस रिलीज जारी करते हुए बताया कि सेक्टर-42 के संशोधित ले आउट प्लान को मंजूरी की जानकारी दी। अब इस मामले में नियोजन विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उच्चतम न्यायालय ने जो आदेश जारी किया था उसमें साफ तौर पर सेक्टर-43 में समिति को जमीन देने को कहा गया है जबकि प्राधिकरण के नियोजन विभाग ने सेक्टर-42 का संशोधित ले आउट प्लान का प्रस्ताव रख दिया गया।

# यह देश 140 करोड़ लोगों का है, किसी एक पार्टी का नहीं : केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इंडिया गठबंधन से इतना बौखला गई है कि देश का नाम तक बदल देना चाहती है अगर हमने अपने गठबंधन का नाम बदल कर भारत रख लिया तो क्या ये भारत नाम भी बदल देंगे ? केजरीवाल ने मंगलवार को संसद के विशेष सत्र में इंडिया का नाम भारत किए जाने को लेकर प्रस्ताव लाने जाने की संभावना पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब देते हुए कहा मेरे पास इस संबंध में कोई आधिकारिक सूचना नहीं है। लेकिन ऐसी उड़ती हुई बातें सुनी है।

कहा जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि कई सारी पार्टियों का एक गठबंधन बना है, जिसका नाम इंडिया है। देश तो 140 करोड़ लोगों का है, किसी एक पार्टी का देश नहीं है। अगर इंडिया गठबंधन ने कल एक बैठक करके अपना नाम बदल कर भारत रख देंगे तो क्या ये भारत का नाम बदल देंगे। ये क्या मजाक है। हजारों साल पुराना भारत देश है और हमारी बहुत पुरानी संस्कृति है। देश का नाम केवल इसलिए बदला जा रहा है, क्योंकि इंडिया गठबंधन बन गया है। भाजपा को लग रहा है कि इंडिया गठबंधन बनने के बाद इनके वोट कम हो जाएंगे, इसलिए भारत का नाम बदल दो। यह तो देश के साथ गद्दारी है।

उन्होंने कहा कि जिस दिन इंडिया गठबंधन की बैठक हुई, उस दिन इन्होंने देश का ध्यान भटकाने के लिए ''वन नेशन-वन इलेक्शन का एक शिगूफा छोड़ दिया। ये ''वन नेशन-वन इलेक्शन कैसे कर सकते हैं। वन नेशन वन इलेक्शन से जनता को क्या फायदा है।

क्या वन नेशन वन इलेक्शन से महंगाई और बेरोजगारी कम हो जाएगी। वन नेशन-वन इलेक्शन का सिर्फ एक ही फायदा है कि अभी इनको हर छह-छह महीने में जनता के बीच जाना पड़ता है और जनता को बताने के लिए इनको कुछ काम करना पड़ता है।

वन नेशन वन इलेक्शन होने के बाद ये पांच साल में ही एक बार अपनी शक्ल दिखाएंगे और पांच साल पूरी दुनिया में घुमेंगे। अगर वन नेशन-वन इलेक्शन हो गया तो अगले चुनाव से पहले पांच हजार रुपए का एक सिलेंडर मिलेगा।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि मोदी सरकार संविधान से इंडिया शब्द को हटाना चाहती है। इसकी शुरुआत आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत ने की।

इंडिया शब्द को हटाकर अब सिर्फ भारत शब्द का इस्तेमाल करेंगे। उसके बाद मोदी सरकार द्वारा यह खबर प्रायोजित की जा रही है कि संविधान से इंडिया शब्द को गायब कर दिया जाएगा। ये बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर से इतनी नफरत क्यों करते हैं ?

उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने हमेशा नफरत फैलाने का काम किया लेकिन डॉ. अंबेडकर ने वंचित समाज से उठकर देश का संविधान लिखा। इस बात की कुंठा आरएसएस और भाजपा के मन में है। वह इस बात से परेशान रहते हैं कि बाबा साहब को कैसे अपमानित किया जाए और उनके द्वारा लिखे गए संविधान को कैसे बदला जाए। उन्होंने कहा कि जहां तक इंडिया गठबंधन का सवाल है, हमने कहा है कि जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। इसके बाद से मोदी जी इतना घबराए हुए हैं कि वह संविधान से ही इंडिया शब्द को हटा रहे हैं।

### इलेक्ट्रिक बसों के मामले में दिल्ली देश में नंबर वन : केजरीवाल



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि राजधानी इलेक्ट्रिक बसों के मामले में अब देश भर में नंबर-1 बन गई है। केजरीवाल ने उपराज्यपाल वीके सक्सेना के साथ मंगलवार को 400 नई इलेक्ट्रिक बसों को हरी झंडी दिखाने के बाद संवाददाताओं से कहा कि आज दिल्ली के लोगों के लिए बहुत खुशी का दिन है। आज से दिल्ली की सड़कों पर 400 और ई-बसें उतरी हैं जबकि पहले से ही 400 ई-बसें दिल्ली की सड़कों पर चल रही थीं। अब आधुनिक और वातानुकूलित 800 ई-बसें दिल्ली की सडकों पर चलने लगी हैं। इसी के साथ दिल्ली देश का वह शहर बन गया है, जहां सबसे ज्यादा ई-बसें चल रही हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2023 तक दिल्ली सरकार की 1900 इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर आ जाएंगी। दिल्ली 800 ई-बसों के साथ देश का सबसे ज्यादा ई-बसों वाला शहर हो गया है और 1900 ई-बसें आने के बाद दुनिया के उन चुनिंदा शहरों में दिल्ली का नाम आएगा, जहां ज्यादा इलेक्ट्रिक बसें चलती हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये इलेक्ट्रिक बसें सभी आधुनिक सुविधाएं से लैस हैं। सारी बसें वातानुकूलित हैं। दिव्यांग जनों के लिए रैम्प बना हुआ है। किसी दिव्यांग व्यक्ति को चढ़ाने के लिए जरूरत पड़ने पर पूरी बस झुक जाती है। बसों की स्टेपलेस बॉडी है, जिससे लोगों को सहूलियत होती। हर बस में तीन-तीन सीसीटीवी कैमरे हैं। महिलाओं की सुरक्षा के लिए पैनिक बटन है। कंट्रोल रूम के साथ हर बस का दोतरफा कम्युनिकेशन है।

# प्रदूषण के खिलाफ एक्शन में केजरीवाल सरकार

## विंटर एक्शन प्लान बनाने को लेकर पर्यावरण मंत्री ने की उच्चस्तरीय बैठक



**नई दिल्ली।** प्रदूषण के खिलाफ विंटर एक्शन प्लान तैयार करने को लेकर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने आज पर्यावरण विभाग और डीपीसीसी के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने प्रेस को संबोधित करते हुए बताया कि सर्दी के मौसम में होने वाले प्रदूषण के खिलाफ विंटर एक्शन प्लान की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कदम से पिछले 9 सालों में पीएम 10 में 42 प्रतिशत और पीएम 2.5 में 46 प्रतिशत की कमी आई है। इस वर्ष के विंटर एक्शन प्लान में पराली व कूड़ा जलाना, वाहन व धूल प्रदूषण, हॉटस्पॉट, औद्योगिक प्रदूषण, वाररूम व ग्रीन एप को उन्नत बनाना और केंद्र सरकार व पड़ोसी राज्यों से संवाद जैसे फोकस बिंदु मुख्य रूप से शामिल होंगे। पर्यावरण मंत्री ने कहा कि 12 सितम्बर को दिल्ली सचिवालय में विंटर एक्शन प्लान को लेकर एनवायरमेंटल एक्सपर्ट मीट का आयोजन किया जाएगा साथ ही साथ 14 सितम्बर को सभी संबंधित 28 विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर, विंटर एक्शन प्लान के लिए निर्धारित फोकस बिंदुओं पर संयुक्त कार्ययोजना तैयार की जाएगी। विंटर एक्शन प्लान के तहत तात्कालिक और दीर्घकालिक योजना बनाकर उसको लागू किया जाएगा।

### 12 सितम्बर को विंटर एक्शन प्लान को लेकर एनवायरमेंटल एक्सपर्ट मीट का आयोजन होगा

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि इस वर्ष का विंटर एक्शन प्लान, वाहन व धूल प्रदूषण, हॉटस्पॉट, पराली व कूड़ा जलाने, केंद्र सरकार और पड़ोसी राज्यों से संवाद, ग्रीन वाररूम व ग्रीन एप को उन्नत बनाने जैसे फोकस बिंदुओं पर आधारित होगी द्य विंटर एक्शन प्लान को लेकर 12 सितम्बर को दिल्ली सचिवालय में एनवायरमेंटल एक्सपर्ट मीट का आयोजन किया जाएगा इसमें एक्सपर्ट द्वारा दिए गए सुझाव को विंटर एक्शन प्लान में शामिल किया जाएगा। इस एनवायरमेंट एक्सपर्ट मीट में मुख्य रूप से 24 संस्थाएं सीएसई, काउंसिल आन एनर्जी, एनवायरमेंट एंड वाटर, इंटरनेशनल काउंसिल फार क्लीन ट्रांसपोटेशन, आरएमआई इंडिया, एनवायरमेंट डिफेंस फंड, यूएनईपी, आईआईटी दिल्ली एवं कानपुर, एएसएआर सोशल इम्पेक्ट एडवाइजर, एयर पालूशन एक्शन ग्रुप, टेरी, लीड एयर क्वालिटी एंड रिसाइलेशन , क्लाईमेंट ग्रुप, क्लाईमेंट ट्रेंड , केयर फार एयर, क्लामेट वर्क फाउंडेशन, शक्ति ससटेनेबल एनर्जी फाउंडेशन, ओ आर एफ, सी एस टी ई पी, डब्लू आर आई , जी आई जेड, इंडिया , आई फारेस्ट , सी 40 , एपिक इंडिया और क्लीन एयर एशिया आदि शामिल हैं।

### 14 सितम्बर को की जाएगी सभी सम्बंधित 28 विभागों के साथ समीक्षा बैठक

इसके साथ ही 14 सितंबर को सभी संबंधित 28 विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर निर्धारित फोकस बिंदुओं पर संयुक्त कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की दिल्ली के अंदर कई प्रमुख एजेन्सिया कार्यरत है,जिनकी अलग-अलग भूमिका होती है। इन सभी 28 विभागों के साथ संयुक्त बैठक 14 सितम्बर को आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में एन डी एम सी ,एन एच ए आई ,डी डी ए, रेवेन्यू विभाग, एम सी डी, डी पी सी सी , जल बोर्ड, ट्रांसपोर्ट ,विकास विभाग , पी डब्लू डी , एजुकेशन डिपार्टमेंट ,इंडस्ट्री डिपार्टमेंट , फारेस्ट एंड वाईल्ड लाईफ डिपार्टमेंट, बाढ़ नियंत्रण एवं सिंचाई विभाग, पावर विभाग, जी ए डी, यू डी, डी एस आई आई डी सी, डी टी सी, डी एम आर सी, सी पी डब्लू डी, दिल्ली कंटोंमेंट बोर्ड, दिल्ली ट्रैफिक पुलिस, अर्बन सेल्टर इम्प्रूभमेंट बोर्ड, दिल्ली फायर सर्विस, हार्टिकल्चर विभाग, डीआई एम टी एस ( डिमट्स) आदि विभागों के उच्च अधिकारी शामिल होंगे। इस बैठक का मुख्य मकसद दिल्ली के अंदर प्रदूषण के खिलाफ इस जंग में संयुक्त कार्य योजना का निर्माण करना है। 14 सितम्बर को होने वाली बैठक में अलग अलग विभागों को विंटर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित किये गए फोकस बिंदुओं के आधार पर विशिष्ट कार्य सौपे जाएंगे। जिसके अनुरूप दिल्ली सरकार इस वर्ष का विंटर एक्शन प्लान तैयार करेगी।

## लक्ष्मीबाई महाविद्यालय में सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया



नई दिल्ली। लक्ष्मीबाई महाविद्यालय दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव थीम पर आधारित भारतीय ज्ञान परंपरा को घोषित करने वाली पद्धति के आधार पर सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय सांसद मनोज तिवारी द्वारा वह कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर प्रत्यूष वत्सला द्वारा दीप प्रज्वलंन कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया । कार्यक्रम में स्वागत भाषण को अभिव्यक्त करते हुए कॉलेज की प्राचार्य प्रोफेसर प्रत्यूष वत्सला ने मनोज तिवारी जी के सामाजिक व सांस्कृतिक अवदानों पर प्रकाश डालते हुए अभिनंदन किया तथा लक्ष्मीबाई महाविद्यालय द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित किए जा रहे अपने प्रयासों से मुख्य अतिथि महोदय को अवगत कराया । स्वागत भाषण के उपरांत महाविद्यालय के संगीत विभाग के आचार्य डॉ विनय मिश्रा जी के मार्गदर्शन में संगीत विभाग की छात्राओं ने झूला एवं कजरी का प्रस्तुतीकरण कर उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया । कृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मनोज तिवारी ने विचार अभिव्यक्त करते हुए सामाजिक सांस्कृतिक चेतना को संगीत विषय से सम्बद्ध करते हुए अपने द्वारा रचे गए गीतों व उनके सामाजिक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला , उन्होंने लक्ष्मीबाई महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे सांस्कृतिक आयोजनों को देश की संस्कृत एकाग्रता के लिए महत्वपूर्ण योगदान के रूप में परिभाषित किया और कहा की एक कलाकार के रूप में जब भी लक्ष्मीबाई महाविद्यालय मुझे आमंत्रित करेगा मैं सहर्ष अपनी अनुमति प्रदान करूंगा, मैं सदैव अपनी परंपराओं से जुड़े गीतों को रच कर मेरा देश मेरी माटी के संकल्प को सिद्ध करने का प्रयास किया है, मुझे वाकई आप युवाओं के सामने उपस्थित होकर अपने विचार को अभिव्यक्त करने में गर्भ का अनुभव होता है जो मुझे मां वीणा वादिनी की कृपा से प्राप्त हुआ है।

# मेवाड़ में रजत जयंती महोत्सव का आयोजन जारी

## डेढ़ दर्जन से अधिक मेधावी पुरातन विद्यार्थी सम्मानित



गाजियाबाद। वसुंधरा स्थित मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के पांच दिवसीय रजत जयंती महोत्सव का आयोजन जारी है। चौथे दिन की शाम को मेवाड़ के डेढ़ दर्जन मेधावी पुरातन विद्यार्थियों को शॉल एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम से शाम सुरमई हो गई। पूर्व राज्यसभा सांसद एवं एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. महेश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि मेवाड़ के बच्चों ने समाज में अपना एक विशेष स्थान बनाया है। विद्या का निकष विनय है। हम इसके सम्पर्क में रहें। हमारे भीतर प्रभुता की नहीं विनय की पात्रता होनी चाहिए। प्रबंधन और फैकल्टी में एकात्मकता होनी जरूरी है। जहां एकात्मकता होगी, वहीं गुरुकुल होगा। मेवाड़ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन डॉ. अशोक कुमार गदिया ने कहा कि हमारी कमाई हमारे बच्चे हैं। मेवाड़ में पढ़ने वाला हर बच्चा उनके परिवार का हिस्सा है। किसी गरीब को न सताना और किसी कमजोर की मदद करना, मेवाड़ का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भारत के पास जो 75 करोड़ नौजवानों की ताकत है इसे सही दिशा देना आवश्यक है।

इंस्टीट्यूशंस के महासचिव सीए अशोक कुमार सिंहल ने कहा कि हम कठिन परिश्रम करें। जहां जॉब करें, उसे भगवान की गद्दी मानें और अपना सौ प्रतिशत दें। सेवा कार्यों से जुडें। इस मौके पर एकल एवं समूह नृत्य प्रस्तुत किये गये। मेवाड़ पर बनी एक विशेष डाक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गई।

## नोएडा में चलते ट्रक में लगी आग

नोएडा। नोएडा में मंगलवार तड़के ईस्टर्न पेरिफेरल पर दनकौर कट के पास ट्रक में आग लग गई। ड्राइवर और हैल्पर दोनों ने कूदकर अपनी जान बचाई। ट्रक में सरसों की तूरी थी, जिससे तेजी से आग फैल गई। आग ने ट्रक को पूरी तरह से चपेट में ले लिया। वहां मौजूद लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल को दी। दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। आग से ट्रक और मॉल जलकर राख गया। वहीं ड्राइवर सुरक्षित है। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि ट्रक संख्या आरजे 11जीए 9635 मालिक का नाम महेश अग्रवाल है। इस्टर्न पेरीफेरल से नोएडा आते समय सुबह करीब तीन बजे के आसपास ट्रक के पिछले टायर में घर्षण बढ़ गया। इस कारण टायर में आग लग गई। आग इतनी तेज फैली की ट्रक में रखी सरसों के तूरी की गाडियों में आग पहुंच गई। जिससे पूरे ट्रक में फैल गई।

# महान विभूतियों को राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया

नई दिल्ली। अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ नई दिल्ली के तत्वावधान में आज नई दिल्ली के 11सफदरजंग रोड में पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न स्वर्गीय डॉ.एस राधाकृष्णन की 136वीं जयंती संघ के राष्ट्रीय महामंत्री एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला के सान्निध्य में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रुप में मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री माननीय श्री रामदास आठवले सहित भारत की चार महान विभूतियों को 39वें डॉ.एस राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया। वत्स के अनुसार संगीत शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय सेवाओं और उल्लेखनीय योगदान देने के लिए हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की सुप्रसिद्ध गायिका एवं संगीत गुरु विदुषी पद्मश्री सुमित्रा गुहा, सुप्रसिद्ध बांसुरी और शहनाई वादक संगीत गुरु पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना,



सुप्रसिद्ध वायलिन वादक संगीत गुरु पंडित डॉ. संतोष नाहर तथा माननीय राज्यमंत्री श्री रामदास आठवले को लोकसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 39वें डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन स्मृति राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान -2023 से अलंकृत किया गया।

तीनों ही संगीतज्ञ गुरु टाप ग्रेड के कलाकार हैं और तीनों महान विभूतियों ने अपने हजारों शिष्यों को संगीत की शिक्षा दी है।

पद्मश्री विदुषी सुमित्रा गुहा का हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन में चार दशकों का अनुभव है। पंडित राजेन्द्र प्रसन्ना बांसुरी और शहनाई वादन दोनों वाद्य यंत्र बजाने वाली अकेली विलक्षण प्रतिभा हैं। सबको सम्मान स्वरूप शाल स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया।

लोक सेवा के क्षेत्र में श्री रामदास आठवले को समारोह समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला ने अपने कर कमलों से सम्मानित किया। संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला ने बताया कि संघ पिछले 39वर्षो से लगातार शिक्षा के हर क्षेत्र की उत्कृष्ट विभूतियों का सम्मान करता आ रहा है।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि माननीय श्री रामदास आठवले ने पूर्व राष्ट्रपति माननीय डॉ.एस राधाकृष्णन को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक विद्वान दार्शनिक और उच्च कोटि के शिक्षक थे।उनके जन्मदिन को पूरा भारत आदर से शिक्षक दिवस के रुप में मनाता है। चंद्रयान-3 और सूर्य यान भेजने वाले वैज्ञानिकों को भी किसी ना किसी शिक्षक ने पढ़ाया होगा। इसलिए शिक्षकों का सम्मान करना स्वयं अपना और राष्ट्र निर्माताओं का सम्मान करना है।

समारोह समिति के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स बरवाला ने इस मौके पर कहा कि शिक्षक आजीवन शिक्षक ही रहता है जबकि उसके शिष्य जीवन के हर क्षेत्र में अपनी कामयाबी का परचम फहराते हैं। जब उसके शिष्य कामयाब होते हैं तो माता-पिता के बाद सबसे अधिक खुशी उसके शिक्षकों को ही होती है।

# दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

## अंकगणित और रासायन विधि से नहीं नापा जाएगा किसी देश का विकास: सुरेश भैय्याजी जोशी




नई दिल्ली। आरएसएस के पूर्व सरकार्यवाह सुरेश भैय्याजी जोशी ने कहा कि अंकगणित और आज की रासायन विधि के मापन से किसी देश का विकास नहीं नापा जाएगा। भैय्याजी जोशी दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका विषय पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मार्गदर्शक संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों ने विकास के मापदंड अपने आधार पर तय किए हैं। उन्हीं के आधार पर उनके विकास का आकलन होता है। भारतीय चिंतन की तुलना में वह बहुत ही निम्न स्तर के हैं। भौतिक संपन्नता से युक्त व्यक्ति ही श्रेष्ठ माना जाता है।

दिल्ली विश्वविद्यालय की मूल्य संवर्धन पाठ्यक्रम समिति और भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल उपस्थित रहे जबकि भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री सुरेश जैन तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश आदर्श गोयल कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की।

सुरेश भैय्याजी जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि अगर हम विकास के दो पक्ष मानें तो उसमें एक पक्ष है वैभव संपन्नता जिसकी भारत ने कभी उपेक्षा नहीं की है और न ही भारत कभी करेगा।

भारत वैभव संपन्न स्वर्ण भूमि रहा है और स्वर्ण भूमि रहेगा, लेकिन उसका दूसरा पक्ष है कि मानस के धरातल पर व्यक्ति कैसा बनेगा।

## कुत्ते के काटने से बच्चे की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद में कुत्ते के काटने से 14 साल के बच्चे की तड़प-तड़पकर मौत हो गई। एम्स से लेकर तमाम बड़े हॉस्पिटलों ने उसको लाइलाज घोषित कर दिया। बुलंदशहर में एक वैद्य के यहां दिखाकर लौटते समय बच्चे ने एम्बुलेंस में अपने पिता की गोद में दम तोड़ दिया। पीड़ित परिजनों की मांग है कि जिस महिला ने कुत्ता पाल रखा है, उस पर कड़ी कार्रवाई हो। पूरा मामला विजयनगर थाना क्षेत्र का है। यहां चरण सिंह कॉलोनी में याकूब का परिवार रहता है।

# नोएडा : घर में घुसकर महिला की हत्या

**गौतम बुद्ध नगर।** सेंट्रल नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में घर में घुसकर बदमाशों ने एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। बाइक सवार बदमाश महिला की हत्या करने के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर सैंपल लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। घटना छपरौला गांव के ब्रज विहार कॉलोनी की है।

मूलरुप से बिहार की रहने वाली सोनी (28) एक व्यक्ति मौसम के साथ बादलपुर कोतवाली क्षेत्र के ब्रज विहार में रहती थी। उसका एक 11 साल का बेटा भी बताया जा रहा है। मंगलवार दोपहर सोनी घर पर कुछ काम कर रही थी। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर दो लोग आए। एक व्यक्ति ने घर में घुसकर उसके ऊपर अवैध हथियार से कई गोलियां दागी। गोली लगते ही सोनी लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़े। सोनी को लहूलुहान पड़ा देखा तो आनन-फानन में महिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर डीसीपी, एडीसीपी सेंट्रल जोन, एसीपी और कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

बताया जा रहा है कि ब्रज विहार कॉलोनी में रहने वाली सोनी डेढ़ साल से अपने पति विनोद से अलग होकर एक अन्य व्यक्ति मौसम के साथ रह रही थी।

पुलिस ने बताया कि उसका उसके पति से विवाद चल रहा था। प्रथम दृष्टा उसके पति पर ही हत्या का शक जताया जा रहा है। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

# संपादकीय

## चार महीने बाद भी जनता को सुरक्षा का भरोसा नहीं

इंफल में न्यू लेम्बुलेन के जिस इलाके से कुकी समुदाय के लोगों को हटाया गया, वह मुख्यमंत्री के आवास से सिर्फ डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और पुलिस मुख्यालय के करीब है।

मणिपुर में चार महीने पहले शुरू हुई हिंसा आज भी अगर नहीं थम सकी है और अराजकता में लिप्त गुटों पर काबू नहीं पाया जा सका है तो इसे राज्य सरकार की नाकामी के तौर पर ही देखा जाएगा। राज्य में शांति स्थापित करने की घोषणाओं और तमाम कवायदों के बरक्स हकीकत यह है कि आज भी वहां हिंसा से प्रभावित इलाकों में पीड़ित लोगों के लिए जरूरी राहत की व्यवस्था नहीं की जा सकी है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अगर किसी एक समूह के प्रभाव वाले इलाके में दूसरे पक्ष के कुछ लोग बचे हुए थे, तो हिंसक समूहों से उनको सुरक्षा मुहैया कराने के बजाय हल यह तलाशा जा रहा है कि उन्हें वहां से दूसरे क्षेत्र में भेज दिया जाए।

गौरतलब है कि शनिवार की रात इंफल में कुकी-जोमी समुदाय के आखिरी बचे हुए चौबीस लोगों को अचानक ही पुलिस ने घरों से निकाल कर दूसरे इलाके में स्थिति पहाड़ों के बीच पहुंचा दिया। खबरों के मुताबिक, वहां से हटाए गए लोगों का कहना था कि पुलिस ने उन्हें अपना कोई छोटा-मोटा सामान भी नहीं लेने दिया। जिन परिवारों को वहां से हटाया गया, उन्हें इंफल से सत्ताईस किलोमीटर दूर कांगपोकपी के मोटबुंग में ले जाया गया। वहां असम राइफल्स के राहत शिविर हैं। साथ ही वहां फिलहाल हिंसा से प्रभावित कुकी और दूसरे आदिवासी समुदाय के लोग रहते हैं। यह माना जा सकता है कि इंफल में बचे हुए जिन आखिरी चौबीस लोगों को पुलिस ने वहां से हटाया, उसका मकसद उन्हें खतरे से बचाना था। सवाल है कि एक छोटे-से राज्य में चार महीने से चल रही हिंसक घटनाओं और इसे अंजाम देने वाले समूहों पर काबू पाना आज भी सरकार के लिए मुश्किल क्यों बना हुआ है! इंफल में न्यू लेम्बुलेन के जिस इलाके से कुकी समुदाय के लोगों को हटाया गया, वह मुख्यमंत्री के आवास से सिर्फ डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और पुलिस मुख्यालय के करीब है। इसी वजह से वहां प्रतिरोधी गुटों के हमले कम हुए थे। उस इलाके में कुकी समुदाय के करीब तीन सौ परिवार रहते थे, लेकिन हमले की आशंका से बड़ी संख्या में लोग पलायन कर गए। उनमें से पांच परिवारों ने वहीं रुकने का फैसला किया।

सवाल है कि राज्य में सबसे उच्च स्तर वाले सुरक्षित इलाके से भी अगर कुछ लोगों को हिंसा के डर से पलायन करना पड़ा तो क्या यह अपने आप में सरकार की ओर से की गई सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान नहीं है? जाहिर है, कुकी समुदाय के जो लोग वहां रुक गए थे, वे सरकार और पुलिस पर भरोसे की वजह से ऐसा कर सके।

लेकिन सच यह है कि उस इलाके में कुकी समुदाय के बचे हुए आखिरी कुछ लोगों को भी सुरक्षा मुहैया कराने के बजाय उन्हें बचाने की दलील पर वहां से दूसरे इलाके में भेज दिया गया। राज्य में मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर शुरू हुई में हिंसा के चार महीने के बाद भी आखिरी उम्मीद टकराव में शामिल गुटों के बीच संवाद स्थापित करना ही है। लेकिन इस दिशा में शांति के लिए की गई कवायदों का अब तक कोई खास नतीजा नहीं निकल सका है।

हालत यह है कि अब भी जारी हिंसा में लोगों के मारे जाने की खबरें आ रही हैं। यह तब है जब सुप्रीम कोर्ट भी इस मसले पर सख्त नाराजगी जता चुका है। अफसोस की बात यह है कि सरकार की घोषणाओं के समांतर पुलिस और सेना की कार्रवाइयों के बावजूद मणिपुर में हल का कोई ठोस रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है।

## उदयनिधि स्टालिन के बयान से क्या हुआ हासिल

भारत अपनी विविधता की संस्कृति के लिए ही जाना जाता रहा है। यहां अनेक धर्म-मत के लोग सदियों से मिलजुल कर एक साथ रहते आए हैं और आमतौर पर एक दूसरे की आस्थाओं का सम्मान ही करते हैं। इस लिहाज से देखें तो राजनीतिक तबके को इसका ज्यादा खयाल रखने की जरूरत है कि धार्मिक मसलों पर टिप्पणियां करके बेमानी विवाद न खड़े किए जाएं। धर्म और आस्था आम लोगों की जिंदगी के बेहद संवेदनशील विषय रहे हैं। अगर कोई व्यक्ति इसमें सुधार की अपेक्षा से कुछ कह रहा हो तो ऐसा किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाए बिना भी किया जा सकता है। इसके लिए समाज की संरचना और उसमें धारणाओं के निर्माण की जड़ों को समझने की जरूरत होती है। लेकिन अगर आवेश में आकर या फिर महज अपनी राजनीति चमकाने के लिए धर्म को लक्ष्य करके नाहक ही कोई टिप्पणी की जाती है तो इससे विवाद और टकराव पैदा होने के अलावा कुछ हासिल नहीं होता। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने जिस तरह कुछ बीमारियों को हटाने की बात कहने के साथ-साथ सनातन के बारे में अवांछित टिप्पणी की, उससे साफ है कि वे समाज की जिस समस्या को इंगित करना चाह रहे हैं, उसका हल निकालने को लेकर वे राजनीतिक रूप से परिपक्व समझ शायद नहीं रखते। यही वजह है कि उनके बयान को यह कहते हुए कठघरे में खड़ा किया जा रहा है किसी धर्म का अपमान करके वे किस तरह की राजनीति करना चाह रहे हैं! किसी खास विचारधारा का समर्थक होने के नाते अन्य परंपराओं को लेकर मतभिन्नता कोई नई बात नहीं है। प्राचीन काल से सभी धर्म और मतों के बीच वैचारिक असहमतियां और बहसें रही हैं। परंपरा में घुस आई विकृतियों को दूर करने के लिए समय-समय पर समाज सुधारकों ने आवाज उठाई और कई ऐसी प्रथाओं को दूर किया गया, जिन्हें अमानवीय या भेदभावमूलक माना जाता है। यही नहीं, स्त्रियों या अन्य सामाजिक वर्गों के खिलाफ भेदभाव, अत्याचार या शोषण से जुड़ी कई परंपराओं को बाकायदा कानून बना कर खत्म किया गया। दरअसल, किसी धर्म के दायरे में कोई विकृत परंपरा विकसित होती है, तो उसमें जिस तरह वक्त लगता है, उसी तरह उसकी पहचान करने के बाद उसे खत्म किए जाने की भी एक प्रक्रिया होती है। ठोस और स्थायी सुधार का यही रास्ता है। लेकिन उस पर गौर करने और एक सुचिंतित रास्ता अख्तियार करने के बजाय अगर तात्कालिक तौर पर सिर्फ बेलगाम प्रतिक्रिया जाहिर की जाती है तो आमतौर पर वह समाज के भिन्न वर्गों के बीच महज विवाद का जरिया बन कर रह जाती है। खासतौर पर राजनीतिकों और नेताओं को इस तरह के विवादित बोल से बचने की जरूरत होती है, क्योंकि समाज की दिशा तय करने में उनका खासा प्रभाव होता है और उनका एक व्यापक समर्थक वर्ग भी होता है। किसी धार्मिक मसले पर उदयनिधि स्टालिन की अपनी राय हो सकती है, लेकिन उसे अपने से असहमत लोगों की भावनाओं को चोट पहुंचाने का जरिया बनाने से बचना चाहिए। उन्होंने यह धीरज रखना जरूरी नहीं समझा। हालांकि बाद में सफाई पेश की कि उन्होंने लोगों को खत्म करने की बात नहीं कही, बल्कि सिर्फ धर्म की आलोचना की है। लेकिन यह ध्यान रखने की जरूरत है कि राजनेताओं के मुंह से निकली बात के असर की रफ्तार थोड़ी तेज होती है। भड़काने वाले बयानों के बाद नाहक ही विवाद की ऐसी स्थितियां पैदा हो जा सकती हैं, जिसे संभालने के लिए खुद नेताओं को अतिरिक्त उर्जा लगानी पड़ती है। भारत अपनी विविधता की संस्कृति के लिए ही जाना जाता रहा है। यहां अनेक धर्म-मत के लोग सदियों से मिलजुल कर एक साथ रहते आए हैं और आमतौर पर एक दूसरे की आस्थाओं का सम्मान ही करते हैं। इस लिहाज से देखें तो राजनीतिक तबके को इसका ज्यादा खयाल रखने की जरूरत है कि धार्मिक मसलों पर टिप्पणियां करके बेमानी विवाद न खड़े किए जाएं। इसके बजाय सुधार और बदलाव के प्रयासों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है।

# कोटा पर कलंक लगाती आत्महत्या की घटनाएं



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान का कोटा शहर देश में कोचिंग की सबसे बड़ी मंडी बन चुका है। यहां प्रतिवर्ष लाखों छात्र कोचिंग करने के लिए आते हैं। जिससे कोचिंग संचालकों को सालाना कई हजार करोड़ रुपए की आय होती है। हालांकि कोटा आने वाले सभी छात्र मेडिकल व इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल नहीं होते हैं। मगर देश की शीर्षस्थ मेडिकल व इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित होने वाले छात्रों में कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों की संख्या भी काफी होती है। इसी कारण अभिभावक अपने बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा में कोचिंग लेने वाले छात्रों को प्रतिवर्ष लाखों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बहुत से छात्रों के अभिभावकों की स्थिति इतना खर्च वहन करने की नहीं होने के उपरांत भी वह अपने बच्चों को इस आशा से कोटा भेजते हैं कि यदि वह परीक्षा में सफल हो जाता है तो भविष्य में इंजीनियर या डॉक्टर बन जाएगा। इसके लिए लोग लाखों रुपए के कर्ज के बोझ तले भी दब जाते हैं।

कोचिंग के बड़े केंद्र कोटा में पढ़ने वाले छात्रों द्वारा की जा रही आत्महत्याओं की घटनाएं शहर के दामन पर कलंक लगा रही है। पिछले अगस्त महीने में ही कोटा में कोचिंग करने वाले पांच छात्रों ने आत्महत्या कर ली थी। साल 2023 के 8 महीना में अब तक कोटा में 23 छात्र आत्महत्या कर चुके हैं। पिछले 5 वर्षों में यहां 70 छात्रों ने आत्महत्या की है। कोटा में कोचिंग संस्थानों में पढ़ाई करने वाले छात्रों द्वारा लगातार की जा रही आत्महत्या की घटनाओं से पूरा देश सकते की स्थिति में है। सरकार व प्रशासन द्वारा लाख प्रयासों के उपरांत भी कोटा के छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं नहीं रूक पा रही है। कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों में से अधिकांश गरीब या मध्यम वर्गीय परिवारों से आते हैं। इसी वर्ष जो 23 छात्रों ने आत्महत्या की है उनमें से 19 छात्र व चार छात्राएं शामिल है। इनमें से 17 छात्र नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे थे वही 6 छात्र जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या करने का मुख्य कारण छात्रों पर पढ़ाई करने के लिए पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव को माना जा रहा है। कोटा में पढ़ने के लिए आने वाले छात्रों में अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों से होते हैं। उनके अभिभावक आर्थिक रूप से अधिक सक्षम नहीं होते हैं। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलवाने के लिए वह लोग विभिन्न स्तरों पर पैसों की व्यवस्था कर बच्चों को कोचिंग के लिए कोटा भेजते हैं। कोटा आने वाले छात्रों को पता है कि उनके अभिभावकों ने कितनी मुश्किल से कोचिंग लेने के लिए उन्हें कोटा भेजा है।

ऐसे में यदि वह सफल नहीं होंगे तो उनके अभिभावक जिंदगी भर कर्ज में दबे रह जाएंगे। यही सोचकर छात्र हमेशा मनोवैज्ञानिक दबाव महसूस करता रहता है। इसके अलावा कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर पढ़ाई का भी बहुत अधिक दबाव रहता है। यहां चलने वाले सभी कोचिंग संस्थाएं कई शिफ्टों में संचालित होती है। जिसमें अलग-अलग बैच में पढ़ाई होती हैं। कोटा में पढ़ने वाले छात्रों पर मेडिकल या इंजीनियर की परीक्षा में अच्छे नंबर हासिल करने को लेकर अभिभावकों व कोचिंग संस्थानों का दबाव होता है।




कोचिंग संस्थान भी अच्छा परिणाम दिखाने के चक्कर में छात्रों को मशीन बनाकर रख देते हैं। छात्रों पर हर दिन पढ़ाई का दबाव बना रहता है तथा साप्ताहिक टेस्ट पास करने के चक्कर में छात्र दिन-रात पढ़ाई करते रहतें हैं। जिससे ना तो उनकी नींद पूरी हो पाती है ना ही वह मानसिक रूप से आराम कर पाते हैं। ऐसे में छात्र जल्दी उठकर कोचिंग संस्थान में जाकर पढ़ाई करने व दिनभर पढ़ाई में व्यस्त रहने के कारण वह तनाव में आ जाता है। बाहर से आने वाले बहुत से छात्र पढ़ाई में पिछड़ जाने के डर से वह आत्महत्या जैसा अमानवीय कदम उठा लेते हैं।

कोटा में कोचिंग छात्रों के आत्महत्या के बढ़ते मामलों को लेकर विधायक पानाचंद मेघवाल ने विधानसभा में प्रश्न पूछा था। जिसके जवाब में सरकार ने आत्महत्या के जो प्रमुख कारण गिनाए थे उनमें कोचिंग सेंटर में होने वाले टेस्ट में छात्रों के पिछड़ जाने के कारण उनमें आत्मविश्वास की कमी होना, माता-पिता की छात्रों से उच्च महत्वाकांक्षा होना, छात्रों में शारीरिक मानसिक और पढ़ाई संबंधित तनाव उत्पन्न होना, आर्थिक तंगी, ब्लैकमेलिंग और प्रेम-प्रसंग जैसे प्रमुख कारण शामिल थे।

कोटा कभी राजस्थान का बड़ा औद्योगिक नगर होता था। मगर श्रमिक आंदोलन व हड़ताल के चलते धीरे-धीरे यहां के उद्योग धंधे बंद होते गए। एक समय ऐसा भी आया कि कोटा में नाम मात्र के उद्योग ही रह गए थे। 1990 के दौरान कोटा शहर में कोचिंग संस्थान खुलना प्रारंभ हुई। सन 2005 के आसपास तो यहां बड़ी संख्या में कोचिंग संस्थान स्थापित हो गए जिनमें प्रतिवर्ष लाखों छात्र पढ़ने लगे। आज कोटा में कोचिंग संस्थान एक बहुत बड़ा व्यवसाय बन चुका है। पूरे कोटा शहर की अर्थव्यवस्था इन कोचिंग संस्थानों पर ही निर्भर है। कोटा शहर के हर चौक-चौराहे पर छात्रों की सफलता से अटे पड़े बड़े-बड़े होर्डिंग्स बताते हैं कि अब कोटा में कोचिंग हीं सब कुछ है। यह सही है कि कोटा में सफलता की दर तीस प्रतिशत से उपर रहती है। देश के इंजीनियरिंग और मेडिकल के प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप टेन में पांच छात्र कोटा के रहते हैं। मगर उसके साथ ही कोटा में एक बड़ी संख्या उन छात्रों की भी है जो असफल हो जाते हैं।

आज कोटा देश में कोचिंग का सुपर मार्केट है। एक अनुमान के मुताबिक कोटा के कोचिंग मार्केट का सालाना चार हजार करोड़ का टर्नओवर है। कोचिंग सेन्टरों द्वारा सरकार को अनुमानत: सालाना 300-400 करोड़ रूपये से अधिक टैक्स के तौर पर दिया जाता है। कोटा में देश के तमाम नामी गिरामी संस्थानों से लेकर छोटे मोटे 200 कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। यहां तक कि दिल्ली, मुंबई के साथ ही कई विदेशी कोचिंग संस्थाएं भी कोटा में अपना सेंटर खोल रही हैं। लगभग ढ़ाई लाख छात्र इन संस्थानों से कोचिंग ले रहे हैं। कोटा में सफलता की बड़ी वजह यहां के शिक्षक हैं। आईआईटी और एम्स जैसे इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में पढने वाले छात्र बड़ी-बड़ी कम्पनियों और अस्पतालों की नौकरियां छोडकर यहां के कोचिंग संस्थाओं में पढ़ा रहे हैं। तनख्वाह ज्यादा होने से अकेले कोटा शहर में 75 से ज्यादा आईआईटी पास छात्र पढ़ा रहे हैं।

कोटा में बढ़ती आत्महत्याओं की घटनाओं से चिंतित राजस्थान सरकार हरकत में आई है। सरकार ने त्वरित कदम उठाते हुए अगले दो माह तक सभी तरह के टेस्टों पर प्रतिबंध लगा दिया है। कोटा में कोचिंग करने वाले छात्रों के लिए अलग से पुलिस थाना खोला जाएगा। हॉस्टल के कमरों में ऐसे पंखे लगाए जाएंगे जिनमें डिवाइस फिट रहेगी और यदि कोई पंखे पर लटकने की कोशिश करेगा तो डिवाइस में लगा सायरन बजकर लोगों को सतर्क कर देगा। सरकार ने छात्रों के मानसिक तनाव के विस्तृत अध्ययन के लिए मनोचिकित्सकों की एक टीम भी बनाई है जो छात्रों से मिलकर आत्महत्याओं के कारणों की जांच करेगी।

सरकार अपनी तरफ से चाहे कितनी भी कोशिश कर ले। कोटा में पढ़ने वाले छात्र जब तक खुले मन से बिना किसी दबाव के पढाई करने लगेंगे तभी यहां का माहौल सुधरेगा। यहां चल रहे कोचिंग संस्थानों को मशीनी स्तर पर चलाई जा रही प्रतिस्पर्धा को रोककर एक सकारात्मक वातावरण बनाना होगा। तभी कोटा में पढ़ने वाले छात्र खुद को सुरक्षित महसूस कर पढाई कर पाएंगे। कोटा में संचालित कोचिंग संस्थान जब तक अपने काम को पैसे कमाने कि मशीन समझना बंद कर अपने छात्रों के साथ संवेदनशील व्यवहार नहीं करेंगे तब कोटा के हालात नहीं सुधरेंगे।

## अंधविश्वास के विरुद्ध जन आंदोलन और चिंतन आवश्यकता

अशिक्षा और अज्ञानता ने अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता को भारत में फैलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रखी हैद्य यदि अशिक्षित मनुष्य धार्मिक अंधविश्वास को मानता है तो यह बात कुछ थोड़ी देर के लिए समझ में आती है किंतु इस वैज्ञानिक युग में अत्यंत शिक्षित एवं पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास तथा धार्मिक कट्टरता के पीछे भागने लगे तो यह समाज और देश के लिए दुर्भाग्य की बात हैद्य यह तो तय है की शिक्षा, ज्ञान अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर के विवेकपूर्ण विचारों को सोचने की शक्ति प्रदान करता है और इसके पश्चात ही मनुष्य वैज्ञानिक आधार पर तर्क रखकर अपनी बात को मानना शुरू करता है। पूर्व में हम मानते थे कि पृथ्वी चपटी है किंतु वैज्ञानिक प्रयोगों तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के अनुसार यह सिद्ध हो गया कि पृथ्वी गोल है अब लोगों ने लॉजिक और वैज्ञानिक प्रमाण के आधार पर यह मान लिया है की पृथ्वी गोल ही है।

शहीद भगत सिंह ने आजादी के लिए एक संगठन नौजवान भारत सभा का गठन किया और उसके घोषणा पत्र में कहा था कि धार्मिक अंधविश्वास और कट्टरता हमारी प्रगति के बहुत बड़े बाधक है, वह हमारे रास्ते की बाधा साबित हुए हैं उनसे हमें हर हाल में छुटकारा पा लेना चाहिए जोकि आजाद विचारों को बर्दाश्त नहीं कर सकती उसे समाप्त हो जाना चाहिए इसी प्रकार अन्य बहुत सारी कमजोरियां भी हैं जिन पर हमें विजय प्राप्त करना होगा ,इस कार्य के लिए सभी समुदाय के क्रांतिकारी उत्साह रखने वाले नई सोच के नौजवानों की आवश्यकता हैद्य उन्होंने बिल्कुल सही कहा था क्योंकि युवा शक्ति ही देश में नए विचारों की क्रांति ला सकती और अंधविश्वास को समूल नष्ट करने में इनकी ऊर्जा इस कार्य के लिए लगाई जा सकती है,पर दूसरी तरफ शिक्षा का प्रचार प्रसार होना भी नितांत आवश्यक हैद्य शिक्षा ही ऐसा मूल मंत्र है जिससे अंधविश्वास एवं आडंबर की पोल खोली जा सकती शिक्षा से हमारा तात्पर्य विज्ञान से भी है विज्ञान ने अनेक अंधविश्वास को जन सूचियों में अविश्वास के रूप में में स्थापित किया है और शिक्षा तथा विज्ञान तकनीकी ऐसे मार्ग हैं जिन से चलकर हम न सिर्फ चांद पर पहुंचे हैं बल्कि सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से पूरी दुनिया एक परिवार की तरह एक दूसरे के एकदम करीब आ चुकी है ऐसे में अंधविश्वास, धार्मिक कट्टरता एवं संप्रदायवाद की जगह कहाँ बच जाती है भला ? शिक्षा का स्तर ईतना ऊंचा हो जाना चाहिए की इन अंधविश्वासी बातों और मिथकों का अस्तित्व ही मूल रूप से विस्मृत किया जाना चाहिएद्य बिल्ली के रास्ता काटने से काम रुक जाता है,किसी की छींक देने से अशुभ संकेत स्थापित होने लगते हैं यदि कौवा बोलता है तो मेहमान आने का संकेत माना जाना इन सब बातों की कोई तार्किक अथवा वैज्ञानिक पृष्ठभूमि नहीं है और जनमानस द्वारा अपने दिमाग का प्रयोग कर ऐसी अतार्किक और वैज्ञानिक बातों में विश्वास करना भी अंधविश्वास को सामाजिक स्तर पर मान्यता प्रदान करता है।




# क्या नार्थ ईस्ट को ड्रग्स के जाल में फंसाकर तोड़ रहे चीन और पाकिस्तान

## नार्थ ईस्ट की सीमा के जरिए म्यामार से देश भर में पहुंच रहीं ड्रग्स



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

देश के पूर्वोत्तर राज्य आज कई तरह की हिंसा से जुड़ी समस्याओं को झेलने के अलावा तमाम तरह की मानवीय सुविधाओं से वंचित रहने को मजबूर हैं। लेकिन इसके उलट मौजूदा समय में मणिपुर सहित पूर्वोत्तर के अन्य राज्य अवैध रूप से होने वाले अंतरराष्ट्रीय नशे के कारोबार का केंद्र भी बन चुकें हैं। दरअसल मौजूदा समय मे पूर्वोत्तर के मणिपुर, नागालैण्ड और मिजोरम आज हीरोईन, गांजा, कोकीन की तस्करी के लिए पूरे देश में सबसे मुफीद केंद्र बन चुकें है। गौरतलब हो कि मणिपुर में अवैध ड्रग्स की सबसे ज्यादा खेप मुख्य रूप से सीमावर्ती देश म्यामार, थाईलैण्ड और लाओस से ही आती है। मणिपुर में कितने बड़े पैमाने पर ड्रग की तस्करी होती है, इसका अंदाजा मणिपुर पुलिस और असम राईफल्स की ओर से हाल के महीनों में कुल 550 करोड़ रूपए की ड्रग्स का जब्त किए जाने की घटना को देखकर लगाया जा सकता है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि मणीपुर और म्यामार की सीमा पर इतनी कड़ी सुरक्षा होने के बावजूद अवैध ड्रग्स की खेप हमारे देश में कैसे पहुच रहीं है ? इसके अलावा सवाल यह भी है कि क्या चीन हमारे देश में अवैध रूप से ड्रग्स की भारी खेप को भेजकर नार्थ इस्ट को तोड़ना चाहता है ? दरअसल आज के इस लेख में भारत के मणिपुर में म्यामार, चीन, थाईलैण्ड और लाओस से आने वाले अवैध ड्रग और उसका देश के युवाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव की विस्तारपूर्वक समीक्षा करेंगें।

### दक्षिण एशिया के गोल्डेन ट्रैंगल देशों से मणिपुर में आती है अवैध ड्रग्स की खेप

दरअसल मणिपुर में अवैध ड्रग्स की सबसे ज्यादा खेप दक्षिण एशियाई देशों से ही आती है। गौरतलब हो कि दक्षिण एशिया के तीन देश जिनमें म्यामार, थाईलैण्ड और लाओस शामिल हैं जहां से भारत में सबसे ज्यादा ड्रग्स की खेप आती है। इन तीनों देशों को गोल्डेन ट्रैंगल के नाम से भी जाना जाता है। क्योंकि इन तीनों देशों में दुनिया में सबसे ज्यादा ड्रग्स का उत्पादन होता है। इसके अलावा म्यामार की कुल 4000 किलोमीटर की सीमा भारत के पूर्वोत्तर के राज्य मणिुपर से भी लगती है। नतीजतन भारत के साथ लंबी सीमा होने का फायदा उठाते हुए म्यामार के ड्रग तस्कर विभिन्न मादक पदार्थों मसलन गांजा, हीरोईन, अफीम और कोकीन की खेप को आसानी से सीमा पार करवाकर मणिपुर में पहुंचा देतें हैं। इस तरह से मणिपुर में अवैध ड्रग्स की खेप पहुंचने के बाद यहां से मिजोरम और असम होते हुए पूरे देश भर में ड्रग्स पहुंच जाती है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार मणिपुर-म्यामार की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर इतनी ज्यादा सुरक्षा होने के बावजूद कैसे म्यामार से ड्रग्स की खेप हमारे देश में पहुंच जाती है ?

### मणिपुर का मूरे बना इंडिया का सबसे बड़ा ड्रग्स सप्लाई का हब

गौरतलब हो कि मणिपुर के टेग्नापाल जिले का मूरे शहर मौजूदा समय में देश का सबसे बड़ा ड्रग हब बन चुका है। दरसअल मूरे शहर मणिपुर और म्यामार की सीमा पर स्थित एक ऐसा इलाका है जहां से पूरे गोल्डेन ट्रैंगल देशों की ड्रग्स की खेप भारत में आती है। इसके अलावा मणिपुर में सबसे ज्यादा ड्रग्स की खेप म्यामार से ही आती है। ऐसे में भारत ड्रग्स की खेप को भेजकर गोल्डेन ट्रैंगल देश धीरे धीरे देश को कमजोर करने का काम कर रहें हैं। इसके अलावा यहा पर यह भी सवाल उठता है कि क्या मणिपुर में ड्रग्स की खेप आने में वहा के स्थानीय नेताओं, मंत्रियों और प्रभावशाली लोगों का भी हाथ है ? क्योंकि मणिपुर में बीते महीनों में जितनी बड़ी मात्रा में ड्रग्स की खेप पकड़ी गई है, उसको देखकर यह माना जा सकता है कि इस ड्रग्स रैकेट में स्थानीय लोगों की भी मिलीभगत है।

### गोल्डेन क्रेसेन्ट देशों से भी भारत में होती है ड्रग्स की सप्लाई

भारत में गोल्डेन ट्रैंगल देशों यानी म्यामार, थाईलैण्ड और लाओस के अलावा भारत में पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान से भी बड़े पैमाने पर ड्रग्स की अवैध खेप आती है। दरअसल पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान को ही गोल्डेन क्रेसेन्ट देश कहा जाता है जो भारत में बड़े पैमाने पर ड्रग्स की सप्लाई करते हैं। इसके अलावा भारत में पाकिस्तान से सबसे ज्यादा ड्रग्स की खेप पंजाब और राजस्थान के बार्डर से होकर भारत में आती है। नतीजतन कहीं ना कहीं ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या पाकिस्तान भारत में अवैध ड्रग्स सप्लाई करके भारत की अर्थव्यवस्था को कमजोर करना चाहता है ? दरअसल पाकिस्तान शुरू से ही यह साजिश करता रहा है कि, भारत में किसी ना किसी तरह से ड्रग्स की ज्यादा मात्रा को सप्लाई किया जाए। ताकि देश के युवाओं को ड्रग्स के चंगुल में फसाकर उन्हें नशे का आदि बनाया जा सकें।

### मणिपुर में कुल 60000 किलोमीटर से ज्यादा की भूमि पर होती है ड्रग्स की खेती

दरअसल मणिपुर में ना सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ड्रग्स का अवैध आयात होता है अपितु एक बड़े भू भाग पर गांजा, हीरोईन, अफीम जैसे नशे की खेती भी होती है। गौरतलब हो कि हाल ही में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की सरकार ने मणिपुर में ड्रग माफियाओं के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तमाम क्षेत्रों में ड्रग की खेती को नष्ट किया है। जबकि जानकारी के मुताबिक मणिपुर के चुरा चांदपुर, कांगपोक्पी, कामजोंग सहित चंदेल के इलाके की कुल 6000 किलोमीटर की भूमि पर ड्रग की खेती अवैध रूप से होती है।

### भारत में 650 बिलियन का होता है ड्रग्स का अवैध व्यापार

गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र की संस्था इंटरनेशनल नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड आईएनसीबी के मुताबिक आज भारत अंतरराष्ट्रीय ड्रग व्यापार का मुख्य केंद्र बन चुका है।

आईएनसीबी के आकड़ो के मुताबिक भारत में दुनिया के कुल ड्रग व्यापार का 650 बिलियन से ज्यादा अकेले भारत में ही होती है। इसके अलावा एनसीआरबी के आकड़ों के मुताबिक देश में एनडीपीएस के कुल 60,000 से ज्यादा केस दर्ज हुएं हैं। इसके अलावा केवल उत्तर प्रदेश में कुल 11000 से ज्यादा एनडीपीएस के केस दर्ज हैं।

ऐसे में सबसे बड़ा सवाल है कि आखिरकार देश के अंदर इतनी बड़ी मात्रा में ड्रग का व्यापार कैसे संचालित हो रहा है ? सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के आकड़ों के मुताबिक भारत में 10-75 साल की उम्र के कुल 2 प्रतिशत आबादी ड्रग्स का नशे के रूप में सेवन करती है।

### भारत को ड्रग्स के अवैध व्यापार को रोकने के लिए उठाने होंगें सख्त कदम

भारत सरकार को विदेशी देशों मसलन पाकिस्तान, चीन , म्यामार , थाईलैण्ड और लाओस से देश के अंदर बड़ी मात्रा में आने वाली ड्रग्स की भारी खेप को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। दरअसल पड़ोसी देशों पाकिस्तान और म्यामार की सीमा से भारत के अंदर अवैध रूप से भारी मात्रा में ड्रग्स आती रहती है। नतीजतन इस ड्रग्स का सेवन करके देश का युवा ड्रग्स का आदि बनकर मानसिक और शारीरिक रूप से काफी कमजोर होता जा रहा है।

ऐसे में केंद्र सरकार को अपनी सभी अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर ऐसी अवैध ड्रग तस्करी को रोकने के लिए और ज्यादा चौकसी और सख्ती बढ़ानी चाहिए।

ताकि सीमा पर ज्यादा सख्ती और चौकसी से देश में अवैध रूप से ड्रग्स लाने वाले तस्करों को पकड़ा जा सकें और ड्रग को देश में आने से रोका जा सके।

# शार्ट न्यूज

## मऊ के जिलाधिकारी को मिली धमकी

**मऊ।** उत्तर प्रदेश के मऊ में जिलाधिकारी को ट्विटर अकाउंट पर धमकी दिए जाने का मामला सामने आया है। प्रशासन ने धमकी देने वाले शख्स के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा (एफआईआर) दर्ज करा दी है। गौरतलब है घोसी विधानसभा उपचुनाव की तैयारी के मद्देनजर निर्वाचन अधिकारी ने भ्रमण इत्यादि सूचनायें अपने ट्विटर अकाउंट पर डाली थी। उसके बाद ज्योति यादव के नाम से संचालित एक ट्विटर अकाउंट पर जिलाधिकारी अरुण कुमार को सपा सरकार आने पर नौकरी से हाथ धो देने व अन्य प्रकार की धमकी दी गई। ट्विटर अकाउंट पर चले इस धमकी को संज्ञान में लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा गठित सोशल मीडिया निगरानी समिति के प्रभारी राघवेंद्र पांडेय द्वारा उक्त ज्योति यादव के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई। थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506,507,171 एफ,171 जी के अंतर्गत एफआईआर दर्ज की गई।

## टेंपो और पिकअप की भिड़ंत,दो मरे नौ घायल

फर्रुखाबाद। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के शमशाबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार को एक टेंपो और पिकअप के बीच भिड़ंत में दो महिलाओं की मौत हो गई जबकि नौ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कासगंज जिले के पटियाली में भोले बाबा के सत्संग से घर वापस लौट रहे नौ श्रद्धालुओं से भरा एक टेंपो शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खुड़ना घमगमा के सामने पहुंचा कि तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार वाली एक पिकअप से जोरदार भिडन्त हो गयी। इस हादसे में ग्राम पंचायत असगरपुर निवासी रानी देवी (55) और धनदेवी (65) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बीना देवी, विट्टन देवी, गुड्डी, शकुंतला, गीता, लक्ष्मी, काव्या, राकेश और चालक जितेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ही उपचार के लिए भिजवाया गया।

## हापुड कांड की जांच के लिये गठित एसआईटी में सेवानिवृत्त न्यायाधीश शामिल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने हापुड़ में वकीलों पर हुये लाठीचार्ज के आरोप की जांच के लिये गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) में परिवार न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश को शामिल किया है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच के लिए मेरठ के मंडलायुक्त की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी का गठन किया है। एसआईटी में पुलिस महानिरीक्षक मेरठ और मुरादाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक के साथ साथ परिवार न्यायालय लखनऊ के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश हरिनाथ पांडे को भी सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि चार सदस्यीय जांच कमेटी को घटना के सभी पहलुओं की जांच कर अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेंगी। गौरतलब है कि 29 अगस्त को एक वकील के खिलाफ मामला दर्ज किए जाने के विरोध में प्रदर्शन के दौरान हापुड जिले में पुलिस ने वकीलों पर लाठीचार्ज किया था।

## नीरज चोपड़ा की प्रतिमा से भाला चोरी



मेरठ। मेरठ में स्पोर्ट्स सिटी चौराहे पर लगी विश्व विजेता एथलीट नीरज चोपड़ा की मूर्ति से भाला चोरी होने का मामला सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने इसका संज्ञान लिया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि शहर में हापुड अड्डा के नवीनीकरण के बाद स्पोर्ट्स सिटी चौराहे का नाम रखा गया है, जहां ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा की भाला पकड़े हुए प्रतिमा स्थापित की गई है। सोमवार देर रात किसी चोर ने प्रतिमा से भाला चुरा लिया। मंगलवार को इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवाण ने पुलिस उपाधीक्षक किठौर को जांच सौंपी है।

## शाहजहांपुर में 2 करोड़ की अफीम पकड़ी

**शाहजहांपुर।** लोग समझे बोरे में कपड़ा रखा है, लेकिन बोरे में कपड़ों के साथ अफीम की तस्करी जा रही थी। शक होने पर पुलिस ने बस स्टैंड के पास से एक कासगंज के तस्कर को गिरफ्तार किया है। बोरे में रखी 2 किलो अफीम बरामद की। जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में दो करोड़ रुपये कीमत बताई गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस उन लोगों की भी तलाश कर रही है। जिनके पास इस अफीम को सप्लाई करना था। थाना कांट पुलिस को बीती रात मुखबिर से सूचना मिली कि क्षेत्र में बस स्टैंड के पास एक युवक अफीम की तस्करी करने वाला है। थाना प्रभारी ने भारी पुलिस के साथ बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर दी। पुलिस ने बस से उतरने वाले एक युवक को बोरे के साथ गिरफ्तार किया है। बोरे के बारे में पूछताछ करने पर युवक ने उसमें कपड़ा बताया। इसके बाद पुलिस ने जब बोरे की तलाशी ली तो, बोरे में रखे कपड़ों के नीचे अफीम का बड़ा पैकेट रखा था। पुलिस ने 2 किलो अफीम बरामद कर ली है। बरामद अफीम की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 2 करोड़ रुपये बताई गई है। आरोपी आमिर कासगंज का रहने वाला है।

## ट्रक की टक्कर से टेंपो सवार 2 बच्चों की मौत

**बरेली।** बरेली के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र में मंगलवार दोपहर ढाई बजे ट्रक ने टेंपो में टक्कर मार दी। बताया गया है कि ट्रक ने पीछे से टेंपो में टक्कर मारी है। जिसके बाद टेंपो सड़क पर पलट गया। इस दौरान एक किशोर एक और किशोरी की हादसे में मौत हो गई। मौके पर पहुंची थाना पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि शाहजहांपुर जिले के गढिया रंगीन क्षेत्र के रपड़िया नवादा निवासी रजनी (8 साल) पुत्री प्रेमराज की मौत हुई है। वहीं शाहजहांपुर के कांठ के हासिमपुर खेड़ा निवासी अनुराग (8 साल) पुत्र ध्रुव कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। टेंपो पलने के बाद दोनों बच्चे ट्रक के पहिए के नीचे आ गए थे। यह सभी पीलीभीत के बीसलपुर से नामकरण के बाद लौट रहे थे। दोनों बच्चे आपस में रिश्तेदार हैं। इनके इनके परिजनों को भी चोट लगी है। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि यह टेंपो फरीदपुर से कटरा जा रहा था। सिमरा गांव के पास टेंपो सड़क किनारे सवारियों को बैठा रहा था।

## अयोध्या में वकीलों ने किया प्रदर्शन

**अयोध्या।** अयोध्या में वकीलों ने आज हापुड़ की घटना के विरोध में प्रदर्शन किया। वकील सड़कों पर निकले और मामले में कार्रवाई की मांग की। बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर फैजाबाद बार एसोसिएशन ने मुख्य सचिव, डीजीपी व एडीजीपी का बार एसोसिएशन कार्यालय के सामने पुतला फूंका। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। बार एसोसिएशन फैजाबाद के अध्यक्ष कालिका मिश्र ने कहा कि बार काउंसिल आफ इंडिया के आह्वान पर मुख्य सचिव डीजीपी व एडीजीपी का पुतला फूंका गया। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन अभी जारी रहेगा। हालांकि वकीलों ने मांग की है कि हापुड़ की घटना में जल्द से जल्द दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई हो। जल्द से जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए। इसके साथ ही जांच कमेटी टीम के गठन को लेकर भी वकीलों ने सवाल उठाए। वकील संगठन ने कमेटी में हाईकोर्ट के पूर्व जजों को शामिल करने की मांग उठाई।

# कुपोषण खत्म करने को योगी सरकार प्रतिबद्ध

### संभव अभियान के दौरान मिले ढाई लाख सैम बच्चों का हो रहा इलाज

लखनऊ। प्रदेश सरकार कुपोषण को राज्य से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। पूरे प्रदेश में जून में चले संभव अभियान में चिंहित किए गए ढाई लाख कुपोषित बच्चों का उपचार किया जा रहा है, जिससे इनकी भी कद काठी सामान्य बच्चों की तरह बढ़ सके। अगले माह इन सभी बच्चों की प्रोग्रेस रिपोर्ट आंकी जाएगी।



शासन की ओर से वर्ष 2021 से हर साल कुपोषित बच्चों को खोजने के लिए संभव अभियान चलाया जा रहा है। पिछले दो वर्षों से आयोजित हो रहे संभव अभियान के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। ई-कवच से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक इस साल शून्य से पांच साल के दो लाख 48 हजार 728 अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों को चिन्हित किया गया है। इन बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार टीकाकरण, आयरन, फालिक एसिड, मल्टी विटामिन, कैल्शियम दिया जा रहा है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हर 15 दिनों पर इन चिन्हित बच्चों के घर जाकर इनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही हैं कि इनका वजन बढ़ रहा है कि नहीं। जरूरत के अनुसार अभी तक 16645 बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र (एन ?आरसी) रेफर किया गया है।63148 और बच्चों को एनआरसी रेफर किया जाना है। एक सितंबर से राष्ट्रीय पोषण माह शुरू हो चुका है। इस दौरान इन चिन्हित बच्चों की जांच की जाएगी कि इनमें कितने बच्चे स्वस्थ हुए। अक्टूबर में पूरे अभियान का मूल्यांकन किया जाएगा। दिसंबर में बच्चों का फिर से वजन लिया जाएगा और यह देखा जाएगा कि बच्चों के पोषण की स्थिति में कोई परिवर्तन हुआ है कि नहीं।

### पोषण अभियान में बिजनौर अव्वल

संभव अभियान में मुरादाबाद मंडल की परफार्मेंस प्रदेश में बेस्ट रही है। बिजनौर प्रथम, उन्नाव दूसरे, मुरादाबाद तीसरे, वाराणसी चौथे और जौनपुर पांचवें बेहतरीन जनपद के रूप में उभरा है। गाजियाबाद छठे, श्रावस्ती सातवें, रामपुर आठवें, अमरोहा नवें और चंदौली 10वें स्थान पर रहा। जिलों की रैंकिंग सात मानकों के आधार पर की गई है।

### इस तरह से माने जाते हैं बच्चे कुपोषित

एसजीपीजीआई की डायटीशियन प्रीति यादव बताती हैं कि यदि बच्चे का वजन और उसकी लंबाई एक निश्चित अनुपात में नहीं है तो उस बच्चे को कुपोषित माना जाएगा। इसके साथ ही यदि छह माह तक के बच्चे के दोनों पैरों में सूजन है तो वह भी कुपोषित की श्रेणी में आएगा।

### ऐसे बचाएं बच्चे को कुपोषित होने से

- गर्भावस्था के दौरान खानपान का रखें पूरा ख्याल
- जन्म के तुरंत बाद कराएं स्तनपान
- छह माह तक सिर्फ मां का दूध पिलाएं, बाहर का कुछ भी न दें
- छह माह बाद बच्चे को दें मां के दूध के साथ पौष्टिक आहार

## डॉ. दिनेश शर्मा को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री का जताया आभार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक सीट के लिए हो रहे राज्यसभा उपचुनाव के लिए मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी डॉ. दिनेश शर्मा ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन के समय स्वयं सीएम योगी भी मौजूद रहे। सीएम योगी के साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की मौजूदगी में नामांकन दाखिल किया गया। उपचुनाव में डॉ दिनेश शर्मा का निर्विरोध निर्वाचन तय माना जा रहा है। राज्यसभा की यह सीट बीते जून में भाजपा सांसद हरद्वार दुबे के निधन से खाली हुई है। नामांकन से पूर्व सीएम योगी ने भाजपा मुख्यालय में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज शिक्षक दिवस है और इस अवसर पर एक शिक्षक के रूप में दिनेश शर्मा जी राज्यसभा के उपचुनाव के लिए अपना नामांकन करने जा रहे हैं। शिक्षक दिवस पर आप सबको बधाई देते हुए ह्दय से उनका अभिनंदन करता हूं। दिनेश शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए संगठन के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर अपनी शानदार पारी को आगे बढ़ाया है। प्रदेश के अध्यक्ष के रूप में, लखनऊ के महापौर के रूप में भी उन्होंने बेहतरीन कार्य किया है।2017 से 2022 के बीच में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद उप मुख्यमंत्री के दायित्व के साथ ही माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभागों की जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए कई अहम कदम उठाए। आज पार्टी ने उन्हें राज्यसभा उपचुनाव में अपने प्रत्याशी के रूप में उतारा है। डॉ. दिनेश शर्मा जी पंडित दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेई जी के मूल्यों और सिद्धांतों से सदैव जुड़े रहे हैं। इस अवसर पर डॉ. दिनेश शर्मा जी को राज्यसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत पूरे केंद्रीय मंत्रिमंडल और पार्टी के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

# बारिश से तबाह फसलों के मुआवजे को लेकर महापंचायत

### भाकियू के तत्वावधान में चरथावल में जुटे किसान

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर में पिछले दिनों बारिश से तबाह हुई फसलों के मुआवजे को किसान आंदोलित है। भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में मंगलवार को चरथावल में महापंचायत का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों ने क्षतिग्रस्त फसलों के एवज में मिलने वाले मुआवजे को बहुत कम बताते हुए आवाज बुलंद की। किसानों ने कहा कि बारिश और बेसहारा पशुओं ने फसलों को तबाह करके रख दिया है। चरथावल में भारतीय किसान यूनियन की महापंचायत में आसपास के सैकड़ों गांव के हजारों किसानों ने हिस्सा लिया।

भारतीय किसान यूनियन मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा के नेतृत्व में आयोजित पंचायत के दौरान किसानों ने जमकर भड़ास निकाली। विकास शर्मा ने कहा कि पिछले दिनों लगातार हुई बारिश से चरथावल क्षेत्र के दर्जनों गांव में सैकड़ों किसने की फसल बर्बाद हो गई। गन्ने की फसल बर्बाद होने से किस सड़क पर आ गए हैं। प्रतिदिन का खर्च भी नहीं चल रहा है। सर्वे के बाद सरकार ने जो मुआवजा तय किया है। वह ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। प्रति बीघा 100 और 200 रुपए का मुआवजा दिए जाने की तैयारी है।

### किसानों ने 11 सूत्रीय मांग पत्र प्रशासन को सौंपा

उन्होंने कहा कि भारतीय किसान यूनियन मांग करती है कि किसान को 10 हज़ार रुपये प्रति बीघा के हिसाब से नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिलाया जाए। उन्होंने किसानों को आवारा पशुओं से बचाने की भी मांग की। ढोल नगाड़ों की थाप से पंचायत स्थल गूंज उठा।

किसानों ने 11 सूत्रीय मांग पत्र स्थानीय प्रशासन को सौपा। जिसमें किसने की ट्यूबवेल पर प्रतिदिन होने वाली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने और खुलासा कर माल बरामद करने की मांग की गई। इनके अलावा जर्जर सड़कों की मरम्मत। संपर्क मार्गों का निर्माण और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरथावल के भवन पुनर्निर्माण की मांग की गई।

## भदोही में राजनीतिक आंदोलन के मामले में निरूद्ध 59 लोग बरी

भदोही। उत्तर प्रदेश में भदोही जिले की एक अदालत ने मंगलवार को राजनीतिक आंदोलन के एक मामले में 59 लोगों को दोष मुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। अदालती सूत्रों ने यहां बताया कि वर्ष 2008 में शहर कोतवाली क्षेत्र के अजीमुल्ला चौराहे पर समाजवादी पार्टी द्वारा सड़क, बिजली व पेयजल समेत अन्य जन समस्याओं को लेकर जन आंदोलन किया गया था, जिसमें पूर्व सांसद रामरति बिंद, पूर्व मंत्री दीनानाथ भास्कर, वर्तमान सपा विधायक जाहिद बेग सहित 66 लोग आरोपी बनाए गए थे। पुलिस ने धारा 144 के उल्लंघन समेत 188, 353, 343, 504 व 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मामले में लगभग 15 साल तक चली अदालती प्रक्रिया के बाद मंगलवार को न्यायालय का फैसला आया है। विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट साधना गिरी की अदालत ने पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में 59 लोगों को साक्ष्य के अभाव में दोष मुक्त करार देते हुए बरी कर दिया। मामले में आरोपित सात लोगों की मौत हो चुकी है।

# गोरखपुर के चिलुआताल में 3 दोस्त डूबे, 2 की मौत

### नहाते समय गहरे पानी में डूबने लगा एक दोस्त, बचाने गया दूसरा भी डूब गया

**गोरखपुर।** गोरखपुर में मंगलवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। चिलुआताल के बामंत माता मंदिर स्थित महेसरा रेलवे पुल के नीचे नहाते समय 3 दोस्त ताल में डूब गए। आसपास मौजूद लोगों ने एक को तो किसी तरह बचा लिया। लेकिन दो की पानी में डूबकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों की मदद से दोनों के शवों को बाहर निकाला पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, घटना के बाद दोनों मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पूरे मोहल्ले में भी मातम छाया है।

### एक को बचाने में दूसरा भी डूबा

गोरखनाथ इलाके के कुंतीनगर जाहिदाबाद के रहने वाले अशरफ का बेटा आमीर (22) के साथ वहीं का



रहने वाले साहिल उर्फ कैफ (16) और रेहान (22) मंगलवार की सुबह महेसरा गए हुए थे। तीनों आपस में रिश्तेदार थे। यहां पहुंचते ही तीनों ने चिलुआताल में नहाने की प्लानिंग कर ली। तीनों बामंत मंदिर से पूरब रेलवे पुल के नीचे पानी में नहाने लगे। इस बीच एक युवक नहाते समय गहरे पानी में जाते ही डूबने लगा। उसे बचाने के चक्कर में अन्य दोनों युवक भी डूबने लगे। तीनों को डूबता देख आसपास के लोग उस तरफ दौड़े और किसी तरह आमीर को बचा लिया। लेकिन, साहिल और रेहान नदी के तेज बहाव में डूब गए।

### स्टूडेंट थे तीनों

आमीर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ टीम और गोताखोरों की मदद से करीब 4 घंटे की कड़ी मशक्कत कर दोनों के शवों को बाहर निकाला। मृतक साहिल उर्फ कैफ सेंट जोसफ स्कूल में 10वीं का छात्र था। उसके पिता कैंपियरगंज में प्राइवेट मेडिकल प्रेक्टिस करते हैं।

जबकि, रेहान गोरखपुर से इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने के बाद दिल्ली में अपने माता- पिता के साथ रहकर तैयारी करता था। वहीं, तीसरा बचा हुआ युवक आमीर गीडा के एक प्राइवेट कॉलेज से इंजीनियरिंग कर रहा है। इंस्पेक्टर चिलुआताल राकेश कुमार मिश्रा ने बताया, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# बिकरू कांड में पहली बार 23 दोषियों को सजा

### गैंगस्टर विकास दुबे के खजांची जय वाजपेयी समेत सभी आरोपियों को 10 साल कैद; 7 बरी

कानपुर। 2 जुलाई 2020...कानपुर के बिकरू गांव की खौफनाक रात शायद ही कोई भूल पाए। गैंगस्टर विकास दुबे को अरेस्ट करने गई पुलिस टीम पर गोलियों की बौछार हुई। डिप्टी एसपी समेत 8 पुलिसकर्मियों की नृशंस हत्या कर दी गई। इस घटना के 3 साल बाद मंगलवार को कानपुर देहात की गैंगस्टर कोर्ट ने पहली बार सजा सुनाई। न्यायाधीश दुर्गेश पांडेय ने विकास दुबे के खजांची जय वाजपेयी समेत 23 आरोपियों को 10-10 साल की सजा और 50-50 हजार जुर्माना लगाया है। जबकि 7 आरोपियों को दोषमुक्त होने पर बरी कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस की लचर पैरवी से गुड्ड त्रिवेदी समेत 7 आरोपियों को



कोई सजा नहीं मिली।

कोर्ट के फैसले के बाद दोष मुक्त किए गए 7 आरोपियों के परिजनों ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। वहीं अन्य 23 आरोपियों के परिजनों ने हाईकोर्ट में आदेश के खिलाफ अपील करने की भी बात कही है।

बिकरू कांड में शामिल 45 आरोपियों को जेल भेजा गया था। इसमें से 5 को पहले ही जमानत मिल चुकी है। मामले में विकास दुबे और उसके गैंग की अब तक 72 करोड़ की संपत्ति जब्त हो चुकी है। इसके साथ ही 7 पर एनएसए और 45 पर गैंगस्टर की कार्रवाई हो चुकी है।

### 79 मुकदमे हुए थे दर्ज, 63 में चार्जशीट दाखिल

इस हत्याकांड ने न सिर्फ प्रदेश बल्कि देश को हिला दिया। डीजीपी से लेकर कानपुर में तैनात एसएसपी दिनेश कुमार और ह्रुत मोहित अग्रवाल एक्शन में आए। विकास दुबे के गैंग के एक के बाद एक 6 बदमाशों को एनकाउंटर में मार गिराया।

45 आरोपियों को जेल भेजा गया। बिकरू कांड के बाद विकास दुबे और उसके गैंग के सदस्यों, सहयोगियों सहित 91 लोगों के खिलाफ 79 मुकदमे दर्ज किए गए। जिसमें 63 केस में चार्जशीट दाखिल की गई। 6 अपराधियों की पुलिस मुठभेड़ में मौत होने के कारण इन पर दर्ज मुकदमों में अंतिम रिपोर्ट लगाई गई।

### पैरवी के लिए बनाया बिकरू पैरवी सेल

बिकरू कांड से संबंधित कोर्ट में ट्रायल चल रहा था। मुकदमे की अच्छी पैरवी करने के लिए कानपुर कमिश्नरेट की ओर से बिकरू पैरवी सेल का गठन किया गया था। ताकि मजबूत पैरवी करके अधिक से अधिक सजा दिलाई जा सके।

# अयोध्या में राममंदिर का पहला गुम्बद बनकर तैयार

**अयोध्या।** अयोध्या में बन रहे भव्य राममंदिर का पहला गुम्बद लगभग बनकर तैयार हो चुका है। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों के के बीच राम मंदिर के पहले तल का निर्माण तेज हो गया है। भगवान श्रीराम की जन्मभूमि पर 500 साल बाद बन रहे भव्य मंदिर पर एक शिखर और पांच गुंबद बन रहा है। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी की तस्वीर में राम मंदिर के प्रथम तल पर रंगमंडप का गुम्बद आकार लेता दिखाई दे रहा है। रंग मंडप पर गुम्बद को कारीगर अंतिम रूप दे रहे हैं। आज राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा की तिथि पर भ अंतिम मुहर लगाने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने पहुंचें है सीएम योगी आदित्यनाथ और अयोध्या के अधिकारी डीएम नीतिश कुमार और कमिश्नर गौरव दयाल। इसके साथ ही राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र भी इस महत्वपूर्ण मीटिंग का हिस्सा रहेंगे। बताते चले कि अयोध्या के राम मंदिर का आगामी 14 से 24 जनवरी के बीच प्राण प्रतिष्ठा होना तय है। इसकी मुख्य तारीख पर आज दिल्ली में मुहर लग सकती है। इसमें केवल 5 माह रह गए हैं। समारोह के लिए कार्यक्रम स्थल पर केवल 10 हजार कुर्सियां राम भक्तों और संतों के लिए लगेगी। जबकि इस दिन अयोध्या में अनुमानित दो लाख लोगों के रहने और भोजन आदि की व्यवस्था में राम मंदिर ट्रस्ट जुटा हुआ है।

# बुलंदशहर में दिनदहाड़े साढ़े 14 लाख की लूट

**बुलंदशहर।** बुलंदशहर ककोड़ में नकाबपोश बदमाशों ने सोमवार की देर शाम फायरिंग कर कार सवार युवक से साढ़े 14 लाख रुपए की नगदी लूट ली। घटना को अंजाम देकर बदमाश 2 बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। दिनदहाड़े लूट की घटना की सूचना पर एसपी सिटी, सीओ सिकंदराबाद, थाना ककोड़ व चोला पुलिस मौके पर पहुंचकर देर शाम तक बदमाशों की तलाश की लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा पुलिस जांच में जुटी।

खुर्जा नगर कोतवाली क्षेत्र के गांव अग्रवाल निवासी इमरान ने बताया कि ककोड़ क्षेत्र में वैर फ्लाईओवर के पास उसकी जमीन है। उस पर वह मैरिज होम बनवा रहा है। सोमवार वह निर्माण कार्य के लिए साढ़े 14 लाख रुपए लेकर कार से चोला फ्लाईओवर होते हुए निठारी मार्ग से वैर जा रहा था।

जैसे ही वह वैर फ्लाईओवर से



पहले वैर बंबे के पास पहुंचा तो रास्ते में उसे दो बाइक खड़ी दिखाई दीं। सिंगल रोड होने के कारण उसने कार की गति को धीमी की। इसी दौरान एक के खेत से चार नकाबपोश बदमाश निकालकर आए और फायरिंग करने लगे। एक गोली कर की खिड़की पर लगी और दूसरी शीशे में लगी। गोली चलते ही वह घबरा गया और कार खेत में उतार दी। कार रुकते ही बदमाशों ने घेर लिया और खिड़की खुलवाई। गन प्वाइंट पर बैग में रखे साढ़े 14 लाख रुपए से भरा बैग लूटकर फरार हो गए।

## आजमगढ़ में फूंका गया मुख्य सचिव और डीजीपी का पुतला

आजमगढ़। उत्तर प्रदेश के हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए पुलिस के लाठी चार्ज के मामले में बार काउंसिल के आह्वान पर आजमगढ़ जिले में बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकत्रित होकर प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी का पुतला फूंक कर विरोध जताया। विरोध कर रहे अधिवक्ताओं का कहना है कि दोषी पुलिस के अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। अधिवक्ताओं का कहना कि बारे में बार काउंसिल जो भी फैसला लेगी हम लोग उसके साथ खड़े हैं और इस दौरान जिले के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत भी रहे। इस दौरान भारी संख्या में अधिवक्ताओं का हुजूम सड़क पर निकल पड़ा। इस बारे में वरिष्ठ अधिवक्ता मंत्री उदय राज यादव का कहना है कि जिस तरह से पुलिसकर्मियों ने बार-बार तरीके से लाठी चार्ज किया है ऐसे सभी दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए इन्हें बर्खास्त किया जाए इसके साथ ही पीड़ित वकीलों के परिजनों को मुआवजा दिया जाए।

# सहारनपुर में मुठभेड़ में तीन बदमाश गिरफ्तार

### शामली से सहारनपुर में 18 दिन बाद दोबारा करने आए थे लूट

**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बदमाश शामली के थानाभवन के रहने वाले हैं। बदमाश 18 अगस्त को गांव नानौता में एक महिला से बैग छीनकर फरार हुए थे। पुलिस को बदमाशों के पास से तीन तमंचे, लेडीज पर्स और लूट के तीन हजार रुपए भी बरामद किए है। मामला थाना नानौता है।

पुलिस लाइन सभागार में एसपी देहात सागर जैन ने बताया, थाना नानौता पुलिस को मुखबिर से तीन बदमाशों के आने की सूचना मिली। पुलिस ने दिल्ली-सहारनपुर रोड पर गंग नहर पुल के पास चेकिंग शुरू कर दी। तभी एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए तीनों बदमाश अजय, सागर वर्मा और सोनू को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस



बदमाशों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। बदमाशों ने 18 अगस्त को एक महिला से बैग छीनकर फरार हो गए थे। जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच करना शुरू की। पुलिस को पूछताछ में बदमाशों ने बताया, 18 अगस्त को बाइक पर सवार होकर नानौता से सहारनपुर जाने वाले हाइवे पर जैन मंदिर के पास बाइक सवार महिला से एक लेडिज पर्स छीना था। छीना झपटी में महिला बाइक से नीचे गिर गई थी। तीनों बदमाश पर्स छीनकर खुडाना नहर पुल से बाई तरफ मुडकर गंगनहर की पटरी से वापस शामली भाग गए। बदमाशों ने बताया गंगनहर पटरी पर डेर वाले पुल के पास जाकर पर्स को चेक किया। उसमें शगुन के दो पीले लिफाफों में 500-500 रुपए के दो नोट मिले। पर्स में 20 के नोट की एक नई गड् ?डी में से निकालकर एक हजार रुपए खाने पीने में खर्च कर दिए। तीनों पर एक-एक हजार रुपए बरामद हुए है। उसी लूट के बचे हुए रुपए मिले हैं। आधार कार्ड और लूट के रुपए अजय ने अपने पास रख लिए। बदमाशों ने बताया, आधार कार्ड के अलावा एक छोटा सैमसंग कंपनी का पेडवाला मोबाइल फोन भी मिला था।

## शार्ट न्यूज

### जी 20 बैठक के दौरान डाकघर रहेंगे बंद

नयी दिल्ली। राजधानी दिल्ली में भारती की अध्यक्षता में होने जा रहे जी 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन के दौरान डाकघर भी बंद रहेंगे। डाक विभाग ने आज यहां यह जानकारी दी। इसको लेकर जारी बयान में कहा गया है कि जी 20 बैठक के कारण यातायात पर कुछ प्रतिबंध लगाये गये हैं। इसके साथ ही सात सितंबर को जन्माष्टमी है और राजपत्रित अवकाश भी है लेकिन दिल्ली के निवासियों को डाक वितरण के लिए पार्सल सहित सभी वस्तुओं की डिलिवरी दिल्ली सर्कल के सभी डाकघरों में सात सितंबर को की जायेगी और डाकघर खुले रहेंगे। उसने कहा कि हालांकि आठ से 10 सितंबर तक राजधानी में यातायात पर कुछ प्रतिबंध होने के कारण डाकघर बंद रहें और इस दौरान डाक वितरण में विलंब होने की उम्मीद है।

### रुपया 83 रुपये प्रति डॉलर के पार

मुंबई। वैश्विक स्तर पर दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में रही तेजी के बीच घरेलू स्तर पर अमेरिकी मुद्रा की मांग आने के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 35 पैसे फिसलकर 83 रुपये प्रति डॉलर के अब तक रिकार्ड निचले स्तर को पार करते हुये 83.07 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। रुपया पिछले सत्र में 82.72 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज आठ पैसे की कमजोरी के साथ 82.80 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह इससे ऊपर नहीं चढ सका। डॉलर की मांग आने के दबाव में यह 83.07 रुपये प्रति डॉलर तक टूटा और यही इसका न्यूनतम स्तर भी रहा। इसी तरह पर यह बंद भी हुआ। हालांकि पिछले तीन सत्रों से शेयर बाजार में तेजी रहने से विदेशी मुद्रा प्रवाह भी बढ़ा है।

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नयी दिल्ली। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा। वैश्विक स्तर पर आज अमेरिकी क्रूड 0.42 प्रतिशत गिरकर 85.19 डॉलर प्रति बैरल पर और लंदन ब्रेंट क्रूड 0.90 प्रतिशत उतर कर 88.20 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### फसली सीजन को लेकर सुरक्षा चाक चौबंद

सिरसा। हरियाणा में सिरसा जिला पुलिस की ओर से फसली सीजन को देखते हुए जिला भर की सभी अनाज मण्डियों में सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं, कि वे फसली सीजन के दौरान उनके क्षेत्र में आने वाली सभी मंडियों में सुरक्षा की दृष्टि से पुख्ता प्रबंध करें तथा पूरी सख्ती व सावधानी बरतें ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना व अपराधिक वारदात की पुनरावृत्ति ना होने पाए। उन्होंने बताया कि जिला के सभी अनाज मंडियो में अतिरिक्त सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं। इसके अलावा प्रत्येक अनाज मंडी के आसपास घुड़सवार दस्ते, पीसीआर, डायल 112 तथा मोटरसाइकिल राइडर गश्त करेंगे तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखेंगे।

### ब्याज कम हो तो पीएफ से चुका सकते हैं लोन

**नई दिल्ली।** लंबे समय तक ब्याज भुगतान से बचने के लिए लोग लोन का प्री-पेमेंट करने के ऑप्शन खंगालते रहते हैं। ईपीएफ खाते में पड़ी रकम इसका एक विकल्प हो सकती है। हालांकि, क्या रिटायरमेंट फंड की रकम से होम लोन चुकाना सही है? ये इस पर निर्भर करता है कि दोनों में से किसकी ब्याज दर ज्यादा है। यदि होम लोन की ब्याज दर ईपीएफ के रेट से ज्यादा हो तो इसकी रकम से लोन का प्री-पेमेंट कर सकते हैं। इसके अलावा यदि आप करिअर के शुरुआती दौर में हैं तो भी ये विकल्प अपना सकते हैं, क्योंकि आपके पास पैसे जमा करने के लिए लंबा समय होगा। EPFO होम लोन चुकाने के लिए जमा राशि का अधिकतम 90 प्रतिशत निकालने की अनुमति देता है। इसके लिए 10 साल की सर्विस पूरी होनी चाहिए। ये भी ध्यान रखें कि होम लोन किसी राष्ट्रीय बैंक, रजिस्टर्ड को-ऑपरेटिव, नेशनल हाउसिंग बोर्ड जैसे संस्थाओं से लिया गया हो।

### आम चुनाव से पहले 10 प्रतिशत चढ़ सकता है शेयर बाजार

मुंबई। अमेरिकन वित्तीय सेवा प्रदाता मॉर्गन स्टेनली ने कहा है कि मई-2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले भारतीय शेयर बाजार 10 प्रतिशत की बढ़त ले सकता है। अगर चुनाव के नतीजे उम्मीद के अनुरूप नहीं आए तो बाजार 40 प्रतिशत तक घट भी सकता है। संस्था के मुताबिक, शेयर बाजार हमेशा आम चुनाव के लेकर आशावान रहा है। इस बार भी वह चुनाव में बेहतर नतीजे की उम्मीद कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह उम्मीद इस बात से जुड़ी है कि मौजूदा सरकार फिर चुनकर आएगी। बाजार की नजर इस बात पर भी रहेगी कि विपक्षी गठबंधन किस तरह से सीटों का बंटवारा करता है। मॉर्गन स्टेनली के लिए यह रिपोर्ट रिदम देसाई ने शीला राठी और नयंत पारेख के साथ तैयार की है। बाजार यह मानकर चल रहा है कि चुनाव तय समय से पहले नहीं होंगे।

## डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की रूपरेखा और सिद्धांतों पर वैश्विक सहमति बनी : चन्द्रशेखर

नयी दिल्ली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने आज कहा कि भारत की जी20 की अध्यक्षता के अंतर्गत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की परिभाषा, रूपरेखा और सिद्धांतों पर ऐतिहासिक वैश्विक सहमति हासिल की गई है।

चंद्रशेखर ने जी 20 राष्ट्राध्यक्षों की यहां होने जा रहे शिखर सम्मेलन से पहले यहां संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने अगस्त में आयोजित डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रियों की बैठक के महत्वपूर्ण परिणामों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक ऐतिहासिक पहल में भारत की अध्यक्षता में जी20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्री भविष्य के डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) को प्रभावी ढंग से आकार देने के बारे में एक अभूतपूर्व सहमति पर पहुंचे हैं।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रों के बीच आम सहमति मोटे तौर पर तीन प्रमुख क्षेत्रों – डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा, साइबर सुरक्षा और डिजिटल कौशल – पर केंद्रित है। डीपीआई, पहली बार, एक वैश्विक सहमति पर पहुंचे कि उनकी परिभाषा, रूपरेखा और सिद्धांत क्या होने चाहिए। यह एक रोमांचक बातचीत है जिसने जी20 के संदर्भ में गति पकड़ी है। भारत अब एक अध्ययन का मामला है, एक ऐसे राष्ट्र के रूप में जिसने प्रगति और विकास के लिए तकनीकी उपकरणों को नियोजित और तैनात किया है, जो देश पिछड़ गए हैं वे इसे डीपीआई, एक ओपन-सोर्स डिजिटल बुनियादी ढांचे में भारत की अगुवाई का अनुसरण करने और इसका उपयोग करके वही प्रभाव पैदा करने के तरीके के रूप में देखते हैं जो भारत के पास है। उन्होंने कहा कि इन जी20 वार्तालापों के माध्यम से, हमने यह भी समझा है कि कैसे डीपीआई समावेशन, खासकर वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए एक शक्तिशाली तंत्र है।

भारत ने आर्मेनिया, सिएरा लियोन, सूरीनाम, एंटीगुआ, बारबाडोस, त्रिनिदाद और टोबैगो, पापुआ न्यू गिनी और मॉरीशस जैसे देशों के साथ आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो उन्हें बिना किसी लागत के और स्रोत तक खुली पहुंच के साथ इंडिया स्टैक और डीपीआई की पेशकश करते हैं। इन देशों के पास अब अपनी सीमाओं के भीतर इन संसाधनों को अपनाने और उपयोग करने का अवसर है, जिससे वे अपने अद्वितीय नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को और विकसित कर सकते हैं।

मंत्री ने बताया कि देशों ने तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के महत्व पर जोर देते हुए साइबर सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। साइबर सुरक्षा पर जी20 डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्रियों ने व्यापक चर्चा की है कि व्यवसायों के लिए सुरक्षा क्यों महत्वपूर्ण है। साइबर सुरक्षा दुनिया के सभी देशों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है क्योंकि डिजिटल अर्थव्यवस्था आर्थिक प्रगति और वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक बड़ा घटक बनती जा रही है।

उन्होंने तीसरा बिंदु डिजिटल कौशल था। मंत्री ने कहा कि कोविड के बाद की डिजिटल दुनिया में, राष्ट्रों के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि युवाओं के बीच डिजिटल कौशल सिखाया और पोषित किया जाए।

### शेयर बाजार में तीसरे दिन तेजी

मुंबई। वैश्विक स्तर के मिश्रित रूख के बीच घरेलू स्तर पर हेल्थकेयर, एनर्जी और रियलटी सहित अधिकांश समूहों में तेजी बने रहने से आज लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में लिवाली रही जिससे बीएसई और सेंसेक्स बढ़त बनाकर बंद होने में सफल रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 152.12 अंकों की बढ़त के साथ 65780.26 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज(एनएसई) का निफ्टी 46.10 अंकों की तेजी लेकर 19574.90 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में लिवाली का अधिक जोर रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 1.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 32018.77 अंक पर और स्मॉलकैप 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 37964.55 अंक पर रहा। बीएसई में कुल 3817 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2085 बढ़त में और 1599 गिरावट में रही जबकि 133में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में अधिकांश समूहों में तेजी रही जिसमें हेल्थकेयर 1.29 प्रतिशत, एनर्जी 1.01 प्रतिशत और रियलटी 1.08 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख रहा। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.29 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 2.06 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.71 प्रतिशत और जर्मनी डैक्स 0.06 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बीएसई का सेंसेक्स 43 अंकों की तेजी लेकर 65671.60 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 65831.70 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 65601.47 अंक के निचले स्तर तक टूटा भी। अंत में यह पिछले दिवस के 65628.14 अंकों की तुलना में 152.12 अंक अर्थात 0.23 प्रतिशत बढ़कर 65780.26 अंक पर रहा। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से 18 कंपनियां लाभ में रही जबकि 12 को नुकसान हुआ। एनएसई का निफ्टी 36 अंकों की बढ़त लेकर 19564.65 अंक पर खुला। सत्र के दौरान यह 19525.75 अंक के निचले और 19587.05 अंक के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के 19528.80 अंक की तुलना में 46.10 अंक अर्थात 0.24 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19574.90 अंक पर रहा।

### आईटी क्षेत्र में भर्तियों में भारी गिरावट, एक लाख अस्थायी रोजगार देगी फ्लिपकार्ट

मुंबई। देश में आईटी, बीमा, वाहन, स्वास्थ्य देखभाल व बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) क्षेत्र में सतर्क रुख से अगस्त, 2023 में सालाना आधार पर कार्यालय भर्तियों (व्हाइट कॉलर) में छह फीसदी गिरावट आई है। इस साल अगस्त में 2,666 नौकरियां आईं, जबकि एक साल पहले की समान अवधि में आंकड़ा 2,828 था। नौकरी




जॉबस्पीक सूचकांक के मुताबिक, मासिक आधार पर अगस्त, 2023 में नौकरियों में चार फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। जुलाई, 2023 में 2,573 नौकरियां आईं थीं। आईटी क्षेत्र में भर्तियों में अगस्त, 2023 में सर्वाधिक 33 फीसदी की गिरावट रही। बीमा क्षेत्र में 19 फीसदी, वाहन में 14 फीसदी, स्वास्थ्य देखभाल में 12 फीसदी और बीपीओ में 10 फीसदी की कमी देखने को मिली। फ्लिपकार्ट ने त्योहारी सीजन से पहले एक लाख से अधिक अस्थायी रोजगार देने की योजना बनाई है। फ्लिपकार्ट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हेमंत बद्री ने कहा, द बिग बिलियन डेज में बिक्री बड़े पैमाने पर होती है। मांग पूरी करने के लिए ये भर्तियां आपूर्ति शृंखला में की जाएंगी। महिलाओं व दिव्यांग व्यक्तियों को भी रोजगार का हिस्सा बनाया जाएगा। तेल-गैस क्षेत्र की कंपनियों ने एक साल पहले के मुकाबले अगस्त, 2023 में 17 फीसदी अधिक भर्तियां कीं। आतिथ्य क्षेत्र में 14 फीसदी, फार्मा में 12 फीसदी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र की कंपनियों ने 8 फीसदी अधिक नौकरियां दीं।

## आकलन वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल 6.98 करोड़ रिटर्न में से 6.84 करोड़ सत्यापित

**नयी दिल्ली।** आयकर विभाग त्वरित और कुशल तरीके से आयकर रिटर्न (आईटीआर) की प्रोसेसिंग करने की अपनी प्रतिबद्ध के तहत 05 सितंबर 2023 तक आकलन वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल किए गए 6.98 करोड़ आईटीआर में से 6.84 करोड़ आईटीआर सत्यापित कर चुका है।

विभाग ने आज यहां बताया कि 05 सितंबर तक सत्यापित कुल आईटीआर में से आकलन वर्ष 2023-24 के 6 करोड़ से भी अधिक आईटीआर की प्रोसेसिंग हो चुकी है जिसके परिणामस्वरूप 88 प्रतिशत से भी अधिक सत्यापित आईटीआर की प्रोसेसिंग हो चुकी है। आकलन वर्ष 2023-24 के लिए 2.45 करोड़ से भी अधिक रिफंड पहले ही जारी किए जा चुके हैं।

विभाग ने कहा कि निर्बाध और त्वरित तरीके से करदाता सेवाएं प्रदान करने के विभाग के प्रयासों को निरंतर मजबूत किया जा रहा है।

उसी के अनुरूप आकलन वर्ष 2023-24 के लिए दाखिल रिटर्न के लिए आईटीआर का औसत प्रोसेसिंग समय (सत्यापन के बाद) घटाकर 10 दिन कर दिया गया है, जबकि आकलन वर्ष 2019-20 के लिए यह अवधि 82 दिन और आकलन वर्ष 2022-23 के लिए यह अवधि 16 दिन थी। आकलन वर्ष 2023-24 के लिए ऐसे लगभग 14 लाख आईटीआर हैं जो दाखिल तो किए गए हैं, लेकिन 04 सितंबर 23 तक करदाताओं द्वारा सत्यापित नहीं किए गये थे।

रिटर्न को सत्यापित करने में विफलता के कारण प्रोसेसिंग में देरी होती है क्योंकि करदाता द्वारा सत्यापन पूरा हो जाने के बाद ही रिटर्न की प्रोसेसिंग हो सकती है। करदाताओं की ओर से सत्यापन प्रक्रिया तुरंत पूरी करने का अनुरोध किया जाता है।

लगभग 12 लाख ऐसे सत्यापित आईटीआर हैं जिनमें विभाग द्वारा अतिरिक्त जानकारी मांगी गई है, जिसके लिए करदाताओं को उनके पंजीकृत ई-फाइलिंग खातों के माध्यम से अपेक्षित संचार या सूचना भेजी गई है। करदाताओं से अनुरोध है कि वे इस तरह के संचार या सवाल का शीघ्रता से जवाब दें।

ऐसे कई मामले हैं जिनमें आईटीआर की प्रोसेसिंग हो चुकी है और रिफंड भी निर्धारित हो चुका है, लेकिन विभाग उन्हें जारी करने में असमर्थ है क्योंकि करदाताओं ने अभी तक अपने उस बैंक खाते को सत्यापित या मान्य नहीं किया है जिसमें रिफंड जमा किया जाना है। करदाताओं से अनुरोध है कि वे अपने बैंक खातों को ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से सत्यापित या मान्य करें।

## सीतारमण का जी-20 देशों से क्रिप्टो-परिसंपत्तियों को लेकर रूपरेखा तैयार करने का आह्वान

**मुंबई।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जी 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के राजधानी दिल्ली में होने जा रहे शिखर सम्मेलन से पहले आज इन देशों से क्रिप्टो परिसंपत्तियों से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए एक योजना का आह्वान किया।

सीतारमण ने यहां तीन दिवसीय वैश्विक फिनटेक फेस्ट 2023 का शुभारंभ करने के दौरान यह बात कही। उन्होंने भारत की जी-20 अध्यक्षता का उल्लेख करते हुये कहा कि इस अध्यक्षता के दौरान भारत ने क्रिप्टो परिसंपत्तियों से संबंधित मुद्दों से निपटने के लिए एक रूपरेखा तैयार करने की आवश्यकता बतायी है। आईएमएफ और एफएसबी जैसे संस्थानों ने भी अपना संश्लेषण पत्र



प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा, भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान हमें बहुराष्ट्रीय विकास बैंकों के सुधार, वैश्विक ऋण समस्या, कर चोरी और कराधान की दोहरी-स्तंभ प्रणाली जैसे मुद्दों पर चर्चा और वैश्विक सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के तहत प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में से एक 'राष्ट्रीय अनुभवों पर सूचनाओं के आदान-प्रदान और धन के निर्बाध प्रवाह के लिए राष्ट्रीय तेज भुगतान प्रणालियों के अंतर-कार्यान्वयन से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय पहल' है, जिससे सीमा पार लेनदेन में वृद्धि की उम्मीद है।

वित्त मंत्री ने कहा कि समावेशी, लचीली और टिकाऊ वित्तीय प्रणाली के निर्माण के लिए प्रौद्योगिकी एक प्रभावी उपकरण है। साथ ही, वैश्विक सहयोग और साझेदारी जैसी व्यवस्था बनाने और एक जिम्मेदार वित्तीय व्यवस्था बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सहयोग जरूरी है।

उन्होंने कहा कि जिम्मेदार वैश्वीकरण एक ऐसा मुद्दा है जिसमें हमें भी योगदान देना होगा। वैश्विक वित्तीय प्रणाली के लिए खतरे, जैसे कि भौतिक सीमा खतरे, साइबर खतरे, क्रिप्टो खतरे, मादक पदार्थों की तस्करी, कर चोरी क्षेत्र, अनैतिक वित्तीय प्रथाएं जैसे राउंड ट्रिपिंग, कर चोरी, आदि आज, जब प्रौद्योगिकी आगे बढ़ रही है और बहुत तेज़ गति से बदलते हुए, अलग-अलग देशों के लिए, अपनी अलग-अलग क्षमताओं के साथ, इस तकनीक का उपयोग करना कठिन होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए एक जिम्मेदार वैश्विक वित्तीय प्रणाली का निर्माण बेहद प्रासंगिक हो गया है।

जिस गति से फिनटेक ने वित्तीय प्रणाली में प्रवेश किया है, उसे देखते हुए इस क्षेत्र में समावेशिता, स्थिरता और दृढ़ता, लचीलापन बनाए रखना होगा।

## 12 फीसदी तक बढ़ जाएगी वाणिज्यिक वाहनों की कीमत

**नई दिल्ली।** कई तरह के नियामकीय प्रावधान लागू किए जाने से वाणिज्यिक वाहनों के दाम 10-12 फीसदी तक बढ़ सकते हैं। रेटिंग एजेंसी इक्रा ने सोमवार को रिपोर्ट में कहा कि घरेलू वाहन उद्योग इस समय तेज बदलावों के दौर से गुजर रहा है। वाहन उद्योग ने बहुत कम समय में सख्त उत्सर्जन मानकों को अपनाया है। सरकार उत्सर्जन मानकों, सुरक्षा प्रणालियों और अन्य मानदंडों को लागू करने पर जोर दे रही है। इसका मकसद भारत को अन्य प्रमुख वाहन बाजारों के समान स्तर पर लाना है। एजेंसी ने कहा, वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में वाणिज्यिक वाहनों की बड़ी हिस्सेदारी है। इसलिए, भारतीय वाहन उद्योग में वाणिज्यिक वाहन श्रेणी पर विशेष ध्यान है। चालकों की सुविधा व सुरक्षा बढ़ाने के उपाय भी लागू किए जा रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले समय में वाहन उद्योग में कुछ अन्य नियामकीय बदलाव भी होने वाले हैं। वाणिज्यिक वाहनों के चालक के केबिन में एयर कंडीशनर को जनवरी, 2025 से अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अलावा, आपात स्थिति में सुरक्षित ब्रेकिंग प्रणाली (एबीएस), स्पीड लिमिटिंग डिवाइस (एसएलडी), केबिन में ब्लोवर सुविधा, चालक को सतर्क करने वाली प्रणाली और वाहन में आग लगने की स्थिति में अलार्म बजने जैसी प्रणालियां लागू करने की तैयारी है। - सरकार की ओर से स्कूल बसों व शहरी परिवहन बसों में भी विभिन्न सुरक्षा प्रणालियां एक अक्तूबर, 2023 से लागू करने की तैयारी चल रही है।

## सब्जियों की कीमतों की वजह से जुलाई में मुद्रास्फीति 7.4 प्रतिशत हुई

नई दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि रिजर्व बैंक मुद्रास्फीति के दूसरे दौर के प्रभाव को लेकर सजग है। वे महंगाई दर को चार फीसदी पर लाने के लिए भी प्रयासरत है।

इसके लिए केंद्रीय जोखिमों पर नजर रखेगा, क्योंकि कई बार होने वाले वैश्विक आपूर्ति झटके का मूल्य स्थिति के प्रबंधन पर गहरा प्रभाव पड़ सकता है।

साथ ही उन्होंने कहा कि कम, स्थिर मुद्रास्फीति के दौर में परिवारों, कारोबार क्षेत्रों को अपनी दीर्घावधि की बचत और निवेश योजना बनाने में मदद मिली। शक्तिकांत दास ने दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स में बोलते हुए यह भी कहा कि सब्जियों की कीमतों की वजह से जुलाई में मुद्रास्फीति 7.4 प्रतिशत पर पहुंची है। अब सब्जियों के दाम घटने लगे हैं।

दास ने आगे कहा, आरबीआई यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क है कि महंगाई के संबंध में सामान्यीकरण और दृढ़ता के रूप में दूसरे प्रभावों को हावी न होने दिया जाए।

केंद्रीय बैंक को महंगाई को दो फीसदी कम या ज्यादा के साथ चार फीसदी पर रखने की जिम्मेदारी है। बार-बार होने वाली खाद्य कीमतों के झटके की घटनाएं महंगाई की उम्मीदों के स्थिरीकरण के लिए जोखिम पैदा करती हैं। महंगाई फरवरी 2022 से ऊंचे स्तर पर बनी हुई है। हम इस पहलू पर भी नजर रखेंगे।

दास ने कहा, सरकार की ओर से किए जा रहे निरंतर और समय पर आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप की भूमिका ऐसे खाद्य मूल्य झटकों की गंभीरता और अवधि को सीमित करने में महत्वपूर्ण है। इन परिस्थितियों में मूल्य स्थिरता के लिए किसी भी जोखिम के प्रति सतर्क रहने के साथ समय पर और उचित रूप से कार्य करना जरूरी है।

उन्होंने कहा, हम अभी भी महंगाई के लक्ष्य को चार फीसदी पर लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हालांकि इसके लिए कोई समय सीमा हम नहीं दे सकते। सब्जियों की कीमतों में तेजी से जुलाई में खुदरा महंगाई दर 15 महीने के उच्च स्तर 7.4 फीसदी पर पहुंच गई थी।

वहीं, यह भी सामने आया है कि आरबीआई सीबीडीसी को कॉल मनी मार्केट के लिए टोकन के रूप में विस्तारित करने की योजना बना रहा है। आरबीआई के सूत्रों ने बताया कि आरबीआई अब इंटरबैंक ऋण बाजार में जाने की योजना बना रहा है। ऐसे में होलसेल सीबीडीसी का उद्देश्य विभिन्न तकनीकों को आजमाना है। सूत्रों ने कहा कि होलसेल पायलट के लिए प्रौद्योगिकी पर प्रयोग करना अपेक्षाकृत आसान होता है।

केंद्रीय बजट 2022-23 में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सेंट्रल बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) नामक डिजिटल मुद्रा को शुरू करने की घोषणा की थी।

बाद में वित्त विधेयक 2022 के पारित होने के साथ आरबीआई अधिनियम, 1934 की संबंधित धारा में आवश्यक संशोधन किए गए थे। बता दें कि सीबीडीसी संप्रभु मुद्रा का एक इलेक्ट्रॉनिक रूप है।

यह नकदी की तरह कोई ब्याज अर्जित नहीं करेगा, लेकिन इसे नकद के विभिन्न रूपों में परिवर्तित किया जा सकता है। हाल ही में आरबीआई ने पायलट प्रोजेक्ट होलसेल सीबीडीसी शुरू किया है।

### अगस्त में 8.63 प्रतिशत बढ़ी गाड़ियों की बिक्री


**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन ने अगस्त 2023 में बिकने वाली गाड़ियों की रिपोर्ट जारी कर दी है। इसके मुताबिक भारतीय ऑटो मार्केट में पिछले महीने सालाना आधार पर 8.63त्न की ग्रोथ के साथ 18 लाख 18 हजार 647 व्हीकल्स बिके हैं। जबकि पिछले साल अगस्त में 16 लाख 74 हजार 162 व्हीकल्स बिके थे। सबसे ज्यादा थ्री-व्हीलर की सेल्स में 66.15त्न की ग्रोथ देखी गई है। पिछले महीने देश में टोटल 60,132 थ्री-व्हीलर बिके हैं, जिसमें 33,581 सेल्स के साथ बजाज ऑटो पहले नंबर पर है। एक साल पहले 60,132 थ्री-व्हीलर बिके थे। वहीं, कमर्शियल सेगमेंट में सालाना 3.23त्न की ग्रोथ देखी गई है, जिसमें 27,483 गाड़ियों की बिक्री के साथ टाटा मोटर्स पहले नंबर पर है। पैसेंजर व्हीकल की सेल्स में मारुति सुजुकी पहले नंबर पर है। पैसेंजर व्हीकल की बात करें तो मारुति सुजुकी ने सबसे ज्यादा 1.33 लाख कारें बेची हैं। इसके साथ ही मारुति सुजुकी का मार्केट शेयर सालाना आधार पर 39.41 प्रतिशत से बढ़कर 42.37 प्रतिशत हो गया है।

## भारत में डिजिटल भुगतान की रीढ़ बन गया है यूपीआई

नई दिल्ली। किसी शायद ही सोचा होगा एक छोटी दुकान वाला भी ऑनलाइन पेमेंट पर निर्भर हो जाएगा। वहीं, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) भारत की रीढ़ की हड्डी बन गया है। आगे बोले कि देश में डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में क्रांति ला दी है और लाखों बैंक रहित व्यक्तियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास आरबीआई और बैंक फॉर इंटरनैशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) द्वारा आयोजित जी20 टेकस्प्रिंट फिनाले को संबोधित कर रहे थे। भारत की जी20 अध्यक्षता के तहत चौथे जी20 टेकस्प्रिंट की शुरुआत 4 मई, 2023 को की गई थी। इसका विषय था-सीमा पार भुगतान के लिए तकनीकी समाधान।

शक्तिकांत दास ने कहा कि नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक ऐतिहासिक उदाहरण यूपीआई है, जो भारत के डिजिटल भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गेम चेंजर रहा है। इसने लाखों बैंक रहित व्यक्तियों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाकर वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में मदद की है।




गवर्नर शक्तिकांत दास ने साझा किया कि यूपीआई के जरिये हर महीने 10 अरब से अधिक लेनदेन होते हैं। इसके साथ ही यूपीआई अब भारत में डिजिटल भुगतान की बुनियाद बन चुका है और यह फिनटेक क्षेत्र में नवाचार की लहर को बढ़ावा देने में भी मदद कर रहा है।' उन्होंने कहा कि 70 से अधिक मोबाइल एप और पांच करोड़ से अधिक व्यापारी यूपीआई भुगतान को स्वीकार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान के लिए एक परिवेश तैयार करने में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) काफी महत्त्वपूर्ण साबित हुआ है। इससे वित्तीय समावेशन को रफ्तार देने में मदद मिली। यूपीआई के जरिये उन लाखों लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली से जोड़ा गया जिनके पास बैंकिंग सुविधा नहीं थी।

गवर्नर दास ने देश की वित्तीय प्रणाली पर उनके परिवर्तनकारी प्रभाव का हवाला देते हुए हाल के वर्षों में भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकियों के तेजी से विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आधार, किफायती इंटरनेट पहुंच और व्यापक मोबाइल फोन सेवाओं सहित भारत के मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे ने अधिक लोगों को, उनके स्थान या सामाजिक स्थिति की परवाह किए बिना, वित्तीय सेवाओं तक पहुंचने में सक्षम बनाया है।

साथ ही बोले कि पिछले कुछ वर्षों में भारत में डिजिटल प्रौद्योगिकियों का तेजी से विस्तार हुआ है, जिसका हमारी वित्तीय प्रणाली पर परिवर्तनकारी प्रभाव पड़ा है।

आज अधिक से अधिक लोगों की वित्तीय सेवाओं तक पहुंच है, चाहे उनका स्थान या सामाजिक स्थिति कुछ भी हो, आधार, किफायती इंटरनेट और मोबाइल फोन सेवाओं जैसे मजबूत डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे पर निर्भर है।

आरबीआई ने लेनदेन के लिए बैंकों की ओर से जारी पूर्व स्वीकृत कर्ज सुविधा को भी यूपीआई प्रणाली में शामिल करने की सोमवार को घोषणा की। अभी तक यूपीआई के जरिये सिर्फ जमा रकम का ही लेनदेन किया जा सकता था। केंद्रीय बैंक ने एक परिपत्र में कहा कि इस सुविधा के तहत व्यक्तिगत ग्राहक की पूर्व सहमति से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की ओर से व्यक्तियों को जारी पूर्व स्वीकृत कर्ज सुविधा के माध्यम से भुगतान किया जा सकेगा। ऐसा होने से लागत कम हो सकती है और भारतीय बाजारों के लिए अनूठे उत्पादों के विकास में मदद मिल सकती है।

आरबीआई ने अप्रैल में यूपीआई का दायरा बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था। इसके तहत बैंकों में पहले से मंजूर कर्ज सुविधा से स्थानांतरण/को स्थानांतरण की मंजूरी देने की बात कही गई थी। फिलहाल बचत खाते, ओवरड्रॉफ्ट खाते, प्रीपेड वॉलेट और क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से जोड़ा जा सकता है। यूपीआई से अगस्त, 2023 में 10 अरब से अधिक लेनदेन हुए। जुलाई में यह आंकड़ा 9.96 अरब था।

गौरवशाली भारत
नई दिल्ली
बुधवार 06 सितम्बर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### भारतीय मुक्केबाज मुस्तफा मेमोरियल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार

**नयी दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों की 11 सदस्यीय टीम बोस्निया और हर्जेगोविना की राजधानी साराजेवो में 21वां मुस्तफा हजरूलाहोविक मेमोरियल टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए तैयार हैं। इस टूर्नामेंट में छह पुरुष और पांच महिला मुक्केबाज शामिल हैं। इस बार भारतीय महिला टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी (50 किग्रा) और युवा विश्व चैंपियन ज्योति (54 किग्रा) और शशि चोपड़ा (60 किग्रा) कर रही हैं। उनके अलावा, विनाक्षी (57 किग्रा) और जिज्ञासा राजपूत (75 किग्रा) सहित अन्य मुक्केबाज प्रतिष्ठित प्रतियोगी मैदान में उतरने के लिए तैयार हैं। पुरुष टीम का नेतृत्व 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक (63.5) के साथ-साथ 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आकाश कुमार (57 किग्रा) करेंगे। इस टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपियन और अनुभवी मुक्केबाज सतीश कुमार (92+किग्रा) लंबे समय के बाद नजर आएंगे जबकि राष्ट्रीय चैंपियन नवीन कुमार 92 किग्रा वर्ग में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। युवा मुक्केबाज बरुण सिंह (51 किग्रा) और निखिल दुबे (71 किग्रा) को भी अपनी प्रतिभा दिखाने और देश के लिए पदक जीतने का मौका मिलेगा।

### स्टार एथलीट ने एक साल में तीन बार तोड़ा नियम, नाडा ने निलंबित किया

नई दिल्ली। भारत की स्टार धाविका हिमा दास को राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है। सूत्रों के अनुसार हिमा दास की लापरवाही उनके निलंबन का कारण बनी है। उन्होंने एक साल में तीसरी बार स्थान संबंधी नियमों का उल्लंघन किया। इसके बाद नाडा ने अस्थायी तौर पर उन्हें निलंबित कर दिया है। असम की 23 वर्षीय धावक को इस साल की शुरुआत में लगी चोट के कारण हांग्जो एशियाई खेलों की टीम में नामित नहीं किया गया है। भारतीय टीम के एक अधिकारी ने बताया, हां, उसने एक साल की अवधि में तीन बार रहने से संबंधित नियम का उल्लंघन किया और इसलिए उसे नाडा द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। हिमा पहले ही राष्ट्रीय शिविर छोड़ चुकी है और उन्हें अधिकतम दो साल के प्रतिबंध का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, इसे उनकी गलती की डिग्री के आधार पर एक वर्ष किया जा सकता है। हिमा ने 2018 जकार्ता एशियाई खेलों में 400 मीटर रेस में रजत पदक जीता था। विश्व एथलेटिक्स एंटी-डोपिंग (वाडा) नियमों के तहत, 12 महीने की अवधि के भीतर तीन ठिकाने की विफलताओं – फाइलिंग विफलता और/या मिस्ड टेस्ट का कोई भी संयोजन डोपिंग रोधी नियम का उल्लंघन माना जाता है।

### करेंट फॉर्म को ध्यान में रखकर टीम चुनी

कैंडी। वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया के ऐलान के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टीम का चयन खिलाड़ियों की करेंट फॉर्म और टीम बैलेंस के हिसाब से किया गया है। उन्होंने कहा कि हमने वर्ल्ड कप में अपने विपक्षी टीमों की स्ट्रेंथ और वीकनेस का भी ध्यान रखा है। भारतीय कप्तान ने कहा कि मुझे पता है कि वर्ल्ड कप से बाहर होना कैसा होता है, इसलिए जो इसका हिस्सा नहीं हैं, उनकी फीलिंग का मुझे अहसास है। एक सवाल के जवाब में रोहित ने कहा कि हमें लोअर मिडिल ऑर्डर पर ऐसे खिलाड़ियों की जरूरत थी, जो जरूरत पड़ने पर बैटिंग भी कर सके। इसलिए हमने पंड्या और शार्दूल ठाकुर के तौर पर दो पेस ऑलराउंडर और अक्षर पटेल और रवींद्र जडेजा के रूप में दो स्पिन ऑलराउंडर्स को चुना है। चयन के बाद रोहित शर्मा ने कहा है कि वनडे क्रिकेट में आपके पास ज्यादा समय होता है, जबकि टी20 में रणनीति बनाने या नए प्लान के बारे में सोचने का समय नहीं होता है। यह हमारे साथ ही नहीं है, बल्कि अन्य टीम के साथ भी है। हर वर्ल्ड कप में ऐसा होता है, कोई न कोई खिलाड़ी टीम में जगह नहीं बना पाता है। हमें सबसे बेहतरीन टीम चुननी होती है और ऐसे में किसी न किसी को टीम से बाहर रखना पड़ता है।

### जो बाइडेन की पत्नी जिल कोविड पॉजिटिव

**वॉशिंगटन।** जी20 के शिखर सम्मेलन के लिए भारत आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की पत्नी जिल बाइडेन कोविड पॉजिटिव हैं। 80 साल के बाइडेन 7 सितंबर को 4 दिन के दौरे पर भारत आने वाले हैं। इस पर व्हाइट हाउस ने कहा है कि बाइडेन की कोरोना रिपोर्ट निगेटिव आई है। वहीं, जिल बाइडेन डेलावेयर में उनके घर पर क्वारैंटाइन हैं। व्हाइट हाउस ने बताया है कि उनमें कोरोना के लक्षण काफी मामूली हैं। इस बीच वह डेलावेयर स्थित अपने आवास पर ही रहेंगी। उनके कम्युनिकेशन डायरेक्टर ने बताया कि व्हाइट हाउस मेडिकल यूनिट ने करीबी लोगों को इसकी इसकी जानकारी दी है। जो बाइडेन की पत्नी और अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन स्किन कैंसर से भी पीड़ित रह चुकी हैं। जनवरी में उनकी सर्जरी हुई थी। 71 साल की जिल की एक आंख के ऊपर और चेस्ट से घाव वाली स्किन को निकाला गया था। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को स्किन कैंसर हो गया था। व्हाइट हाउस के डॉक्टर केविन ओ कॉनर ने मार्च 2023 में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि बाइडेन के चेस्ट की स्किन पर घाव हो गया था। फरवरी 2023 में सर्जरी के दौरान इस घाव वाली स्किन को हटा दिया गया था।

### ग्रेन डील बहाल नहीं करेंगे पुतिन

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने सोमवार को तुर्किये के प्रेसिडेंट रिसेप तैयप एर्दोगन से मुलाकात की। एर्दोगन ने पुतिन को ग्लोबल फूड क्राइसिस से निपटने में मदद मांगी और कहा कि रूस को पुरानी ग्रेन डील फिर शुरू करनी चाहिए। पुतिन ने इससे साफ इनकार कर दिया। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक- रूसी राष्ट्रपति ने एर्दोगन से कहा कि वो सिर्फ उसी सूरत में ग्रेन डील शुरू कर सकते हैं, जब पश्चिमी देश उनकी शर्तें मान लें। एर्दोगन ने पिछले साल पुतिन को ग्रेन डील के लिए मनाया था। तब रूस ने वादा किया था कि वो यूक्रेन के ब्लैक सी यानी काले सागर से गुजरने वाले कार्गो शिप्स को निशाना नहीं बनाएंगे। एर्दोगन से मुलाकात के बाद पुतिन ने एक बयान जारी किया। कहा- हमने वादा किया था कि मिडिल ईस्ट और अफ्रीका को रूस फूड प्रोडक्ट्स सप्लाई करेगा और हम इस वादे पर कायम हैं। रूस और यूक्रेन गेहूं और सनफ्लॉवर ऑयल के सबसे बड़े सप्लायर हैं। खासतौर पर ईस्ट अफ्रीका के गरीब देशों को जो अनाज और तेल जाता है, वो ज्यादातर इन्हीं देशों का होता है। जुलाई में यह डील खत्म हो गई थी और रूस ने साफ कर दिया था कि रूस अब इस डील को एकतरफा तौर पर खत्म कर रहा है। रूस के मुताबिक- पश्चिमी देशों ने जो पाबंदियां लगाई हैं, उसकी वजह से रूस के एग्रीकल्चर सेक्टर पर गंभीर असर पड़ा है और इन पाबंदियों को खत्म करना होगा।

### कुरान जलाने के विरोध में स्वीडन में हिंसक दंगे हुए

स्टॉकहोम। स्वीडन के शहर माल्मो के एक आवासीय जिले में कुरान जलाये जाने के विरोध में रात भर झड़पें हुई हैं प्रदर्शनकारियों ने पुलिस अधिकारियों पर पथराव किया और कारों में आग लगा दी है। स्वीडिश पुलिस ने यह जानकारी दी। स्वेरिजेस टेलीविज़न (एसवीटी) ब्रॉडकास्टर ने कहा कि रविवार को प्रदर्शन का आयोजन इराकी आप्रवासी सलवान मोमिका द्वारा किया गया था, जिसने पहले भी कुरान जलाने वाले के विरोध में प्रदर्शनों को अंजाम दिया था। बयान में कहा गया कि कुरान जलाये जाने का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारी सड़कों पर पोस्टर लेकर इसे बंद किये जाने के नारे लगा रहे थे और उसी भीड़ में कुछ मास्क पहने हुए लोग पुलिस पर पथराव भी कर रहे थे हालांकि इस मामले में अभी तक न तो कोई गिरफ्तारी हुई है और न ही किसी के मारे जाने की सूचना है। पुलिस द्वारा रविवार रात से सोमवार सुबह तक के हालात को लेकर जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस और आपातकालीन सेवाओं से जुड़े कर्मियों को रामेल्स वाग स्ट्रीट (रोसेंगार्ड पड़ोस में) में स्थानीय लोगों द्वारा फ़ोन करके बुलाया गया।

# विश्व कप टीम : राहुल अंदर, तिलक, सैमसन बाहर




कोलंबो। विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल ने पूरी तरह फिट होकर भारत की विश्व कप टीम में जगह बना ली, जबकि संजू सैमसन और तिलक वर्मा को 15 सदस्यीय स्क्वाड से बाहर रहना पड़ा।

राहुल को भारत की 17 सदस्यीय एशिया कप टीम में भी शामिल किया गया था लेकिन वह ग्रोइन की चोट के कारण शुरुआती दो मैचों में हिस्सा नहीं ले सके। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, राहुल ने टीम चयन से पहले सोमवार को बेंगलुरु की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपनी फिटनेस साबित कर दी थी। वह एशिया कप के बचे हुए मैचों में हिस्सा लेने के लिये श्रीलंका पहुंच गये हैं।

राहुल की जगह टीम प्रबंधन ने एशिया कप में ईशान किशन को आजमाया और उन्होंने पहले मैच में पाकिस्तान के खिलाफ 82 रन की नायाब पारी खेलकर अपने चयन को सही साबित किया। राहुल और किशन की उपस्थिति ने स्वत: ही सैमसन की विश्व कप खेलने की संभावनाओं को समाप्त कर दिया। युवा प्रतिभावान बल्लेबाज तिलक भी मध्यक्रम में कारगर साबित हो सकते थे लेकिन टीम प्रबंधन ने सूर्यकुमार यादव के अनुभव पर निर्भर रहना बेहतर समझा।

एशिया कप के लिए चुने गए प्रसिद्ध कृष्णा को भी 15 खिलाड़ियों की स्क्वाड में जगह नहीं मिली, हालांकि चोट के कारण लंबी छुट्टी के बाद वापसी करने वाले श्रेयस अय्यर विश्व कप टीम में बने हुए हैं। भारत की कोर टीम में विराट कोहली, शुभमान गिल, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जाडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत ने आखिरी बार 2011 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में विश्व कप जीता था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को विश्व कप टीम सौंपने की समय सीमा पांच सितंबर है, लेकिन टीमें आईसीसी से अनुमोदन की आवश्यकता के बिना 28 सितंबर तक बदलाव कर सकती हैं। भारतीय टीम 17 सितंबर को खत्म होने वाले एशिया कप के बाद 22 सितंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे मैच खेलेगा, जबकि उसे अपने विश्व कप अभियान की शुरुआत आठ अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के ही खिलाफ करनी है। विश्व कप के लिये भारतीय स्क्वाड : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, ईशान किशन, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या (उप-कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव।

## सुपर चार चरण के लिए फिट हुए लिटन



ढाका। बंगलादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन दास बुखार से पूरी तरह उबर गए हैं और एशिया कप 2023 के सुपर चार मैचों में हिस्सा लेने के लिए टीम में शामिल होंगे।

बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की।

बीसीबी ने एक बयान में कहा, सलामी बल्लेबाज लिटन कुमार दास वायरल बुखार से पूरी तरह ठीक हो गए हैं, जिसके कारण वह टूर्नामेंट के शुरुआती मैच के लिए टीम के साथ श्रीलंका की यात्रा नहीं कर पाए थे। वह एशिया कप के सुपर चार मैचों से पहले पाकिस्तान में टीम में शामिल होंगे।

उल्लेखनीय है कि रविवार को लाहौर में अपने आखिरी ग्रुप मैच में अफगानिस्तान पर 89 रनों की जीत के बाद बंगलादेश ने सुपर चार चरण में जगह बना ली।

बीसीबी के मुख्य चयनकर्ता मिन्हाजुल आबेदीन ने बताया कि एशिया कप के शुरुआती दो मैचों में कुछेक खिलाड़ियों को चोट लगी है, जिसके बाद बोर्ड ने लिटन को टीम में शामिल करने का फैसला लिया।

मिन्हाजुल आबेदीन ने कहा, एशिया कप टीम में कुछ चोटों की चिंता है और टीम प्रबंधन को सुपर चार में जाने के लिए एक अतिरिक्त खिलाड़ी की आवश्यकता महसूस हुई। हमें लिटन के स्वास्थ्य के संबंध में बीसीबी मेडिकल टीम की मंजूरी मिल गई है और हमने उसे पाकिस्तान भेजने का फैसला किया है। लिटन मंगलवार को टीम से जुड़ने के लिए लाहौर पहुंचेंगे।

## शाह ने बच्चन को दिया क्रिकेट विश्व कप 2023 का गोल्डन टिकट

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने मंगलवार को बॉलीवुड के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन को क्रिकेट विश्व कप 2023 का गोल्डन टिकट दिया। शाह ने ट्वीट किया, हमारा स्वर्णिम टिकट किसी और को नहीं बल्कि 'सदी के महानायक' को देने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा, फिल्मी जगत के बिग बी का भारतीय टीम के प्रति अटूट समर्थन है, जो हम सभी को प्रेरित करता रहता है। वह आईसीसी विश्व कप 2023 के लिए हमारे साथ जुड़े हैं, जिससे हम और अधिक रोमांचित हैं। उल्लेखनीय है कि आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 पांच अक्टूबर से शुरू हो रहा है और इसका फाइनल मुकाबला 19 नवंबर को होगा। भारतीय टीम विश्व कप 2023 सीजन में अपना पहला मुकाबला आठ अक्टूबर को खेलेगी। यह मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में खेला जाएगा।

## सिनर पर कड़ी जीत के साथ क्वार्टरफाइनल में ज्वेरेव

**न्यूयॉर्क।** जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अमेरिकी ओपन 2023 के कड़े और रोमांचक शीर्ष 16 मुकाबले में इटली के यानिक सिनर को हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया।

चार सेट के समापन के बाद दोनो खिलाड़ी 2-2 की बराबरी पर थे, जिसके बाद ज्वेरेव ने पांचवें सेट में बाज़ी मारकर सिनर को चार घंटे 41 मिनट में 6-4, 3-6, 6-2, 4-6, 6-3 से मात दी। सिनर ने दूसरे और तीसरे सेट में संघर्ष करने के बावजूद ज्वेरेव को कड़ी टक्कर दी और चौथे सेट में वापसी करते हुए जीत भी हासिल की। दूसरे सेट के दौरान सिनर को दोनों पैरों में ऐंठन की समस्या होने लगी और तीसरे सेट के बीच तक उनकी हालत इतनी खराब हो गई कि ज्वेरेव उनकी स्थिति जानने के लिए उनके पास आए। चौथे और पांचवें सेट में सिनर की स्थिति में सुधार हुआ, लेकिन



ज्वेरेव ने अंतिम सेट में 14 विनर खेलते हुए क्वार्टरफाइनल का टिकट कटा लिया।

ज्वेरेव ने जीत के बाद कहा, मैं नहीं जानता कि यह कैसे हुआ क्योंकि मैं चौथे सेट में पूरी तरह से थक चुका था। मुझे लगता है कि वह (सिनर) मुझसे ज्यादा फिट था, भले ही उसे ऐंठन हो रही थी, फिर भी मुझे लगता है कि वह बेहतर स्थिति में था। पांचवें सेट में मैंने किसी तरह इसे फिर से हासिल कर लिया। इस ऊर्जा के बिना, दर्शकों के बिना, यह संभव नहीं होता। अगले दौर में सिनर का सामना स्पेन के शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज से होगा, जो इटली के मैटियो अर्नाल्डी को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर आ रहे हैं। आंद्रे अगासी के बाद ओपन एरा में अल्काराज़ 21 साल की उम्र में तीन बार अमेरिकी ओपन क्वार्टरफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। इस बीच, रूस के दानिल मेदवेदेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनॉर को 2-6 6-4 6-1 6-2 से हराया। क्वार्टरफाइनल में मेदवेदेव अपने युवा हमवतन आंद्रे रूबलेव से भिड़ेंगे।

# पाकिस्तान में 25 अरब डॉलर इन्वेस्ट करेगा सऊदी

## केयर टेकर पीएम काकड़ बोले- मुल्क के हालात जल्द सुधरेंगे, सरकारी कंपनियां बेचेंगे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केयर टेकर प्राइम मिनिस्टर अनवार उल हक काकड़ के मुताबिक, सऊदी अरब सरकार पांच साल के दौरान पाकिस्तान में 25 अरब डॉलर का इन्वेस्टमेंट करेगी।

सोमवार रात मीडिया से बातचीत में काकड़ ने कहा- हम मुल्क की इकोनॉमी सुधारने के लिए काफी कोशिश कर रहे हैं। उम्मीद है, जल्द बेहतर नतीजे सामने आने लगेंगे। इसके अलावा एक इंटरव्यू में काकड़ ने कहा- हमारी सरकारी कंपनियां इकोनॉमी को जबरदस्त नुकसान पहुंचा रही हैं। बहुत जल्द हम इन्हें प्राईवेट सेक्टर के हवाले करेंगे। इससे सरकारी खजाने में पैसा भी आएगा और इन कंपनियों की ऑपरेशन्स भी सुधरेंगे।

### सऊदी का नया वादा

काकड़ के मुताबिक- सऊदी सरकार ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि वो दो से पांच साल के दौरान पाकिस्तान में 25 अरब डॉलर इन्वेस्टमेंट करेंगे। ये निवेश अलग-अलग सेक्टर में किया जाएगा।



काकड़ की बात अपनी जगह ठीक हो सकती है, लेकिन यहां एक बात ध्यान रखनी जरूरी है। 2019 और इसके बाद 2022 में सऊदी ने दो बार पाकिस्तान को 10-10 अरब डॉलर के इन्वेस्टमेंट का भरोसा दिलाया था। 2019 में इमरान खान प्रधानमंत्री थे और यह वादा क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान की पाकिस्तान विजिट के दौरान किया गया था।

इसके बाद शाहबाज शरीफ जब अगस्त 2022 में सऊदी गए तो यही वादा दोहराया गया।

हालांकि, पाकिस्तान के अखबार 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' ने कुछ महीने पहले अपनी रिपोर्ट में साफ कर दिया था कि सऊदी अरब ने कोई इन्वेस्टमेंट अब तक नहीं किया है।

### प्राईविटाइजेशन प्रोसेस तेज करने का वादा

काकड़ ने मीडिया से कहा- ज्यादातर सरकारी कंपनियां बेहद घाटे में हैं और ये सरकार के लिए बोझ बन चुकी हैं। लिहाजा, हमने एक टीम बनाई है जो जल्द से जल्द इन सरकारी कंपनियों को प्राईवेट सेक्टर के हाथों में सौंपने का प्लान सौंपेगी।

इसके बाद 6 महीने में इन कंपनियों को प्राईवेट सेक्टर को बेच दिया जाएगा। माना जा रहा है कि पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस इनमें से एक होगी।

### खाड़ी देशों को चाहिए गारंटी

एक रिपोर्ट के मुताबिक- IMF ने दो महीने पहले पाकिस्तान को 2.9 अरब डॉलर का कर्ज दिया था। इसके पहले उसने कुछ शर्तें रखी थीं।

वो साफ कह रहा था कि पाकिस्तान पहले अपने सहयोगी देशों (चीन, सऊदी, यूएई और कतर) से 100 प्रतिशत गारंटी दिलाइए, इसके बाद किश्त जारी की जाएगी। इसके बाद तब के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने IMF चीफ से पांच मुलाकातें कीं और किसी तरह लोन हासिल करके मुल्क को दिवालिया होने से बचा लिया था। ये देश कुछ और ही सोच रखते हैं। चारों ही देश अपने पैसे की गारंटी चाहते हैं। इसके लिए उनकी शर्त थी कि पाकिस्तान सरकार पहले IMF से गारंटी दिलाए। मतलब साफ है कि दोनों ही पक्षों ने पाकिस्तान को जबरदस्त उलझा दिया था। बहरहाल, अब सऊदी मदद ने पाकिस्तान की मदद कर दी है।

चीन ने 2 अरब डॉलर का लोन रोल ओवर किया। यानी इसकी वसूली कुछ वक्त के लिए टाल दी। इसके बाद 500 मिलियन डॉलर कर्ज और भी दे दिया, लेकिन ये ऊंट के मुंह में जीरा समान था।

IMF और दूसरे देशों के लिए फिक्र की एक बहुत बड़ी वजह पाकिस्तान पर चीन का कर्ज है। दरअसल, पाकिस्तान ने चीन के प्राइवेट बैंकों से भी पैसा लिया है। इसकी शर्तें और ब्याज दर टॉप सीक्रेट है।

## किम जोंग उन की बेटी सैन्य कार्यक्रमों में होती हैं शामिल

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन सैन्य क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों को उजागर करने और सशस्त्र बलों का समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य-संबंधित कार्यक्रमों में मुख्य रूप से अपनी बेटी किम जू ऐ को अपने साथ लेकर जाते हैं। यह जानकारी दक्षिण कोरियाई समाचार एजेंसी योनहाप ने देश के एकीकरण मंत्रालय के हवाले से मंगलवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, किम जू ए पहली बार नवंबर 2022 में अपनी पहली सार्वजनिक उपस्थिति दर्ज की थी, जब उन्होंने ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण में हिस्सा लिया था। तब से, वह 15 कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिनमें से 12 सैन्य-संबंधित कार्यक्रम हैं और शेष तीन अर्थव्यवस्था और सामाजिक कार्य से संबंधित हैं। योनहाप ने कहा कि उत्तर कोरियो के नेता की बेटी की 107 तस्वीरें प्रकाशित हुई हैं, जिनमें से 80 में वह उनके ठीक बगल में खड़ी नजर आ रही हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने एकीकरण मंत्रालय के एक अधिकारी के हवाले से कहा, किम जू ए के सार्वजनिक रूप से सामने आने से ऐसा संकेत मिलता है कि जो भी उत्तराधिकारी बनेगा, पेक्टु लाइन आगे बढ़ेगी और लोगों को अपनी वफादारी दिखाते रहने की आवश्यकता है। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी ने हालांकि, कथित रूप से कहा है कि उत्तर कोरिया के पुरुष प्रधान समाज को देखते हुए और किम के बड़े बेटे के होने के कारण उनके उत्तराधिकारी बनने की संभावना नहीं है।

## इमरान की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट ने जवाबदेही कानूनों को चुनौती देने वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) अध्यक्ष एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की 2022 की याचिका पर आखिरकार मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें 50 से अधिक सुनवाई शामिल थीं। पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) उमर अता बंदियाल, न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन और न्यायमूर्ति सैयद मंसूर अली शाह की तीन सदस्यीय पीठ ने आज याचिका पर सुनवाई की। जून 2022 में पूर्व प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय जवाबदेही (दूसरा संशोधन) अधिनियम 2022 के तहत राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) अध्यादेश में किए गए संशोधन के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। संशोधनों ने राष्ट्रीय जवाबदेही अध्यादेश (एनएओ) 1999 में कई बदलाव किए, जिसमें एनएबी अध्यक्ष और अभियोजक जनरल का कार्यकाल घटाकर तीन साल करना, एनएबी के अधिकार क्षेत्र को 50 करोड़ रुपये से अधिक के मामलों तक सीमित करना और सभी लंबित पूछताछ, जांच और संबंधित प्राधिकारियों के परीक्षणों को स्थानांतरित करना भी शामिल है। पीटीआई प्रमुख ने अपनी याचिका में दावा किया था कि एनएबी कानून में संशोधन प्रभावशाली आरोपी व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने और भ्रष्टाचार को वैध बनाने के लिए किया गया है।

## युवा अपराध रोकने के लिए अभियान शुरू

विलिंगटन। न्यूजीलैंड युवा अपराध को रोकने को लेकर सरकारी प्रतिक्रिया के अगले चरण के तहत मंगलवार को देश के सबसे विपुल युवा अपराधियों के लिए एक सघन अभियान की शुरुआत की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस अभियान की घोषणा प्रधानमंत्री क्रिस हिप्किंग ने जुलाई में की थी। बालक मंत्री केल्विन डेविस ने इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर कहा कि इस कार्यक्रम के तहत 60 युवा अपराधियों की निगरानी की जाएगी और उनके परिवारों के युवा व्यक्ति के लिए तत्काल योजना विकसित करने और निरंतर सहायता प्रदान करने के लिए एक गहन सहायता सामाजिक कार्यकर्ता को नियुक्त की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह योजना विशेष रूप से बच्चों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करेंगी, जिसमें निगरानी, शराब/ड्रग की आदत को छुड़वाने के लिए उपचार, मार्गनिर्देशन, घर मुहैया कराना, शिक्षा प्रणाली, मानसिक स्वास्थ्य सहायता तथा सांस्कृतिक सहायता को शामिल किया गया। इस कार्यक्रम को युवा अवस्था में होने वाले जुल्म को रोकने को लेकर तैयार किया गया और युवा अपराध के चक्र को तोड़ना है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि युवा अपराधियों का एक छोटा सा समूह है।

# फ्रांस में 300 स्टूडेंट्स ने नहीं माना फुल बुर्का बैन

## 67 स्टूडेंट्स का इसे उतारने से इनकार, 513 स्कूल पर सरकार की नजर

पेरिस। फ्रांस में सोमवार को नया एजुकेशन सेशन शुरू हुआ। प्रेसिडेंट एमैनुएल मैक्रों की सरकार तमाम स्कूलों में फुल बुर्का (अबाया) को बैन कर चुकी है। इसके बावजूद 300 मुस्लिम स्टूडेंट्स अबाया पहनकर स्कूल पहुंचीं। इनमें से 67 ने इसे उतारने से इनकार कर दिया। बाकी ने क्लास में एंट्री से पहले इसे हटा दिया। यह जानकारी अरब वर्ल्ड की वेबसाइट 'मिडिल ईस्ट मॉनिटर' ने अपनी रिपोर्ट में दी है।

फ्रांस के एजुकेशन मिनिस्टर गैब्रियल एटॉल ने पिछले हफ्ते सरकारी स्कूलों में अबाया बैन का ऐलान किया था। कई मुस्लिम संगठनों ने इसका विरोध किया है। इसके बाद प्रेसिडेंट मैक्रों ने साफ कर दिया था कि इस नियम को हर कीमत पर लागू किया जाएगा।



### स्टूडेंट्स की पहचान उजागर नहीं

एजुकेशन मिनिस्टर एटॉल ने कहा- 300 फीमेल मुस्लिम स्टूडेंट्स बैन के बावजूद अबाया पहनकर स्कूल पहुंचीं। 67 ने क्लास में एंट्री से पहले इसे उतारने से इनकार कर दिया। बाकी ने नियम का पालन किया। इस कोड ऑफ सेक्यूलिरिज्म का मतलब है कि किसी को उसके पहनावे से न पहचाना जा सके। उसके पहनावे से मजहब की पहचान न हो सके। अगर किसी को दिक्कत है तो तो बातचीत से उसे समझाया जा सकता है।

दूसरी तरफ, मुस्लिम राइट्स एक्शन के वकील विन्सेंट ब्रेन्गर्थ ने सोशल मीडिया पर कहा- हमने काउंसिल ऑफ स्टेट के सामने इस बैन के खिलाफ अपील दायर की है। यह बुनियादी आजादी के हक के खिलाफ उठाया गया कदम है। इसकी सुनवाई जल्द होगी।

प्रेसिडेंट मैक्रों पहले ही साफ कर चुके हैं कि यह कदम स्टूडेंट्स के खिलाफ नहीं, बल्कि उनके हित में है और इसे वापस नहीं लिया जाएगा। मैक्रों ने कहा था- किसी भी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में हर स्टूडेंट समान है। इनका पहनावा अलग-अलग नहीं, बल्कि एक जैसा होना चाहिए।

## इजरायली सेना के साथ संघर्ष में फिलिस्तीनी की मौत

**रामल्ला।** वेस्ट बैंक के शरणार्थी शिविर में इजरायली सैनिकों के साथ संघर्ष में एक फिलिस्तीनी की गोली लगने से मौत हो गयी। यह जानकारी फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों ने मंगलवार को दी। इजरायली सेना के प्रवक्ता ने बताया कि सेना और अर्धसैनिक सीमा पुलिस बलों ने एक बुलडोजर के साथ तुलकरम शहर के समीप नूर शम्स शरणार्थी शिविर पर छापा मारा। यह छापेमारी खुफिया जानकारी पर आधारित थी, जिसमें कहा गया था कि इजरायलियों के खिलाफ हमला करने के जिम्मेदार संदिग्ध लोग शिविर में छिपे हुए थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान संदिग्धों ने टायरों में आग लगा दी, इजरायली सुरक्षा बलों पर विस्फोटक फेंके और गोलीबारी की।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

## शार्ट न्यूज

### बिना मान्यता के संचालित विद्यालय को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सीज करने के दिए आदेश

गोण्डा। शिक्षा क्षेत्र छपिया के मसकनवा बाजार (रानीजोत) में सैकड़ो बच्चों का फर्जी तरीके से एडमिशन लेकर डी पी एस इंटरनेशनल स्कूल संचालक सैकड़ो बच्चों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है। उक्त विद्यालय के बारे में जब शिकायत हुई तो जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मामले को संज्ञान में लिया और विद्यालय को तत्काल रूप से सीज किए जाने व विद्यालय में पढ़ रहे बच्चों का भविष्य बर्बाद ना हो इसलिए उनका नजदीकी परिषदीय विद्यालय में एडमिशन कराया जाए। जिससे उनका भविष्य बर्बाद न हो।और विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य पर वैधानिक कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए।

### क्षेत्राधिकारी ने दी जानकारी शिक्षक दिवस पर विविध विषय बिंदुओं पर



**सोनभद्र ।** शिक्षक दिवस के अवसर पर सोनाञ्चल इंटर कॉलेज घोरावल में क्षेत्राधिकारी घोरावल अमित कुमार ने बच्चों को उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाई जा रही मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत विभिन्न टोल फ्री नंबर 112,1090, 1930, 108,102, 1098 तथा यातायात नियमों का अनुपालन करने, परमानंद कटारा केस में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्देशों, साइबर अपराध एवं आर्थिक अपराध व महिलाओं तथा बच्चों से होने वाले अपराध आदि के बारे में जागरूक किया ।साथ ही साथ बच्चे कैसे पढ़ाई लिखाई करें, किस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाएं, अपना करियर कैसे बनाएं, अध्ययन - अध्यापन की क्या प्रक्रिया होनी चाहिए, आदि से सम्बंधित व्यख्यान उध्दृत किये। खेलकूद शारीरिक , व्यायाम आदि के लिए भी सलाह दी गई । अनावश्यक मोबाइल चलाने, अनियंत्रित तरीके से गाड़ी चलाने , हेलमेट न लगाने आदि के नुकसानों से भी अवगत कराने के साथ ही बच्चों से यह अनुरोध किया गया कि वह अपने साथियों तथा घर परिवार के सदस्यों आदि को भी आज बताई गई बातों से जागरूक करें और अपने जीवन में उनका अनुपालन करें जिससे एक सुरक्षित एवं समृद्ध भविष्य का निर्माण हो सके।

### बिजली कटौती की मुखालफत में अचानक हुआ जमावड़ा, बिजली आपूर्ति सुधार की मांग



डाला - सोनभद्र ।खेमपुर सब स्टेशन के अंतर्गत सलैयाडीह बाजार के ग्रामीणों ने बिजली कटौती से क्षुब्ध हो सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर संबंधित विभाग समेत जिला शासन प्रशासन से विजली दुरूस्त करने की मांग के समर्थन में आवाज बुलन्द की। मंगलवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे खेमपुर सब स्टेशन के अंतर्गत सलैयाडीह बाजार के ग्रामीण राजपथ से कोन - तेलगुडवा संपर्क मार्ग पर अचानक से धीरे धीरे इकठ्ठा होने लगे और कुछ देर में बढ़ती तादाद भीड़ की शक्ल में तब्दील हो गई ।काफिले की शक्ल में कारवाँ दिखाई देने लगा जहां लोगों के चेहरे पर बिजली कटौती से परेशान दिखे , पेशानी प'पसीने साफ झलक रहे थे सबके।मजमा क्षुब्ध भाव लिए एकत्रित रहा और आक्रोशित होते विजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। इस संबंध में सुरेंद्र कुमार जायसवाल ने कहा कि हमारे गांव समेत जिले में बिजली कटौती से किसानों समेत रहवासियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।कुछ जगहों के किसानों का मोटर पंप तो कहीं फ्रिज कूलर पंखा बार - बार अप डाउन होने के कारण जल जा रहा है तथा इससे भी बडी समस्या बच्चों के पढ़ने - लिखने में आ रही है जिससे बिजली उपभोक्ताओं भारी किल्लत के दौर से गुजरना पड़ रहा है।वहीं रहवासियों ने बिजली विभाग एवं जिला प्रशासन से मांग करते हुए तीन दिनों में बिजली कटौती दुरूस्त करने को कहा।

### टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

**रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत**



बलरामपुर। उतरौला बाजार सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी तथा गैरसरकारी विद्यालय में शिक्षक दिवस का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अवसर पर विद्यालय में बच्चों के द्वारा शिक्षकों को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया।शिक्षकों ने भी बच्चों को अपना आशीर्वाद देकर उन्हें एक कामयाब इंसान बनने की प्रेरणा दी।इसी क्रम में उतरौला बाजार में स्थित टाइनी टाट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भारत के राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर श्री राधाकृष्णन जी के जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध किया।वहीं शिक्षकों ने भी बच्चों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीसीएस अलंकार सिंह विषेन ने बताया कि शिक्षक दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है।पहली बार शिक्षक दिवस साल 1962 में मनाया गया था। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन देश के प्रथम उप राष्ट्रपति व द्वितीय राष्ट्रपति के रूप में चुने गए थे।हमे उनके द्वारा बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।

### मध्यप्रदेश में अनेक स्थानों पर बारिश

भोपाल। मध्यप्रदेश में एक लंबे अंतराल के बाद बारिश का दौर प्रारंभ होने से सभी ने राहत की सांस ली है। भोपाल समेत अनेक शहरों, नगरों और ग्रामीण इलाकों में बारिश का क्रम आने वाले कुछ दिनों में भी जारी रहने की संभावना है। भोपाल में दिन में तेज हवाओं के साथ बादल छा गए और शाम से बारिश का क्रम शुरू हुआ, जो देर शाम तक जारी रहा। इस वजह से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। इसके अलावा राज्य के पूर्वी और उत्तरी अंचल में भी हवाओं के साथ बारिश होने की सूचनाएं हैं। स्थानीय मौसम केंद्र के अनुसार राज्य के नरसिंहपुर, सिवनी, नौगांव, ग्वालियर, सतना, मंडला, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सीधी, पचमढ़ी, नर्मदापुरम, शिवपुरी, रायसेन, मलाजखंड, गुना, सागर और अन्य अनेक स्थानों पर बारिश होने की सूचनाएं हैं। बीते 24 घंटों के दौरान शहडोल और रीवा संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर, जबलपुर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर, इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं कहीं वर्षा दर्ज की गयी। केंद्र के मुताबिक आने वाले 24 घंटों के दौरान रीवा, जबलपुर, सागर और शहडोल संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों के अलावा अशोकनगर, विदिशा, भोपाल, रायसेन जिलों में कुछ स्थानों पर और चंबल संभाग के जिलों, राजगढ सीहोर, दतिया, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, धार, इंदौर, खंडवा, खरगोन, अलीराजपुर, बड़वानी, बुरहानपुर, उज्जैन, नीमच, शाजापुर, देवास, आगर और मंदसौर जिलों में कहीं कहीं बारिश होने की संभावना है।

# भाजपा को वोट चाहिए यूपी से और यहां का काम देंगे गुजरात के ठेकेदारों को : अजय राय

लखनऊ। कांग्रेस एक संकल्प के साथ काम करती है। हम जो कहते हैं, वहीं करते हैं। कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं। इस बार हम 2024 जीतेंगे और 2027 में उप्र से भाजपा को खदेड़ देंगे। भाजपा को वोट चाहिए यूपी से, लेकिन यहां का काम देते हैं गुजरातियों को। यहां के अधिकांश ठेका आज गुजरात के लोगों को मिला हुआ है। यहां की पुलिया, पुल, सड़क, अपार्टमेंट हर जगह गुजरात के लोगों को काम मिला हुआ है। उप्र के साथियों को किनारे किया गया है। ये बातें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कही।

अजय राय प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मंगलवार को पहली बार लखनऊ में प्रदेश कार्यालय पर प्रेसवार्ता कर रहे थे। अजय राय ने घोषणा की कि राहुल गांधी द्वारा दक्षिण से कश्मीर तक निकाली गयी यात्रा की याद में सात सितम्बर को हर जिले में पदयात्रा निकालेगी। मैं खुद प्रयागराज में पदयात्रा करूंगा।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तो सिर्फ स्टाम्प हैं। ये वही कर सकते हैं, जो दिल्ली से आदेश मिलता है। उसके उलट इनको कुछ भी करने का अधिकार नहीं है। पूरा प्रदेश भ्रष्टाचार से त्रस्त है। हर तरफ अराजकता है। स्थिति यह है कि लोग अपने घरों में सुरक्षित नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री के घर भाजपा कार्यकर्ता की हत्या हो जाती है और पुलिस उस मुकदमे को दबाने का प्रयास कर रही है। मंत्री के बेटे से पूछताछ भी नहीं की जाती। स्थिति यह है कि जो मंत्री शराब बंदी के लिए मुहिम चलाता है, उसके घर में ही पुलिस बताती है कि शराब पिया गया। मंत्री के बेटे से पूछताछ की भी हिम्मत नहीं जुटा पाती। जबकि मृतक भाजपा कार्यकर्ता के परिजन स्पष्ट रूप से चिल्ला चिल्लाकर कहते हैं कि मंत्री के बेटे की हत्या में संलिप्तता है।

### कौशल किशोर के बेटे पर हो केस दर्ज

अजय राय ने कहा कि मंत्री के बेटे पर 120बी के तहत केस दर्ज होना चाहिए। इसके साथ ही पार्टी न्यायिक जांच की मांग करती है। उन्होंने कहा कि यदि उसको न्याय नहीं मिला तो कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिजनों को न्याय दिलाने के लिए सड़क पर उतरेगी। हम जनता को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेंगे।

उन्होंने आरोप लगाया कि यहां की अराजकता का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या का लड़का गरीब की जमीन पर कब्जा जमा रहा है। वह न्याय की गुहार लगा रही है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि हम उस गरीब महिला को न्याय दिलाने के लिए कौशांबी भी जाएंगे। उस परिवार के साथ कदम-ताल मिलाकर उसकी लड़ाई लड़ेंगे।

अजय राय ने याद दिलाया कि यह वही भाजपा है, जिसके मंत्री के बेटे ने किसानों पर गाड़ी चढ़ा दी थी और भाजपा उसे भी बचा रही थी। भाजपा की नीति है, जो उसके साथ है, वह कुछ भी करे, सब ठीक है। जो उसके विरोधी हैं, वे कुछ भी करें, लेकिन उन्हें जेल भेजना है, लेकिन कांग्रेस भाजपा की इन घुड़कियों से डरने वाली नहीं है। वह न्याय की लड़ाई लड़ेगी।

### ट्रेन की आधुनिकता कहां गयी

इसके साथ ही अजय राय ने सरयू एक्सप्रेस में घायल मिली महिला सिपाही का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि रेल मंत्री कहते हैं कि हर स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। हर ट्रेन कोच मुफिद हैं। आज उनकी आधुनिकता कहां गयी। इस संबंध में कोई मंत्री क्यों नहीं बोल रहा है।

# महिला महाविद्यालय ने मनाया शिक्षक दिवस

## कार्यक्रम के अंतर्गत प्रस्तुत भाषण, कविता पाठ प्रतियोगिता

**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

नाँगल चौधरी। राजकीय महिला महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस उपलक्ष में शिक्षक दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता तंवर की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण, कविता पाठ एवं प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें कई छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस अवसर पर मंच संचालन प्रवर प्रवक्ता डॉ. सुशीला यादव ने किया और महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण का छात्राओं से परिचय करवाया।



इस अवसर पर प्राचार्या ने सभी छात्राओं व प्राध्यापकगण को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। साथ ही शिक्षक दिवस की महत्वता के बारे में छात्राओं को अवगत कराते हुए कहा गुरु के बिना ज्ञान कहाँ और गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है। अत: हमारे जीवन में गुरु का बहुत महत्व है। इसी के साथ महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान प्राचार्या ने महाविद्यालय की सभी छात्राओं को विशेषकर प्रथम वर्ष की छात्राओं को महाविद्यालय में होने वाले विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया तथा छात्राओं को नियमित रूप से कक्षाएं लेने, कॉलेज में नियमानुसार क्लास मे आने, मोबाइल का दुरुपयोग नहीं करने तथा अनुशासन में रहने के लिए प्रेरित कियाा।

शिक्षक दिवस पर आयोजित होने वाली भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा निकिता, द्वितीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा लक्ष्मी, तृतीय स्थान बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा कुसुम ने प्राप्त किया। वहीं कविता पाठ प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका, द्वितीय स्थान बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रीना और तृतीय स्थान बीए प्रथम वर्ष की छात्रा नीतू को मिला। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में डॉ. सुनीता यादव, डॉ. अनुजा व सुदेश रहे। इस अवसर पर डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. हरनाम सिंह, डॉ. ममता बायला, डॉ. पूनम तंवर, कुलदीप, रणवीर, रमन, डॉ. प्रदीप समेत समस्त महाविद्यालय टीचिंग स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

### डीएम ने सितम्बर पोषण माह का उद्घाटन किया




सोनभद्र ।पोषण अभियान के तहत राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर का जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह द्वारा उद्धघाटन किया गया। इस मौके पर गोद भराई व अन्नप्रासन रश्म की अदायगी की गयी तथा कुपोषण से मुक्त करने के लिए जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।आहार व विचार की तारतम्यता बताते जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मष्तिष्क निवास करता है।इस प्रमुख ध्येय साथ सच्चा सुख निरोगी काया के निहितार्थ स्वयं में सँजोये और स्वास्थ्य सुख के हेतु व सेतु रूप को यथार्थ के धरातल पर प्रतिपादित करते भरण - पोषण को परिभाषित करता है तथा अतीव आवश्यक है शरीर के लिए संतुलित सम्यक आहार।पोषण अभियान की महत्ता बताई डीएम ने और जीवन की पुरानी परिपाटी के संदर्भों को भी बेहद करीने से वास्विकता का अवबोध कराते उकेरा अपने आख्यान में।

### धरती पर अवतार संत रामपाल जी के अवतरण दिवस पर दुनिया भर में हो रहा महासमागम का आयोजन

संत रामपाल जी महाराज जी के 73वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य पर होने वाले तीन दिवसीय महासमागम की शुरुआत 6 सितंबर से हो रही है। यह महोत्सव संत रामपाल जी महाराज के सानिध्य में 6, 7 व 8 सितंबर को 09 सतलोक आश्रमों में मनाया जा रहा है। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु एकत्रित होंगे। जिसमें सैकड़ों की संख्या में दहेज मुक्त विवाह (रमैणी) और हजारों युनिट रक्तदान समागम के दूसरे दिन किया जाएगा तथा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर और नि:शुल्क दाँत चिकित्सा व परामर्श शिविर भी लगाया जाएगा। 3 दिन तक चलने वाले इस प्रोग्राम में तीनों दिन अलग-अलग प्रोग्राम होने हैं। जिसमें तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी के अवतरण (जन्म से लेकर अब तक के उनके संघर्ष) से लोगों को अवगत कराया जाएगा और सत्य आध्यात्मिक ज्ञान भी प्रदान किया जाएगा। वहीं संत रामपाल जी के अवतरण दिवस पर आश्रमों में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए खाने-पीने, रहने आदि की सभी सुविधाएं निन्शुल्क की जा रही हैं। साथ ही, यह प्रोग्राम विश्व भर में सोशल मीडिया तथा साधना व पोपुलर टीवी टीवी चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया जाएगा, जिसे दुनिया भर में देखा जा सकता है। संत रामपाल जी महाराज के अवतरण दिवस पर होने वाले इस भव्य कार्यक्रम में हिंदुस्तान के सभी मीडिया बंधुओं को सभी 9 सतलोक आश्रमों में कवरेज करने तथा भंडारा करने के लिए सादर निमंत्रण हैं। जिसमें आपके रहने, खाने-पीने, नहाने आदि कि निन्शुल्क व्यवस्था की गई है तथा रेलवे स्टेशन से लाने ले जाने की व्यवस्था भी निन्शुल्क की गई है। अत: सभी मीडिया बंधुओं से निवेदन है कि आप भी इस प्रोग्राम को आकर देखें और सच्चाई को जाने तथा प्रोग्राम को अपने चैनलों में भी प्रसारित करें। संत रामपाल जी महाराज के अवतरण दिवस पर हिंदुस्तान के सभी मीडिया बंधुओं को सभी सतलोक आश्रमों में कवरेज करने तथा भोजन भंडारा करने के लिए सादर निमंत्रण हैं। जिसमें आपके रहने, खाने-पीने, नहाने, धोने सबकी निन्शुल्क व्यवस्था की जाएगी तथा रेलवे स्टेशन से लाने ले जाने की व्यवस्था भी निन्शुल्क की गई है।

### नवीन जिला मैहर निर्मित करने की अधिसूचना जारी

**भोपाल।** मध्यप्रदेश राजपत्र में अधिसूचना प्रकाशित कर सतना जिले की सीमाओं को परिवर्तित करने और नवीन जिला मैहर निर्मित करने के लिये सीमाओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव किया गया है। मध्यप्रदेश राजपत्र में सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस की अवधि में लिखित में सुझाव और आपत्तियाँ आमंत्रित की गयी हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार नवीन निर्मित होने वाले जिले मैहर का जिला मुख्यालय मैहर करने का प्रस्ताव किया गया है। इसमें सतना जिले की तहसील मैहर के समस्त 122 पटवारी हल्का एवं तहसील अमरपाटन के समस्त 53 पटवारी हल्का तथा तहसील रामनगर के 59 पटवारी हल्के सहित कुल 234 पटवारी हल्के रहेंगे। प्रस्ताव अनुसार नवीन निर्मित होने वाले जिले मैहर के पूर्व में सीधी एवं रीवा, पश्चिम में पन्ना, उत्तर में सतना और दक्षिण में कटनी, उमरिया और शहडोल जिला रहेगा।

# शिक्षक दिवस पर राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों के हुए सम्मान कार्यक्रम

### राष्ट्र के चरित्र निर्माण में शिक्षक बन्धुओं की होती है अहम भूमिका : सांसद

सोनभद्र। मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य शिक्षक पुरस्कार हेतु चयनित शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम एवं शिक्षकों हेतु टैबलेट वितरण, स्मार्ट क्लास, आई0सी0टी0 लैब के उद्घाटन कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण किया गया। इस आयोजन में मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के चयनित विशिष्ट 94 शिक्षकों को लोक भवन लखनऊ में सम्मानित किए जाने संबंधी आयोजन का लाइव प्रसारण भी सभागार में प्रस्तुत किया गया।इस दौरान शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित रहा।

आयोजन का आगाज दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के चित्र पर एवं डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए सांसद पकौड़ी लाल कोल, दुद्धी विधायक रामदुलार गौड एवं मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने किया ।इस मौके पर



डायट प्राचार्य श्रीप्रकाश सिंह द्वारा जनपद में संचालित निपुण भारत मिशन में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बधाइयां दी गई साथ ही इस आयोजन में सांसद , विधायक दुद्धी एवं मुख्य विकास अधिकारी कमलवत करों से सोन श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से श्रीमती विजय लक्ष्मी - कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय दुद्धी, श्रीमती स्मिता - कस्तूरबा गांधी विद्यालय घोरावल, श्रीमती पार्वती कुशवाहा - कस्तूरबा गांधी विद्यालय चोपन, श्याम बिहारी मौर्य सहायक अध्यापक करमा, शक्ति प्रताप सहायक अध्यापक कोन, श्रीमती वर्षा रानी प्रधानाध्यापिका दुद्धी के साथ नीरू शुक्ला, ग्रीष्मकालीन शिविर में विशिष्ट प्रदर्शन हेतु श्रीमती राजलक्ष्मी सिंह ब्लॉक रॉबर्ट्सगंज, सुश्री शाजमा ब्लॉक रावटसगंज, श्रीमती कौशल जहांसिद्दीकी प्रधानाध्यापिका घोरावल, श्रीमती अंजू जैसवाल प्रधानाध्यापिका चोपन, सुश्री अनामिका आंचल सहायक अध्यापिका रॉबर्ट्सगंज, राजकमल सहायक अध्यापक दुद्धी, शंभू नाथ प्रधानाध्यापक म्योरपुर, सुश्री कोमल साहू सहायक अध्यापिका रॉबर्ट्सगंज, श्रीमती रजनी प्रजापति प्रधानाध्यापिका चोपन सहित अन्य शिक्षक - शिक्षिका भी पुरस्कृत किये गए।

# छात्राओं ने टीचर्स का फूल-मालाओं से किया अभिनंदन

## टीचर्स ने छात्राओं को परीक्षा-प्रगति के लिए दिलवाया संकल्प

**कपिल शर्मा। गौरवशाली भारत**

मिर्जापुर। आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में मंगलवार को महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस उपलक्ष्य शिक्षक दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्या रीता वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भाषण, कविता पाठ प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अधिकांश छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर अध्यापकों ने सभी छात्राओं को शिक्षक दिवस की महत्वता के बारे में अवगत कराया। साथ ही उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। इस विशेष दिवस उपलक्ष्य



अपने स्वास्थ्य की परवाह किए बिना गृह अवकाश पर रहते हुए। नागरिक शास्त्र (सिविक्स) प्रवक्ता डॉ. रेखा अपने विद्यार्थियों की प्रसन्नता के लिए शिक्षक दिवस समारोह में शामिल हुई। कक्षा की छात्राओं ने अपनी पंसदीदा टीचर डॉ. रेखा को ढेरों उपहार स्वरूप प्रदानकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही उनके साथ सेल्फी क्लिक की।

गौरवशाली भारत को मिली जानकारी में, आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में आयोजित इस विशेष शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में बोर्ड की छात्राओं को परिश्रम सहित पढ़ाई में अच्छे अंक लाने के लिए संकल्प दिलवाया। साथ ही टीचर्स ने छात्राओं को अनुशासन सहित आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। टीचर्स ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि, उनके लिए छात्राओं की प्रगति ही उपहार है।

इस विशेष अवसर पर प्रधानाचार्या रीता वर्मा, संस्कृत प्रवक्ता गीता सोनकर, हिंदी प्रवक्ता सुप्रिया पाण्डेय, कला प्रवक्ता अनिता राव, अंग्रेजी प्रवक्ता प्रतिभा राकेश, संगीत अनुदेशिका दीपा कुमारी एवं समस्त आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज की छात्राओं सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सांवली सूरत पे मोहन दिल दीवाना हो गया




**गाजियाबाद ।** सांस्कृतिक कला संगम समिति, क्रासिंग रिपब्लिक, गाजियाबाद के तत्वावधान में गोल्फ कोर्स ग्राउंड परिसर में सप्ताह पर्यन्त चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा का रहा तृतीय दिवस जिसमें वाचिका व्यास महाराज प्रीति रामानुज जी ने राजा परीक्षित को श्राप, राजा दक्ष के यज्ञ, सती का देह त्याग, राजा हिमालय और रानी मैना के घर पार्वती का जन्म और भगवान शिव से विवाह, श्री विष्णु जी का हंसावतार एवं वामन अवतार की कथा विभिन्न दृष्टांतों के साथ सुनाई। भागवत कथा के बीच-बीच में मुख्य प्रसंगों एवं दृष्टांतों को उदाहरण सहित समझाया जो महाराज शुकदेव मुनि ने राजा परीक्षित को सुनाया था। शिव-पार्वती के मंगल विवाह एवं श्री विष्णु जी वामन अवतार की कथा व्यास महाराज के मुखारविंद से सुनकर सभी श्रद्धालुओं ने हर्ष एवं आनंद की अनुभूति की। राधे तेरी चरणों की गर धूल जो मिल जाएज्ज, सांवली सूरत पे मोहन, दिल दीवाना हो गया ज्ज, स्वर्ग से आयो है संदेश, बुलाओ आगो राम कोज्ज, तथा अंगना पधारो महारानी, मोरे शारदा भवानीज्ज आदि भजनों का श्रवण कर समस्त श्रद्धालु भक्तिरस में अवगाहन करते रहे ।क्रासिंग्स चित्रांश परिवार की महिला समिति द्वारा व्यास पीठ विराजमान पूज्य प्रीति रामानुज का स्वागत, अभिनंदन कर सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में देवभूमि उत्तराखंड के यज्ञाचार्य पं. सुभाष शास्त्री सहित विप्रगण ने परम पूज्य प्रीति रामानुज का सम्मान किया।क्रासिंगवासियों को घर बैठे कार्यक्रम देखने के लिए वृंदावन की प्रवचन टीवी ने लाइव टेलीकास्ट करते प्रसारण किया जिससे कथा द्विगुणित हो गई।

# इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए जिंदा व्यक्ति की अर्थी निकाली

बड़वानी। मध्यप्रदेश के बड़वानी जिले के राजपुर अनुविभाग के अंतर्गत ओझर कस्बे में कई दिनों से बारिश नहीं होने के चलते इंद्र देवता को प्रसन्न करने के लिए आज जिंदा व्यक्ति की अर्थी निकाली गयी। बड़वानी से करीब 55 किलोमीटर दूर ओझर कस्बे में आज प्रजापति समाज और अन्य समाज के लोगों ने जिंदा व्यक्ति की अर्थी निकाली। नागरिक अर्थी को पूरे कस्बे में घुमा कर शमशान घाट ले गये और वहां इंद्र भगवान से बारिश के लिए प्रार्थना की गयी। नारायण सोनी, जग्गू यादव, सुफ़ा कुरैशी और राजू प्रजापति ने बताया कि वर्षा की लंबी खेंच के चलते फसले सूख रही है और किसान बेहद परेशान है। उन्होंने बताया कि पशुओं के लिए भी पानी का संकट बना हुआ है और यही स्थिति रही तो भविष्य में मनुष्यों के लिए भी पेयजल संकट पैदा होगा।

इसके अलावा क्षेत्र में बारिश को लेकर चिंता में डूबे नागरिक शिवजी को भी पानी में डुबो रहे हैं तो कहीं सुंदरकांड रामायण के पाठ आयोजित कर बारिश की कामना कर रहे हैं।

आज शाम ओझर स्थित पुलिस चौकी पर ग्राम टकली ,कुकड़िया बेड़ा, सोलियापुरा कवचापुरा व ओझर के किसानों ने नागलवाड़ी उद्वहन परियोजना का पानी नालों में छोड़े जाने के लिए जमकर प्रदर्शन कर आत्मदाह की चेतावनी दी। इस परियोजना का हाल ही में मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया था। इस मामले में नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के अनुविभागीय अधिकारी मनोहर पटेल ने बताया कि नियमानुसार नवंबर से फरवरी तक रबी फसलों के लिए पानी दिए जाने का प्रावधान है।

भारतीय किसान संघ के बैनर तले कल बड़वानी ठीकरी और राजपुर के विद्युत वितरण कंपनी के दफ्तरों के समक्ष कम से कम 10 घंटे बिजली दिए जाने को लेकर प्रदर्शन किया गया।